CMYK

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 56 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 10 रबीउल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बरेली बवाल: रडार पर आरोपियों के मकान, इंटरनेट बैन दो दिन और बढ़ा पेज 2



बुमराह भारत में सबसे तेजी से 50 विकेट पूरे करने वाले भारतीय बने खेल टाइम्स




राहुल की कोलंबिया यात्रा से चीन तक सम्पादकीय



अमेरिका में साढ़े सात लाख कर्मचारी छुट्टी पर भेजे गए पेज 12

# राज्य पाठ्यक्रम लागू करने वाले मदरसों को ही मिलेगी मान्यता: धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर/देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने देवभूमि का धार्मिक और सनातन स्वरूप बचाने के साथ ही यहां संस्कृति के संरक्षण और धर्म आधारित परम्पराओं की सुरक्षा के लिए कई सख्त फैसले लिए हैं। इनमें लैंड, लव और थूक जिहाद पर अंकुश लगाने के साथ ही सीएए और दंगा निरोधी कानून को लागू करना भी शामिल है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को पृथक राज्य आंदोलन के दौरान हुए रामपुर तिराहा कांड की 31वीं बरसी पर मुजफ्फरनगर स्थित रामपुर तिराहा शहीद स्मारक पर उत्तराखंड आंदोलन के बलिदानियों को श्रद्धांजलि देते हुए नमन



किया और उत्तराखंड आंदोलन के बलिदानियों को याद करते हुए कहा कि राज्य आन्दोलन कारियों के बलिदान से ही उत्तराखंड राज्य का निर्माण संभव हो सका है। इन शहीदों ने भविष्य बनाने के लिए अपना वर्तमान बलिदान कर दिया।

- **उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा: संस्कृति के संरक्षण और धर्म आधारित परम्पराओं की सुरक्षा के लिए कई सख्त फैसले लिए**

हमारी सरकार आंदोलनकारियों और शहीदों के परिजनों के कल्याण के लिए निरंतर संकल्पित है तथा उनके हितों और सम्मान की रक्षा के लिए हर संभव कार्य कर रही है। इन आंदोलनकारियों के अदम्य साहस, बलिदान और संघर्ष के परिणामस्वरूप ही उत्तराखंड के रूप में पृथक राज्य का गठन संभव हुआ। इस राज्य की नींव में इन शहीदों के रक्त की आहुति शामिल है। हमारी सरकार अमर शहीदों के सपनों के अनुरूप प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लैंड, लव और थूक जिहाद पर अंकुश लगाने के साथ ही सीएए और दंगा निरोधी कानून को लागू करना इसके तहत हरी चादर बिछाकर मजार बनाकर सरकारी भूमि को कब्जाने वाले लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई और लैंड जिहाद के खिलाफ चले इस अभियान में सरकार ने अभी तक 9 हजार एकड़ भूमि को लैंड जिहादियों से मुक्त कराया। इस कार्रवाई में सरकारी भूमि पर बने 550 मजारों और दो मस्जिदों को हटाया गया। दंगा निरोधी कानून बनाकर दंगाइयों से ही नुकसान की भरपाई की व्यवस्था कराई है। मदरसा बोर्ड की कबिलाई संस्कृति वाली शिक्षा को हटाने के लिए बोर्ड को -शेष पृष्ठ दो पर



**नई दिल्ली। पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर विजय घाट पर श्रद्धांजलि अर्पित की।**

## छत्तीसगढ़-बिहार में बिजली गिरने से 7 मरे व यूपी-एमपी में भी एक-एक की जान गई

**नई दिल्ली।** देश में मानसून सीजन 30 सितम्बर को खत्म हो गया, लेकिन कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। छत्तीसगढ़ में बारिश और बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। राज्य के 28 जिलों में गुरुवार से अगले 3 दिनों तक तेज बारिश का अलर्ट है। बिहार के बक्सर और नवादा जिले में बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। राज्य के 35 जिलों में भारी बारिश के साथ तेज हवाएं और बिजली गिरने की आशंका है। राज्य में 7 अक्टूबर तक बारिश का दौर जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश के 36 जिलों में भी बारिश का अलर्ट है। जालौन में बारिश और बिजली गिरने से 100 साल पुराना शिव मंदिर ढह गया। बिजली की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के पन्ना में एक व्यक्ति की बिजली गिरने से मौत हो गई।

## लेह हिंसा मामले में गिरफ्तार 26 लोगों को अंतरिम जमानत

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में हाल में हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार किए गए बिहार के दो प्रवासियों सहित 26 लोगों को लेह की एक स्थानीय अदालत ने अंतरिम जमानत दे दी है। गौरतलब है कि अधिक स्वायत्तता और राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर लेह में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद पुलिस ने लगभग 50 लोगों को गिरफ्तार किया था। प्रदर्शन के दौरान हिंसक झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा घायल हुए थे। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में भूख हड़ताल के 15वें दिन यह झड़पें हुई थी। श्री वांगचुक पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मामला दर्ज कर उन्हें राजस्थान की जोधपुर जेल भेज दिया गया था, जिन्हें अदालत ने ज़मानत दे दी।

## लेह हिंसा की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

**श्रीनगर।** लद्दाख प्रशासन ने 24 सितम्बर को लेह में हुई हिंसा की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि इस हिंसा में चार लोग मारे गए थे और सौ से ज्यादा लोग घायल हुए थे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि लेह के जिलाधिकारी ने उप-जिलाधिकारी नुबरा मुकुल बेनीवाल को उन परिस्थितियों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी है, जिनके कारण कानून-व्यवस्था बिगड़ी और पुलिस कार्रवाई करनी पड़ी। इस जांच रिपोर्ट को चार हफ्तों में सौंपने का आदेश दिया गया है।

# पाक ने किया दुस्साहस, तो मिलेगा मुंहतोड़ जवाब: राजनाथ

## विजयदशमी पर रक्षा मंत्री की पाकिस्तान को चेतावनी

कच्छ (गुजरात), वार्ता

**यदि पाकिस्तान** की ओर से सर क्रीक क्षेत्र में कोई भी दुस्साहस किया गया, तो उसे ऐसा निर्णायक जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विजयदशमी के अवसर पर गुजरात के कच्छ में शस्त्र पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद भारतीय सेना को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है, लेकिन सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई जारी रहेगी। भारत न केवल शस्त्रों की पूजा करता है, बल्कि समय आने पर उनका प्रयोग करना भी जानता है। दशहरा के अवसर पर शस्त्र पूजा से पहले गुजरात के भुज स्थित एक सैन्य अड्डे पर सैनिकों के एक समूह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि शस्त्रों के प्रति समर्पण आसुरी शक्तियों पर दैवी शक्ति की विजय की महानता को दर्शाता है।



- **पाकिस्तान की नीयत में खोट है: रक्षा मंत्री**
- **बोले: भारतीय सेना जब चाहे और जहां चाहे पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा सकती है**

### राजनाथ सिंह ने की एल-70 एयर डिफेंस गन की पूजा

**कच्छ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दशहरे पर भुज में एक मिलिट्री बेस का दौरा किया। यहां एल-70 गन डिफेंस सिस्टम समेत शस्त्र पूजा से पहले सैनिकों को संबोधित किया। इस गन का इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर में किया गया था। एल-70 गन एक मिनट में 300 गोले दागती है। 3,500 मीटर तक टारगेट कर सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने में एल-70 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान राजनाथ सिंह ने सर क्रीक इलाके में सीमा विवाद को लेकर पाकिस्तान को चेतावनी दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी सर क्रीक में सीमा को लेकर विवाद खड़ा किया जाता है। भारत ने कई बार बातचीत के जरिये इसे सुलझाने की कोशिश की है, लेकिन पाकिस्तान की नीयत में खोट है, उसकी नीयत साफ नहीं है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जिस तरह से हाल में पाकिस्तान ने सर क्रीक से सटे इलाकों में अपना मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया है, वह उसकी नीयत बताता है।

# लोकतंत्र पर हमला भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा: राहुल गांधी

कोलंबिया, वार्ता

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दक्षिणी अमेरिकी राज्य कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत के सामने सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हो रहे हमले का है। उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को लोकतंत्र की जरूरत है, लेकिन वर्तमान समय में यह व्यवस्था सभी तरफ से दबाव और हमले झेल रही है।

इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं है। चीन एक केंद्रीकृत और एकरूप प्रणाली पर चलता है। भारत विकेंद्रीकृत है, यहां कई भाषाएं, धर्म और परंपराएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत का सिस्टम बहुत जटिल है। हमारी ताकत इसी विविधता में है। हम चीन की तरह लोगों को दबाकर तानाशाही नहीं चला सकते। भारत का ढांचा लोकतांत्रिक है और इसे वही तरीका चाहिए, जिसमें सबको जगह और सम्मान मिले। राहुल गांधी ने कहा कि भारत एक संवाद है, जहां अलग-अलग धर्म, विचार और परंपराएं साथ रहती हैं। लोकतंत्र इन सभी को जगह देता है। आज इसी व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला हो रहा है। उन्होंने चेताया कि अगर अलग-अलग भाषाओं, धर्मों और परंपराओं को दबाया गया, तो देश में दरारें गहरी होंगी। कांग्रेस नेता ने इतिहास का उदाहरण देते हुए कहा कि सुपरपावर बनने का सफर ऊर्जा परिवर्तन से जुड़ा होता है।




### विदेश में देश की छवि खराब करना राहुल की आदत

**नई दिल्ली।** भाजपा नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत की छवि खराब करते हैं और लोकतंत्र की आलोचना का अवसर पाकर देश को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बदनाम कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने फिर से विदेशी मंच पर भारत को अपमानित किया। उन्होंने कहा कि लंदन में लोकतंत्र की बदनाम, अमेरिका में संस्थानों का मजाक बनाने के बाद अब कोलंबिया में राहुल गांधी ने भारत की छवि को वैश्विक स्तर पर ठेस पहुंचाई।

## निर्भरता भारत की मजबूरी न बने

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम हमले में आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या की। हमारी सरकार और सेना ने इसका जवाब दिया।

इस घटना से हमें दोस्त और दुश्मन का पता चला। उन्होंने कहा कि हमें अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में समझ रखनी होगी। पहलगाम घटना हमें सिखा गई कि भले ही हम सभी के साथ दोस्ती का भाव रखते हैं और रखेंगे, लेकिन हमें अपनी सुरक्षा के प्रति और अधिक सजग, समर्थ रहना पड़ेगा। आरएसएस प्रमुख ने यह बात गुरुवार को नागपुर में विजयदशमी पर संगठन के शताब्दी समारोह में कही।

- **भागवत ने कहा: पहलगाम हमले से दोस्त व दुश्मनों का पता चला**

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया रावण दहन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला मैदान पर श्री धार्मिक लीला समिति द्वारा आयोजित विजयदशमी उत्सव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल हुई। राष्ट्रपति ने प्रतीकात्मक रूप से तीर चलाकर रावण के पुतले का दहन किया।

उन्होंने कहा कि मानवता अच्छाई की जीत से फलती-फूलती है और भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के



रावण पर मानवता की विजय का प्रतीक है। जब आतंकवाद का दानव मानव जाति पर आक्रमण करता है, तो उसका वध करना आवश्यक हो जाता है। भारतीय सेना द्वारा किया गया ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के रावण पर मानवता की विजय का प्रतीक है।

- **दिल्ली में बारिश के चलते पीएम मोदी का कार्यक्रम रद्द**

## दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश से बदला मौसम

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत एनसीआर में गुरुवार शाम को अचानक से मौसम बदल गया। सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए हुए थे। दोपहर होते-होते दिल्ली के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। वहीं शाम को अचानक से दिल्ली, नोएडा में झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश का असर दुर्गा मां के विसर्जन स्थलों पर भी दिखा है। बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी। राजधानी में 4 अक्टूबर से नया तीव्र पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# भारत-यूरोप के चार देशों में फ्री ट्रेड समझौता लागू

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोप के चार देशों (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन) के समूह ईएफटीए के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) बुधवार से लागू हो गया।

यह भारत का इन चार विकसित यूरोपीय देशों के साथ पहला एफटीए है। समझौते की खास बात यह है कि इसमें पहली बार निवेश और रोजगार से जुड़ी बाध्यकारी प्रतिबद्धता शामिल है। यानी ये चारों देश अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर (करीब 8.86 लाख करोड़ रुपये) निवेश करेंगे। इससे प्रत्यक्ष रूप से करीब 10 लाख नौकरियां पैदा होंगी। ईएफटीए ने देश के 99.6 फीसदी निर्यात (92 फीसदी टैरिफ लाइनों) पर शुल्क छूट दी है। भारत ने भी 82.7 फीसदी टैरिफ लाइनों पर रियायतें दीं। हालांकि फार्मा, मेडिकल डिवाइसेज, प्रोसेस्ड फूड, डेयरी, सोया, कोल और कुछ कृषि उत्पादों जैसे संवेदनशील सेक्टर को इस समझौते में सुरक्षा दी गई है। गोल्ड पर कोई बदलाव नहीं होगा, क्योंकि भारत का 80 फीसदी से ज्यादा ईएफटीए से इंपोर्ट गोल्ड का ही होता है। आईटी, शिक्षा, बिजनेस सेवाएं और ऑडियो-विजुअल सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा। नर्सिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंसी और आर्किटेक्चर जैसे क्षेत्रों में समझौते से भारतीय पेशेवरों को नए अवसर मिलेंगे। आयात पर लगने वाले शुल्क (टैरिफ) घटने से कई यूरोपीय उत्पाद भारतीय बाजार में सस्ते मिलेंगे। भारत में स्विट्जरलैंड की वाइन, चॉकलेट, कपड़े, बिस्किट, अंगूर, ड्राई फ्रूट्स, सब्जियां, कॉफी और घड़ियों जैसे कई प्रोडक्ट सस्ते हो जाएंगे।



- **15 साल में मिलेंगे 10 लाख जॉब, नौ लाख करोड़ का होगा निवेश, सब्जियां-कपड़े सस्ते होंगे**

## संक्षिप्त समाचार

### पति की हत्या में दोषी ब्रिटिश पत्नी को मिली मौत की सजा उम्रकैद में तब्दील

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जनपद के बंडा क्षेत्र के गांव बसंतापुर में नौ साल पहले एनआरआई सुखजीत सिंह की हत्या में दोषी पत्नी रमनदीप कौर को मिली मौत की सजा इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास में तब्दील कर दी है। वहीं पत्नी के प्रेमी गुरप्रीत को सुनाई गई उम्रकैद को बरकरार रखा है। रमनदीप कौर और गुरप्रीत सिंह की ओर से शाहजहांपुर के ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए अपील की गई थी। इस अपील पर न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह, न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की खंडपीठ ने फैसला सुनाते कहा कि वक्त अदालत को कल्पना और पूर्वाग्रह से दूर रहना चाहिए, ताकि फैसला तर्कसंगत हो। सुखजीत ने जालंधर की मूल निवासी और इंग्लैंड के डर्बी शहर निवासी रमनदीप कौर से सन 2000 में शादी की थी।

### राष्ट्रपति मोदी समेत विभिन्न नेताओं ने दी गांधी को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई अन्य नेताओं ने गुरुवार को गांधी जयंती के अवसर पर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्रीमती मुर्मू, राधाकृष्णन और मोदी सहित कई अन्य नेता महात्मा गांधी की समाधि स्थल राजघाट पहुंचे और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति राजघाट पर महात्मा गांधी की 156वीं जयंती के अवसर पर आयोजि सर्व धर्म प्रार्थना में भी शामिल हुईं। इससे पहले मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, गांधी जयंती, प्रिय बापू के असाधारण जीवन को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिनके आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी।

# पीलीभीत में बुखार का कहर, चार की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** पीलीभीत जनपद के बीसलपुर कोतवाली के गांव रसिया खानपुर में एक सप्ताह से बुखार का प्रकोप फैला हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में बुखार से चार लोगों की जान जा चुकी है। 100 से अधिक ग्रामीण बुखार की चपेट में हैं।

डेंगू की बात भी कही जा रही है। आरोप है कि जानकारी के बाद भी स्वास्थ्य टीम अब तक गांव नहीं पहुंची है। गांव के नाजिम हुसैन चिश्ती ने बताया कि उनके चाचा इज़रातुल्ला चिश्ती (65 वर्ष) पांच दिन पूर्व तेज बुखार की चपेट में आ गए थे। उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। इसी गांव के शौकत हुसैन ने बताया कि उनकी बहन तसर्रुम (18) चार दिन पूर्व तेज बुखार की चपेट में आ गई थी। उसे भी बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार दोपहर उसकी मौत हो गई। गांव निवासी जान मोहम्मद का 20 दिन का बेटा भी काल के गाल समा गया। परिजन के मुताबिक उसे भी बुखार था। रामआसरे की पत्नी सुनीता (47 वर्ष) की भी बुखार से मौत हो गई। पूर्व प्रधान ने बताया कि गांव के 100 से अधिक लोग बुखार की चपेट में है। हर घर में मरीज है। कुछ मरीजों का उपचार बीसलपुर और कुछ का बरेली के निजी अस्पतालों में चल रहा है।

### अपहरण के मामलों में गाजियाबाद और कानपुर से आगे निकला लखनऊ

**लखनऊ।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ने राजधानी में वर्ष 2023 में अपराध के आंकड़े जारी किए हैं। इसमें देश के 19 मेट्रोपोलिटन शहरों में यूपी के तीन शहर शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक राजधानी में गाजियाबाद और कानपुर से ज्यादा अपहरण के मामले दर्ज किए गए हैं, जो लखनऊ में अपराध की स्थिति बताने के लिए काफी है। खास बात यह है कि लखनऊ हत्या, लूट, दुष्कर्म के अलावा अपहरण जैसे संगीन मामले में भी गाजियाबाद और कानपुर से बहुत आगे है। आंकड़ों के मुताबिक राजधानी में गाजियाबाद से 20 गुणा से भी ज्यादा मामले दर्ज किए गए। वहीं, कानपुर से दोगुना मामले सामने आए। इन आंकड़ों ने राजधानी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बापू-शास्त्री के सपने साकार कर रही डबल इंजन सरकार

लखनऊ, वार्ता



■ जयंती पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने योगदान को किया याद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरखनाथ मंदिर में दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पार्चन करने के बाद मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और राष्ट्रहित में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार बापू और शास्त्री के सपनों को साकार कर रही है।

सीएम योगी ने कहा कि विदेशी हुकूमत की जड़ों को उखाड़ फेंकने के लिए सत्य व अहिंसा के मार्ग का अनुसरण करने के साथ स्वदेशी देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधने का आलंबन बनी। बापू के सपनों को साकार करने को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी देश और दुनिया के लिए मॉडल बन रही है। स्वदेशी से ही जुड़ी उत्तर प्रदेश सरकार की ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) योजना सफलता की नई ऊंचाई को छू रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी केवल खादी तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्तमान समय में भारत की दिनचर्या का हिस्सा बन रही है। पीएम मोदी के उद्घोष के अनुरूप स्वदेशी भारत में चिप से लेकर शिप तक आत्मनिर्भरता की गारंटी बन रही है।

### आज भारत का ब्रांड है स्वच्छता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महात्मा गांधी को स्वच्छता सर्वाधिक पसंद थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के जरिए स्वच्छता को एक नई ऊंचाई दी है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं। इससे नारी गरिमा को सम्मान मिला है, साथ ही बीमारियों से बचाव और लोगों को लोगों की आर्थिक बचत भी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वच्छता हमारी पहचान और भारत का ब्रांड है।

### दीपावली के पूर्व हर जिले में स्वदेशी मेला

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वदेशी को और बढ़ावा देने के लिए उन्होंने दीपावली के पूर्व प्रदेश के प्रत्येक जनपद में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर स्वदेशी मेला आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आज से प्रदेश में खादी वस्तुओं के क्रय पर 25 प्रतिशत छूट का भी शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए खादी व अन्य स्वदेशी वस्तुओं का उपहार दीपावली में दें।

## बरेली बवाल: रडार पर आरोपियों के मकान

# मार्केट-बारातघर व सौ संपत्तियां चिन्हित

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ तौकीर रजा खां को शरण देने के आरोपी फरहत का घर किया जाएगा सील

**बरेली।** बरेली में बवाल के आरोपियों के मकान, मार्केट व बरातघर जिला प्रशासन के रडार पर हैं। अधिकारी उनका रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) मानचित्र के विपरीत कराए गए निर्माण को चिह्नित कर रहा है। दशहरे के बाद उनको सील किया जा सकता है। अब तक गिरफ्तार हुए 82 आरोपियों और उनकी सौ से अधिक संपत्तियों की सूची अधिकारियों के पास है। इसी सूची के आधार पर आरोपियों के आवासीय भवन, मार्केट और बरातघर आदि की लोकेशन खंगाली जा रही है।

पुलिस से मिली सूची के आधार पर बीडीए ने आरोपियों और उनके मददगारों की सौ से अधिक संपत्तियों को चिन्हित किया है। मौके पर कराए गए निर्माण का मानचित्र से मिलान कराया जाएगा। मानचित्र की शर्तों का उल्लंघन या कोई अन्य कमी पाए जाने पर पहले स्थल को सील करेंगे, फिर नोटिस देकर संबंधित का पक्ष सुनेंगे। अवैध निर्माण की पुष्टि हुई, तो बीडीए उसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर सकेगा। कुछ भवनों पर नोटिस चस्पा किए हैं। कुछ भवन ऐसे भी हैं, जो बिना नक्शा पास कराए बना दिए गए। बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ये पहले ही कह चुके हैं कि बवाल के आरोपियों पर बीडीए ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके लिए डिटेल स्टडी की जा रही है। विधिक पक्ष का भी आकलन किया जा रहा है। मौलाना तौकीर रजा खां को शरण देने के आरोप में जेल गए फरहत खां का फाइक एन्क्लेव स्थित तीन मंजिला मकान शुक्रवार को बीडीए सील करेगा। इससे पहले फरहत के परिजनों को मकान खाली करना होगा। बारादरी थाने की पुलिस ने बीडीए का नोटिस फरहत की पत्नी खुशनसीब को सौंपा है। बीडीए के सक्षम प्राधिकारी की ओर से फाइक एन्क्लेव निवासी फरहत खां के नाम जारी नोटिस में लिखा है कि 120 वर्गमीटर जमीन पर अवैध रूप से तीन मंजिला भवन का निर्माण किया गया है। इसके विरुद्ध नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के तहत कार्रवाई करते हुए 30 सितम्बर को वाद दायर किया गया है। अधिनियम के तहत भवन को तीन अक्तूबर तक सील किया जाना प्रस्तावित है। इसलिए तीन अक्तूबर से पहले भवन को खाली कर दें। घर पर मिली फरहत की बहू शाहीन का दावा है कि उनकी सास खुशनसीब की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें बेटी फिजा के साथ रिश्तेदारी में भेज दिया गया है। हमारा मकान अभी का नहीं है।

### बरेली में इंटरनेट बैन दो दिन और बढ़ाया चार जिलों में पुलिस बल तैनात

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली मंडल के चार जिलों में दशहरा के मद्देनजर गुरुवार को पुलिस, पीएसी और आरएएफ के जवान सड़कों पर तैनात किए गए हैं। निगरानी के लिए ड्रोन हवा में उड़ान भर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने बरेली में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद करने का भी आदेश दिया है। जिले में मोबाइल इंटरनेट, ब्राडबैंड और एसएमएस सेवाएं 2 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से 4 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक बंद रहेंगी।

# पद्मविभूषण पं. छन्नूलाल मिश्र का निधन

मिर्जापुर/वाराणसी।



■ काशी के घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

प्रख्यात शास्त्रीय गायक और पद्मविभूषण से सम्मानित पं. छन्नूलाल मिश्र का गुरुवार को लंबी बीमारी के बाद मिर्जापुर मएं निधन हो गया। वह अपनी बेटी नम्रता मिश्र के साथ मिर्जापुर स्थित आवास पर रह रहे थे। नम्रता मिश्र ने बताया कि अंतिम संस्कार गुरुवार शाम को काशी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया।

पं. मिश्र पिछले कई महीनों से अस्वस्थ थे। 11 सितम्बर को उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें मिर्जापुर के एक अस्पताल मएं भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बीएचयू रेफर किया। 13 से 27 सितम्बर तक बीएचयू में उनका इलाज चला। स्वास्थ्य में सुधार के बाद उन्हें मिर्जापुर लाया गया था। बीएचयू की मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार पं. मिश्र टाइप-2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और फेफड़ों के संक्रमण सहित कई बीमारियों से पीड़ित थे। पं. छन्नूलाल मिश्र का जन्म 3 अगस्त 1936 को आजमगढ़ के हरिहरपुर गांव में हुआ था। उनके दादा गुदई महराज प्रख्यात तबला वादक थे, जबकि पिता बद्री प्रसाद मिश्र संगीत के विद्वान थे। पं. मिश्र ने अपने पिता और उस्ताद अब्दुल गनी से संगीत की शिक्षा प्राप्त की थी। वह ख्याल, ठुमरी, दादरा, चैती, कजरी और भजन गायन के लिए विख्यात थे। उनका होली गीत 'खेले मसाने में होली' विशेष रूप से लोकप्रिय रहा।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 80956.01 | निफ्टी 24782.70

सोना रु. 117332 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 161000 प्रति किलो



# एटीएम-डेबिट कार्ड के लिए वार्षिक शुल्क नहीं

मुंबई, वार्ता





भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बुनियादी बचत बैंक जमा (बीएसबीडी) खातों के लिए नए निर्देश जारी करेगा, जिसमें एटीएम-डेबिट कार्ड पर वार्षिक शुल्क समाप्त करने की भी योजना है।

केंद्रीय बैंक ने निर्देश का प्रारूप अपनी वेबसाइट पर साझा किया है और इस पर आम लोगों तथा अन्य हितधारकों से राय मांगी है। इसमें कहा गया है कि सभी बैंकों के लिए बुनियादी बचत बैंक जमा खाते की सुविधा देना जरूरी होगा और इसे सामान्य बैंकिंग सेवा माना जाएगा, जो सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी। इसके साथ ही आरबीआई ने इन खातों पर कुछ सुविधाओं की सूची भी जारी की है, जो बिना किसी शुल्क के और बिना न्यूनतम बैलेंस की अर्हता के उपलब्ध कराई जानी चाहिए। आरबीआई ने कहा है कि इन खातों पर एक महीने एटीएम, कैश डिपॉजिट मशीन और डिजिटल माध्यमों से लेनदेन की पूरी सुविधा होनी चाहिए। ग्राहक जितनी बार और जितना पैसा चाहे जमा करा सकता है, उस पर कोई सीमा नहीं होगी। एटीएम कार्ड और डेबिट कार्ड की सुविधा भी निःशुल्क होगी और बैंक एटीएम-डेबिट कार्ड पर कोई वार्षिक शुल्क या कार्ड जारी करते समय या रिन्यू करते समय कोई शुल्क नहीं लेंगे। इसके अलावा हर साल कम से कम 25 चेक लीफ वाला चेकबुक भी निःशुल्क जारी किया जाएगा। इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग की सुविधा भी बिल्कुल मुफ्त होगी। ग्राहक की मर्जी के अनुरूप पासबुक और मासिक लेखाजोखा भी बिना किसी शुल्क के प्रिंटेट या डिजिटल स्वरूप में निःशुल्क देना होगा। हर महीने कम से कम चार बार पैसे निकालने (ट्रांसफर के जरिये या एटीएम से) की सुविधा भी निःशुल्क होगी। इसमें डिजिटल माध्यम से किए गए लेनदेन जैसे एनईएफटी, आरटीजीएस, यूपीआई, आईएमपीएस आदि शामिल नहीं होंगे। साथ ही प्रारूप निर्देश में यह भी कहा गया है कि बैंक बीएसबीडी खाता खोलते समय उसमें कुछ राशि जमा कराने के लिए ग्राहक पर दबाव नहीं डालेंगे। बैंकों को खाता खोलने के लिए आने वाले लोगों को इन खातों के बारे में जागरूक करना होगा और अन्य बचत खातों तथा इनमें अंतर के बारे में बताना होगा। कोई ग्राहक अपने मौजूदा बचत खाते को शाखा में या ऑनलाइन आवेदन देकर बुनियादी बचत बैंक जमा खाते में बदलवा सकेगा, हालांकि ऐसा करने के बाद उसे उस बैंक में अपने अन्य बचत खातों को 30 दिन के अंदर बंद कराना होगा।

### दशहरा पर सोने-चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** गुरुवार दशहरा के अवसर पर सोना-चांदी की कीमतों में भारी उथल-पुथल देखने को मिली। देश की राजधानी दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,920 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी का भाव प्रति किलोग्राम 161,000 रुपये के भाव से करोबार कर रहा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सोने-चांदी की कीमतों में गुरुवार सुबह मामूली बढ़ोतरी देखी गई। 24 कैरेट सोने का भाव 1,17,332 प्रति दस ग्राम दर्ज किया गया। दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,19,400, मुंबई में 1,19,250, चेन्नई में 1,18,690, कोलकाता में 1,19,250, अमृतसर में 1,19,400, लखनऊ में 1,19,400 और जयपुर में 1,19,400 रुपये दर्ज किया गया। चांदी के भाव की बात करें तो नई दिल्ली में 1,55,591 रुपये प्रति किलो, मुंबई में 1,50,900, कोलकाता में 1,51,100 और चेन्नई में 1,61,100 रुपये प्रति किलो रहा। सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं।

# चावल नरम, गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़, चीनी और दालों के भाव बढ़े



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव टूट गए, जबकि गेहूं की कीमतों में तेजी रही। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। चीनी और दालों के दाम बढ़ गए।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसम्बर वायदा 62 रिंगिट की बढ़त के साथ 4,450 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.57 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 31 रुपये टूटकर 3,792.50 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव 36 रुपये बढ़कर 2,868.24 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी 52 रुपये बढ़े और यह 3,347.46 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 30 रुपये टूट गई। सूरजमुखी तेल 21 रुपये महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 93 रुपये और पाम ऑयल की 152 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति के दाम 207 रुपये और मूंगफली तेल के 120 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत 92 रुपये और उड़द दाल की 90 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 62 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में 24 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। चना दाल भी नौ रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 91 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी का भाव भी 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7906.25 रुपये, मसूर काली 8172.79 रुपये, मूंग दाल 10155.41 रुपये, उड़द दाल 10501.61 रुपये, अरहर दाल 10574.97 रुपये प्रति क्विंटल।

# गांधी ने आरएसएस को कहा था 'सर्वसत्तावादी नजरिया रखने वाला सांप्रदायिक' संगठन: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि महात्मा गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को सर्वसत्तावादी दृष्टिकोण रखने वाला एक 'सांप्रदायिक' संगठन बताया था और उनके इस कथन के पांच महीने बाद, तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था।


कांग्रेस महासचिव तथा संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि गांधीजी, आरएसएस को 'सत्तावादी सांप्रदायिक संगठन' कहा करते थे। रमेश ने इसके लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निजी सचिव रहे प्यारेलाल की सन 1956 मएं लिखी एक पुस्तक 'महात्मा गांधी: द लास्ट फेज' का हवाला भी दिया। रमेश ने कहा कि इस किताब के दूसरे खंड के पृष्ठ 440 पर प्यारेलाल ने, महात्मा गांधी और उनके एक सहयोगी के बीच हुई बातचीत का उल्लेख किया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**राज्य पाठ्यक्रम....** समाप्त किया और 250 से ज्यादा अवैध मदरसे बंद कराए गए। अब एक जुलाई 2026 से हमारी सरकार उत्तराखंड में केवल उन्हीं मदरसों को मान्यता देने का काम करेगी, जो सरकार द्वारा निर्धारित राज्य शिक्षा नीति में स्वीकृत पाठयक्रम को अपने यहां पर लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि शहीदों के प्रति हमारी सरकार कृतज्ञ है। राज्य आंदोलनकारियों और शहीद परिवारों के हितों के लिए सरकार ने बड़े काम किए हैं। सरकारी नौकरियों में आरक्षण, मासिक पेंशन, बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क यात्रा व्यवस्था, इन परिवारों की तलाकशुदा और विधवा बेटियों को भी सरकारी नौकरी हमारी सरकार दे रही है। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के धर्म व संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई एवं पंचायती राज विभाग के मंत्री सतपाल महाराज, यूपी सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, विधायक खानपुर उमेश कुमार, विधायक झबरेड़ा विरेन्द्र जाति, रुड़की नगर निगम के मेयर ललित मोहन अग्रवाल, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र अणथवाल, राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद् के अध्यक्ष सुभाष बड़थवाल, उत्तराखंड संस्कृति एवं साहित्य कला परिषद् की उपाध्यक्ष मधु भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. सुधीर सैनी, संस्कृति सचिव योगेन्द्र किशोर पन्त, राज्य आंदोलनकारी कमला भमोला, रिषीप्रकाश काला, त्रिलोक भट्ट, पूर्व विधायक अशोक कंसल सहित भाजपा से जुड़े उत्तराखंड और यूपी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हर परिवार सालाना पांच हजार रुपये का खादी का सामान खरीदे: शाह

नई दिल्ली, वार्ता



■ गृहमंत्री ने गांधी जयंती पर खादी महोत्सव 2025 की शुरुआत की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वदेशी को बढ़ावा देने और साल 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर परिवार से हर साल 5,000 रुपये का खादी का सामान खरीदने की अपील की है।

शाह ने यहां खादी ग्रामोद्योग भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को खादी महोत्सव 2025 की शुरुआत करने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के अभियान में कई ऐसे विचारों को चुना, जो भविष्य के भारत का नक्शा तैयार करने में महत्वपूर्ण साबित हुए। उसी मएं दो बड़े विचार स्वदेशी और खादी थे। दोनों को आजादी की लड़ाई से अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय तक इन दोनों विचारों को भुला दिया गया था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा कि इन दोनाएं अभियानों को सफल करने के लिए मैं आज देश की जनता से अपील करता हूं कि हर परिवार कम से कम 5,000 रुपये का खादी (का सामान) सालान खरीदे।

चाहे आप चादर या तकिये का खोल ले लीजिये, चाहे पर्दे या तौलिये। ये चीजें जब आप खरीदते हैं, तो आप किसी के लिए रोजगार का कारण बनते हैं। और जब आप स्वदेशी का व्रत अपनाते हैं, तो 2047 तक भारत को दुनिया में सर्वोच्च स्थान तक ले जाने के लिए एक महत्वाकांक्षी अभियान के साथ अपने-आप को जोड़ते हैं। उन्होंने लोगों से खादी और स्वदेशी के अभियान को ताकत देने तथा अपने स्वभाव का हिस्सा बनाने की अपील की और कहा कि हमें ये दोनों अभियान अगली पीढ़ी को भी देकर जाना चाहिए। खादी महोत्सव के दौरान दो अक्टूबर से पांच नवंबर तक खादी के सभी सामानों पर 20 प्रतिशत और खादी ग्रामोद्योग के तहत बने अन्य सामानों पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रामपुर तिराहा शहीदों को सीएम पुष्कर धामी ने दी श्रद्धांजलि

## शहीद स्थल का होगा री-डेवलपमेंट, संग्रहालय को किया जाएगा भव्य





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर/देहरादून।** रामपुर तिराहा कांड की बरसी पर उत्तराखंड राज्य के लिए अपने बलिदानों की आहुति देने वाले शहीदों को नमन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को शहीद स्थल रामपुर तिराहा, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी शहीदों की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि रामपुर तिराहा शहीद स्थल के री-डेवलपमेंट का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। संग्रहालय को भव्यता प्रदान करने के लिए कार्य किए जाएंगे।इस स्थल पर एक कैंटीन बनाई जाएगी और उत्तराखंड की बसों को ठहरने के लिए स्टॉपेज भी बनाया जाएगा।

**श्रद्धांजलि कार्यक्रम में ये हुए शामिल:** इस अवसर पर उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, कपिल देव, पूर्व सांसद सजीव बालियान, विधायक रूड़की प्रदीप बत्रा, विधायक खानपुर उमेश कुमार, विधायक झबरेड़ा विरेंद्र जाति, दर्जाधारी मधु भट्ट, राजेंद्र अंथवाल, शोभाराम प्रजापति, सचिव युगल किशोर पंत, जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार प्रमेन्द्र डोभाल, राज्य आंदोलनकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### आंदोलनकारियों व आश्रितों के लिए योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे आंदोलनकारियों के त्याग, तपस्या और बलिदान के परिणामस्वरूप ही हमें अलग राज्य मिला।आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के लिए राज्य सरकार ने नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया है। शहीद आंदोलनकारियों के परिवारों के लिए 3000 रुपये मासिक पेंशन की सुविधा प्रारंभ की गई है। साथ ही घायल और जेल गए आंदोलनकारियों को 6000 रुपये तथा सक्रिय आंदोलनकारियों को 4500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। सरकार ने चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों को पहचान पत्र जारी करने के साथ ही 93 आंदोलनकारियों को राजकीय सेवा में सेवायोजित भी किया है। आंदोलनकारियों को सरकारी बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा भी दी जा रही है।

**आंदोलन के इतिहास में सबसे क्रूर अध्याय:** मुख्यमंत्री ने कहा कि 2 अक्टूबर 1994 का रामपुर तिराहा गोलीकांड, उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन के इतिहास में सबसे क्रूर और गहरे घाव देने वाले काले अध्याय के रूप में अंकित रहेगा। आज भी उस बर्बर गोलीकांड और महिलाओं की अस्मिता पर किए गए अमानवीय अत्याचारों को याद करके प्रत्येक उत्तराखंडी की रूह कांप उठती है। जिन पर जनता की रक्षा की जिम्मेदारी थी, उन्होंने ही हिंसा और बर्बरता की सारी हदें पार कर दी थीं। एक शांतिपूर्ण आंदोलन को निर्दयतापूर्वक कुचलने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें सदा याद दिलाता रहेगा कि उत्तराखंड की नींव हमारे शहीदों ने अपने खून से सींची है।

## गांधी ने दिया शांति और एकता का संदेश: मुख्यमंत्री

**देहरादून।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने सत्य, अहिंसा और त्याग के मार्ग से पूरे विश्व को शांति और एकता का संदेश दिया। उनका जीवन दर्शन आज भी समाज को नई दिशा देने वाला है। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से गांधीजी के विचारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांधीजी की प्रेरणा से ही हमें स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और सादगी का संदेश मिलता है, जो राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

# गांधी व शास्त्री जयंती पर मुख्य सचिव ने दिलाई स्वच्छता की शपथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। सचिवालय के अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा भी गांधी जी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य सचिव ने सचिवालय में परिसर में उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों को 'स्वच्छता ही सेवा' शपथ भी दिलायी। इस अवसर पर भारतखंडे संगीत महाविघालय द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन का समवेत गायन किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, नितेश कुमार झा, डॉ. बीवीआरसी पुरूषोत्तम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, डॉ. आर राजेश कुमार, दीपेन्द्र कुमार चौधरी एवं विनोद कुमार सुमन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# कचहरी स्थित शहीद स्मारक पर धामी ने शहीदों को किया नमन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देहरादून।** दो अक्टूबर रामपुर तिराहा कांड की बरसी के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को देहरादून स्थित शहीद स्थल कचहरी परिसर में राज्य आंदोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आन्दोलनकारियों के संघर्ष और बलिदान से ही उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण संभव हो सका है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आन्दोलनकारियों और शहीदों के परिजनों के कल्याण हेतु निरंतर संकल्पित है तथा उनके हितों और सम्मान की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों के सपनों के अनुरूप एक समृद्ध और आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड का निर्माण ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

## जय जवान-जय किसान राष्ट्र स्वाभिमान का नारा: मुख्यमंत्री



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्मरण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी के सत्य व अहिंसा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। हमें अपने आचरण में अहिंसा का भाव जागृत करने के साथ ही मानवता के प्रति करूणा का भाव पैदा करना होगा। यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनका स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा देकर राष्ट्र को स्वाभिमान और एकजुटता के साथ मजबूती से खड़े होने का रास्ता दिखाया।

# बीते एक वर्ष में 60 से अधिक लोगों की मौत



**मौहम्मद शाह नजर**

**देहरादून।** उत्तराखंड में कल (आज) से वन्यजीव सप्ताह की शुरुआत हो रही है। पर्वतीय राज्य की पहचान केवल हिमालय, नदियों और देवस्थलों से ही नहीं, बल्कि यहां के समृद्ध वन्यजीवन से भी है। मगर विगत एक वर्ष में इंसान और जंगली जानवरों के बीच बढ़ते टकराव ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आंकड़े बताते हैं कि मानव-वन्यजीव संघर्ष से न केवल दर्जनों लोगों की जान गई, बल्कि कई बाघ, तेंदुए और हाथी भी मौत के शिकार हुए।

वन विभाग से प्राप्त आंशिक आँकड़ों और समाचार रिपोर्टों के अनुसार बीते एक वर्ष में 60 से अधिक लोगों की मौत जंगली जानवरों के हमलों में हुई। इनमें सबसे अधिक मामले तेंदुए और जंगली हाथियों से जुड़े रहे। ग्रामीण इलाकों में महिलाओं और बच्चों को अक्सर तेंदुए निशाना बनाते रहे, जबकि तराई व हरिद्वार-नजीबाबाद बेल्ट में हाथियों की दहशत बनी रही। हरिद्वार डिवीजन में पिछले 6 दिनों में तीसरे हाथी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत ने सबको चकित कर दिया है। लगातार हाथियों की हो रही मौत के कारण वन विभाग में भी हड़कंप को मचा हुआ है। हाथियों की लगातार एक के बाद एक हो रही मौत को लेकर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन को मौके की स्थिति देखने के निर्देश दिए है, इसके बाद वन विभाग के तमाम अधिकारी भी हरिद्वार डिवीजन पहुंचकर हाथियों की हो रही रहस्यमई मौत को बारीकी से समझने के लिए पहुंचे है।

### आंकड़ों से परे दर्द की कहानियां

संख्याएँ भले ही साठ-सत्तर मौतें दिखा दें, मगर हर मौत अपने पीछे एक अधूरी कहानी छोड़ जाती है। पहाड़ की ढलानों पर बकरियों के लिए चारा लेने गई महिला की चीख हो या खेत की रखवाली करते समय जंगली हाथी से कुचले गए किसान की असमय विदाई, ये घटनाएँ हर बार गाँव-गाँव में डर और असुरक्षा की लकीर खींच देती हैं। पिछले साल केवल इंसान ही नहीं मरे, बल्कि जंगल के प्रहरी भी काल का ग्रास बने। हरिद्वार और आसपास के इलाकों में कम से कम चार हाथियों की मौत बिजली के तारों या संदिग्ध परिस्थितियों में हुई।

## माहरा ने जाना आपदा पीड़ितों का हाल

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के भैंकलीखाला (बादल घाटी) और आस-पास के गाँवों का दौरा कर आपदा पीड़ितों से मुलाकात की। कहा कि आपदा को कई दिन बीत चुके हैं, मगर वहाँ की भयावह स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। दर्जनों घर उजड़ चुके हैं, खेत खलिहान नष्ट हो गए हैं, रास्ते बह गए और कई परिवार बेघर होकर दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।माहरा ने कहा कि सबसे दु:खद यह है कि इतनी बड़ी त्रासदी के बाद भी सरकार और प्रशासन पीड़ितों के साथ खड़ा नजर नहीं आ रहा है। लोग हफ्तों से मदद की प्रतीक्षा कर रहे हैं, मगर उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

# वन्यजीव सप्ताह: जागरूकता के लिए सीएम ने रैली को किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देहरादून।** वन्यजीव सप्ताह का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को राज्य में विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने वन विभाग की बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बाइक रैली वन्यजीव संरक्षण के संदेश का प्रचार-प्रसार करते हुए मुख्य स्थलों घंटाघर, परेड ग्राउंड, सर्वे चौक से होते हुए मालसी जू तक पहुँची। हर वर्ष अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में वन्यजीव सप्ताह मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य वन्यजीवों के संरक्षण तथा उनके प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष वन्यजीव सप्ताह की 74वीं थीम "मानव वन्यजीव सह-अस्तित्व" रखी गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वन और वन्यजीव हमारे पारिस्थितिक तंत्र के महत्वपूर्ण अंग हैं जिनके संरक्षण के बिना जीवन संभव नहीं। मानव और वन्यजीव के बीच सह-अस्तित्व ही प्रकृति की स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण की कुंजी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की हरित विरासत को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी से अपील की कि वे वन्यजीव संरक्षण के इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध पर्यावरण सुनिश्चित करें।

## वन्यजीव फोटोग्राफी प्रदर्शनी भी आयोजित

**देहरादून।** इस वर्ष उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वन्यजीव सप्ताह के दौरान 02 से 08 अक्टूबर तक दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र में वन्यजीव संरक्षण एवं जागरूकता हेतु वन्यजीव फोटोग्राफी प्रदर्शनी भी आयोजित की जा रही है। वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत आगामी दिनांक 03 अक्टूबर को मालसी जू, देहरादून में वन्यजीव संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न जनप्रतिनिधि, पर्यावरण विशेषज्ञ एवं नागरिक भाग लेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव वन आर.के. सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक हॉफ डॉ. समीर सिन्हा, प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक रंजन कुमार मिश्र सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जोशी ने आपदा प्रभावित 13 परिवारों को सौंपे राहत राशि के चेक

## सहस्त्रधारा के दुकानदारों ने भी अपनी समस्याएं कैबिनेट मंत्री के सामने रखीं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को सहस्त्रधारा क्षेत्र का दौरा कर आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर मंत्री जोशी ने पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के स्वामियों को प्रत्येक परिवार रुपये 3.80 लाख की राशि के 12 चौक एव जनहानि के दृष्टिगत एक परिवार को रुपये 01 लाख की धनराशि का चौक वितरित किए।

उन्होंने कहा कि "दशहरा जैसे त्यौहार पर जब लोग अपने घरों में खुशी मना रहे हैं, वहीं आपदा प्रभावित परिवार कठिन परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में मेरा कर्तव्य है कि मैं उनके बीच आकर उन्हें सहयोग और सांत्वना दूं।'' इस दौरान सहस्त्रधारा के दुकानदारों ने भी अपनी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। दुकानदारों ने बताया कि भारी वर्षा के कारण जलस्तर बढ़ने से उनकी दुकानों में पानी घुस गया, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने सरकार से विशेष सहायता अनुदान की मांग की। जोशी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, ग्राम प्रधान राकेश जवाड़ी, बीडीसी सदस्य घनश्याम नेगी, अनुज कौशल, धीरज थापा, सचिन थापा, नारायण सिंह राणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### इन परिवारों को दी गई राहत राशि

कार्लीगाड़ निवासी - लाखीराम, सुरेश सिंह, दिनेश सिंह एवं सम्पत्ति देवी। मझाड़ा निवासी- इतवार सिंह, कृपाल सिंह, सुन्दर सिंह, प्रेम सिंह, सुमेर चन्द्र एवं सुक्की देवी। फुलैत निवासी- मोहन लाल मंमगाई। सेरागांव निवासी - धर्म सिंह एवं विमला देवी।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर श्रद्धासुमन: सादगी अपनाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जनपद देहरादून के कलेक्ट्रेट, विकासभवन समेत विभिन्न सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर रामधुन का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी सविन बंसल ने कैंप कार्यालय में, जबकि अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) जयभारत सिंह ने कलेक्ट्रेट में दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर, अपर जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सादगी के आदर्श आज भी दुनिया को राह दिखा रहे हैं। उन्होंने शास्त्री जी को ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक बताया, जिनका नारा ष्जय जवान, जय किसानष आज भी प्रेरणादायक है।उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से दोनों नेताओं के जीवन से प्रेरणा लेकर निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कार्मिकों सहित सूचना विभाग के अधिकारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

## आईजी गढ़वाल ने दिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश

**देहरादून।** आईजी गढ़वाल पुलिस ऑफिस में पुलिस अधिकारियों के बीच बैठक कर आने वाले त्योहारों को लेकर दिशा-निर्देश दिये।पुलिस ऑफिस मे बैठक के दौरान आईजी ने कहा कि पुलिसकर्मियों को जनता के साथ सौम्य और सहयोगपूर्ण व्यवहार रखखे। त्योहारों के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने और अपराध नियंत्रण के लिए सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। द्यशहर में सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय करने और भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। पर्व के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थानों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# 'ग्रीन दून क्लीन दून' जन जागरूकता दौड़ 2025 आयोजित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून।** ग्रीन दून - क्लीन दूनष का जीवन से गहरा नाता है। ये नारे दून घाटी में एक बार फिर जीवंत हो उठे जब प्रिंसिपल प्रोग्रेसिव स्कूल्स एसोसिएशन के तत्वावधान में देहरादून के इक्कीस स्कूल गुरुवार सुबह ष्ग्रीन दून क्लीन दूनष दौड़ 2025 के लिए पेस्टल वीड स्कूल के मैदान में एकत्रित हुए। इसके अलावा, ग्यारह स्कूलों ने एक स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया।

कार्यक्रम में डॉ. नीलेश आनंद भरणे, आईपीएस, आईजी कुमाऊं क्षेत्र, उत्तराखंड, डॉ. प्रेम कश्यप, अध्यक्ष, प्रिंसिपल्स प्रोग्रेसिव स्कूल्स एसोसिएशन, विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल शम्मी सभरवाल (सेवानिवृत्त), पूर्व जीओसी, सब एरिया, उत्तराखंड, किरण कश्यप, निदेशक, चिल्ड्रन्स अकादमी, देहरादून, राशि कश्यप, शैक्षणिक निदेशक, द पेस्टल वीड स्कूल, सैमुअल जयदीप, प्रधानाचार्य, कैम्ब्रियन हॉल, डॉ. अनीता वर्मा, प्रधानाचार्य, पीडब्ल्यूसीआईटी, विशाल, केसी पब्लिक स्कूल, जतिन सेठी, उप निदेशक , दून डिफेंस अकादमी उपस्थित थे। इस जागरूकता अभियान में द पेस्टल वीड स्कूल, के सी पब्लिक स्कूल, पेस्टल वीड कॉलेज ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, दून इंटरनेशनल सिटी कैंपस, द एशियन स्कूल, सेंट कबीर एकेडमी चिल्ड्रन्स एकेडमी, ग्रीनवुड हिल्स स्कूल, कसिगा स्कूल, इकोले ग्लोबल स्कूल, सनराइज एकेडमी, कैम्ब्रियन हॉल, दून भवानी इंटरनेशनल स्कूल, गुरु नानक एकेडमी, हेरिटेज स्कूल-नॉर्थ कैंपस, यूनिवर्सल एकेडमी, दून इंटरनेशनल स्कूल आदि ने भाग लिया।

# राजभवन में योग-ध्यान केंद्र का शुभारंभ

## योग और ध्यान स्वस्थ जीवन की कुंजी: राज्यपाल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन परिसर में योग-ध्यान केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित उनके परिजनों ने भी भाग लिया।

राज्यपाल ने कहा कि योग और ध्यान स्वस्थ जीवन की कुंजी है और इसे दैनिक जीवनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग से मन, मस्तिष्क और शरीर सभी को संतुलन मिलता है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है, बल्कि यह जीवन को सकारात्मक दिशा देता है।

उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग सभी के लिए आवश्यक है। योग-ध्यान से तनाव, चिंता और अनेक रोगों का समाधान संभव है। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि राजभवन में प्रारम्भ हुए इस योग-ध्यान केंद्र से पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य, संतुलन और सकारात्मकता का संदेश जाएगा। राज्यपाल ने राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से इस केंद्र का लाभ लें और योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। इस अवसर पर राज्यपाल ने इस केंद्र को तैयार कराने वाले विभागीय अधिकारियों एवं संबंधित टीम की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह प्रयास राजभवन परिवार ही नहीं, अपितु पूरे राज्य के लिए प्रेरणा बनेगा। कार्यक्रम के अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल, अपर सचिव विजय कुमार जोगदंडे, आयुष चिकित्साधिकारी पंकज बच्चास एवं पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता दिवाकर धस्माना सहित राजभवन के अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

# नपं केदारनाथ को मिला स्वच्छता पुरस्कार

**■ धाम में स्वच्छता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी: डीएम, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को दिया जाएगा महत्व: कुकरेती**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम को राज्य स्तरीय "स्वच्छता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. यह सम्मान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर पंचायत केदारनाथ को प्रदान किया।

केदारनाथ यात्रा के दौरान प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं, भारी संख्या में आने वाले तीर्थयात्रियों के बीच स्वच्छता बनाए रखना जिला प्रशासन और नगर पंचायत के लिए एक बड़ी चुनौती रहती है। इसी चुनौती को अवसर में बदलते हुए प्रशासन और सफाई कर्मियों ने लगातार मेहनत कर धाम की स्वच्छता व्यवस्था को नए आयाम दिए हैं। धाम में सफाई कार्यों को प्रभावी बनाने के लिए बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती की जाती है. साथ ही जिला प्रशासन की ओर से डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है।. इस प्रणाली के तहत यात्रियों को प्लास्टिक बोतल या उत्पाद खरीदते समय एक निर्धारित राशि जमा करनी होती है। जिसे उपयोग के बाद बोतल या प्लास्टिक उत्पाद वापस करने पर डिजिटल रूप से लौटा दिया जाता है। इस अभिनव प्रणाली से तीर्थयात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इससे प्लास्टिक प्रदूषण पर भी बेहतर नियंत्रण हुआ है। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि यह पुरस्कार पूरे केदारनाथ प्रशासन और सफाई कर्मियों की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि "स्वच्छता केवल एक पुरस्कार पाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर प्रयास है। केदारनाथ जैसे पवित्र धाम में स्वच्छता बनाए रखना हर तीर्थयात्री और कर्मचारी की साझा जिम्मेदारी है। प्रशासन ने हमेशा ही प्रयास किया है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ और पवित्र वातावरण मिले। आगे भी हम धाम को और स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नई तकनीकों और नवीन प्रयोग किए जाएंगे। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य केवल धाम की सुंदरता और पवित्रता बनाए रखना नहीं, बल्कि इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए भी संरक्षित रखना है। नगर पंचायत केदारनाथ के अधिशासी अधिकारी नीरज कुकरेती ने कहा यह उपलब्धि नगर पंचायत की संपूर्ण टीम को समर्पित है। जिसने निरंतर मेहनत कर धाम की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखा. उन्होंने कहा, इस सम्मान से पूरी टीम में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है. आने वाले समय में हम स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

# आरसेटी में आयोजित 13 दिवसीय सीसीटीवी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपंन

**रुद्रप्रयाग।** युवाओं को स्वरोजगार से जोडने को लेकर ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की ओर से आयोजित 13 दिवसीय नि:शुल्क सीसीटीवी कैमरा और सुरक्षा अलार्म प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यक्रम में 24 ग्रामीण युवाओं ने प्रतिभाग कर सीसीटीवी सिस्टम की स्थापना, रखरखाव, अलार्म सिस्टम की स्थापना, वायरिंग तकनीक, मोबाइल कनेक्टिविटी और सर्विलांस टेक्नोलॉजी जैसे आधुनिक विषयों पर गहन और व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा बाजार संबंधी प्रैक्टिकल ज्ञान प्राप्त किया।

प्रशासनिक अधिकारी लोकपाल चन्डी प्रसाद चमोली ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर छात्रों को सीखी हुई तकनीकी जानकारी को आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार का माध्यम बनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में सीसीटीवी तकनीक एक लाभकारी व्यवसाय का माध्यम बन चुकी है। यह प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर सुरक्षा सेवाओं को मजबूत करने में भी योगदान देगा।

आरसेटी के प्रशिक्षक भूपेंद्र सिंह रावत ने बताया कि कार्यक्रम आरसेटी की 'स्वरोजगार सृजन' पहल का हिस्सा है, जिसके तहत वर्ष भर विभिन्न कौशल-आधारित नि:शुल्क प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी को कम करना है।

# गवाणा जाखी डागर में चोरों ने घर का कूंडा काट उडाई नकदी

**■ बुजुर्ग महिला रात्री विश्राम के लिए गयी थी दूसरे के घर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के गवाणा जाखी डागर में बुधवार रात्री चोरों ने घर का ताला तोड़ नकदी ले उड़े। बताया जा रहा है उस समय घर पर कोई भी मौजूद नहीं था। बुजुर्ग महिला गांव के ही दूसरे घर में रात्रि विश्राम के लिए गयी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात्री को गवाणा जाखी डागर में रविंद्र सिंह चौहान के घर चोरी हो गयी। चोरों ने घर के कूंडे को आरी से काटकर घर के अंदर घुस कर सामान का फेला कर नकदी और ज्वैलरी ने उड़े।

गुरुवार सुबह जब बुजुर्ग अपने घर लौटी तो घर का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गये। पूरे मामले की शिकायत कोतवाली कीर्तिनगर में दर्ज की गई है। कीर्तिनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवराज शर्मा ने बताया कि गवाणा जाखी डागर में चोरी होने की लिखित सूचना प्राप्त हुई है। बताया कि घर में रह रही बुजुर्ग महिला रात्री विश्राम के लिए गांव में ही किसी के घर में गयी थी। जबकि बगल पड़ोसी गांव में ही शादी में शामिल होने गये थे। कोतवाल शर्मा ने बताया कि घर से 3 हजार रूपये की नोटों की माला और एक नाक की फूली चोरी हुई है। बताया कि पुलिस मामले में जुटी हुई है। जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जायेगा।

# गांधी एवं शास्त्री जयंती पर जिले में दी श्रद्धांजलि

**■ जिलाधिकारी ने दिलाया निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प' जिला मुख्यालय, कार्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों में सफाई अभियान एवं गोष्ठियां आयोजित'**




**शाह टाइम्स संवाददात**

**रुदप्रयाग।** महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सम्पूर्ण जनपद के गरिमामय वातावण में मनाई गई, जिला मुख्यालय के साथ ही समस्त सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों तथा शैक्षणिक संस्थानों में दोनों महानभावों की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसमें पुलिस दल की ओर से सलामी दी गई। तत्पश्चात् जिला सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें गांधी के विचारों, उनके जीवन दर्शन तथा शास्त्री के आदर्शों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों का अनावरण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर देशभक्ति गीत "ए मेरे वतन के लोगों" एवं "रघुपति राघव राजा राम" जैसे गीतों का सामूहिक गायन किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसे महापुरुषों ने अपने जीवन से हमें सत्य, अहिंसा, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कार्यालयों में आने वाले आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए जनसेवा को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। इस दौरान वैयक्तिक अधिकारी नीरज सिंह बिष्ट, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित रावत, सहित जिला कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### 47067 श्रद्धालु पहुंचे ओकारेश्वर मन्दिर



**रुद्रप्रयाग।** भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल ओकारेश्वर मन्दिर मे तीर्थ यात्रियो का आकंडा 47 हजार के पार पहुंच गया है। द्वितीय केदार भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली के आगामी 21 नवम्बर को शीतकालीन गद्दीस्थल ओकारेश्वर मन्दिर मे विराजमान होने तक तीर्थ यात्रियो का आकंडा 70 हजार के पार पहुंचने की सम्भावना बनी हुई है। मन्दिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल ओकारेश्वर मन्दिर मे 27319 पुरूषो, 17154 महिलाओ, 2291 नौनिहाल तथा 303 विदेशी सैलानियो सहित 47067 तीर्थ यात्रियो ने पूजा-अर्चना व जलाभिषेक कर विश्व समृद्धि की कामना की ।

### राष्ट्रपिता गांधी और पूर्व पीएम शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर।** राष्ट्र पिता गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर न्यायालय परिसर श्रीनगर में श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने गांधी और शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। मौके पर सिविल जज अलका ने कहा कि राष्ट्र पिता महात्मा गांधी का विचार सत्य ही ईश्वर है और अहिंसा परम धर्म है हमें यह सिखाता है कि हमें अपने जीवन में हमेशा सत्य का साथ देना चाहिए और अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए। कहा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरणा है। गांधी ने अहिंसा और सत्य का मार्ग दिखाया जबकि शास्त्री ने सादगी ईमानदारी और देशभक्ति का आदर्श प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संरक्षक अनूप श्री पांथरी, अध्यक्ष परमेश चंद्र जोशी, राजेश जैन, पूनम हटवाल, रोशनी देवी, प्रियंका रॉय, प्रकाश नेगी, मानव बिष्ट, ज्योतिष घिल्डियाल, हिरदेश कुमारी, शिवानी बिष्ट, अंजुला देवी रौथाण, आनंद भारती सोहन सिंह आदि शामिल थे।

### युवती ने ज़हर खाकर की जीवन लीला समाप्त , जांच में जुटी पुलिस

चिन्यालीसौड़ /उत्तरकाशी: चिन्यालीसौड़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत डांडा गाँव में गुरुवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई है। ग्राम डंडा गांव निवासी भरत लाल की पुत्री पूनम कुमारी (उम्र लगभग 22 वर्ष) ने सुबह करीब 8:30 बजे घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे आनन-फानन में नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनचौरा पहुँचाया।अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ. आलोक रतूड़ी ने तुरंत उपचार शुरू किया और काफी प्रयास किए, लेकिन पूनम कुमारी दम तोड दिया। डॉ. रतूड़ी ने बताया कि जब युवती को लाया गया, तब उसकी हालत बेहद नाजुक थी और तमाम को. शिशों के बावजूद उसे नहीं बचाया जा सका। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चिन्यालीसौड़ भेज दिया गया है।इधर थानाध्यक्ष धरासू दिनेश कुमार ने बताया कि मृतक का पंचनामा भरकर पोष्टमार्टम हेतु जिला चकित्सालय उतरकाशी ले जाया जाएगा वहीं पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, पूनम द्वारा जहरीला पदार्थ खाने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।गाँव में इस घटना से शोक की लहर है और परिजन गहरे सदमे में हैं।

# दीपावली तक जिले की सभी सड़कें होंगी गड्ढामुक्त

**■ सड़क मार्गों के स्थलीय निरीक्षण के लिए समिति का गठन,समिति को तीन दिन में आख्या उपलब्ध करने के निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** सीएम पुष्कर सिंह धामी की ओर से प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के विशेष अभियान के क्रम में शासन ने दीपावली तक प्रदेश की समस्त सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभियान को जनपद में प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देशन में सड़क मार्गों के स्थलीय निरीक्षण के लिए समिति गठित की गई। जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी समिति की अध्यक्षता करेंगे। समिति में संबंधित क्षेत्र के अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, पीएमजीएसवाई तथा ग्रामीण निर्माण विभाग सदस्य का शामिल किया जायेगा। समिति अपने-अपने क्षेत्रों की सड़कों का स्थलीय निरीक्षण कर तीन दिन के भीतर जिलाधिकारी को विस्तृत आख्या उपलब्ध कराएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होने दीपावली से पहले जनपद की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

# गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर जिले में श्रद्धा व उत्साह



**■ कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में भजनों की गूंज और आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प अधिकारियों ने माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की ली शपथ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला कलेक्ट्रेट परिसर में महात्मा गांधी जयंती और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों और उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री जी के आदर्शों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत गीत मंडली ने भजनों की प्रस्तुति दी, जिसमें "रघुपति राघव राजा राम" जैसे भजनों ने वातावरण को भक्ति और भावनाओं से सराबोर कर दिया। उपस्थित जनसमूह इस प्रस्तुति से गहराई से भावविभोर हो उठा।

अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार ने इस मौके पर सभी को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के जिस मार्ग को दुनिया के सामने रखा, वही आज भी सबसे प्रासंगिक है।

उन्होंने यह भी कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का सादा जीवन और उनका नारा "जय जवान, जय किसान" देश को आत्मनिर्भरता और अनुशासन की ओर प्रेरित करता है। हमें उनके जीवन मूल्यों को अपने आचरण और कार्यप्रणाली में शामिल करना चाहिए।

कार्यक्रम में राजस्व विभाग के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गोदंबरी डबराल, जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मण सिंह, मुख्य प्रबंधक अजय पाल नेगी, मुख्य सहायक खेमचंद्र, वाई के धीमान, राजेंद्र, हीरा साजवान, गिरवीर नेगी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने इस अवसर पर दोनों महापुरुषों के योगदान को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन

**कोटद्वार ।** भाजपा कोटद्वार की ओर से सेवा पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को मालवीय उद्यान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत और भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के जीवन और कार्यों को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न पहलुओं को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया था।

# विजय दशमी पर्व पर धामो के कपाट बंद की तिथि घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग भगवान केदारनाथ, द्वितीय केदार भगवान मदमहेश्वर व तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ धाम के कपाट बन्द होने की तिथियां विजयदशमी पर्व पर शीतकालीन गद्दी स्थलों में पंचाग गणना के अनुसार घोषित कर दी गयी है। भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दी स्थल ओकारेश्वर मन्दिर में घोषित तिथि के अनुसार इस बार भगवान केदारनाथ के कपाट आगामी 23 अक्टूबर को भैयादूज पर्व पर शुभ लगनानुसार शीतकाल के लिए बन्द कर दिये जायेगें। कपाट बन्द होने के बाद भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली धाम से रवाना होगी।

पंच केदारो में तृतीय केदार के नाम से विख्यात भगवान तुंगनाथ धाम के कपाट बंद होने की तिथि विजयदशमी पर्व पर शीतकालीन गद्दी स्थल मक्कूमठ में घोषित कर दी गयी है।

पंचाग गणना के अनुसार तुंगनाथ धाम के कपाट आगामी 6 नवम्बर को शुभ लगनानुसार शीतकालीन के लिए बन्द कर दिये जायेगें। कपाट बन्द होने के बाद भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली सुरम्य मखमली बुग्यालों में नृत्य करते हुए प्रथम रात्रि प्रवास के लिए चोपता पहुंचेगी, 7 नवम्बर को भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली चोपता से रवाना होकर बनियाकुण्ड, दुगलविट्टा, मक्कूबैण्ड हूण्डू, बनातोली यात्रा पड़ावों पर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए रात्रि प्रवास के लिए भनकुण्ड पहुंचेगी तथा 8 नवम्बर को भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली शीतकालीन गद्दी स्थल मक्कूमठ में विराजमान होगी। भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली के शीतक. ालीन गद्दी स्थल मक्कूमठ आगमन पर एक दिवसीय तुंगनाथ महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

पंचाग गणना के अनुसार इस बार मदमहेश्वर धाम के कपाट आगामी 18 नवम्बर को प्रात: आठ बजे वृश्चिक लगन में शीतकाल के लिए बंद किये जायेंगे। इस मौके पर प्रधान पुजारी टी गंगाधर लिंग, अतिरिक्त प्रधान पुजारी शिव शंकर लिंग, पूर्व प्रमुख लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, ओकारेश्वर मन्दिर प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी किशन त्रिवेदी, वेदपाठी यशोधर मैठाणी, विश्व मोहन जमलोकी, देवानन्द गैरोला, सत्य प्रसाद सेमवाल, श्रीवर्ध जमलोकी, देवी प्रसाद तिवारी, दीपक पंवार, वन पंचायत सरपंच गौण्डार फते सिंह पंवार, शिव शरण पंवार, हेमन्त धर्म्वाण, विशेश्वर शैव, प्रेम सिंह रावत, पंकज भट्ट, मुकन्दी सिंह पंवार, मठापति रामप्रसाद मैठाणी सहित मन्दिर समिति के अधिकारी, विद्वान आचार्य, हक-हकूकधारी मौजूद रहे।

# खेलकूद गतिविधियां छात्रों के विकास के लिए जरूरी: डा. रावत

**■ मेडिकल कालेज श्रीनगर में खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के अधीन चल रहे पैरामेडिकल कोर्स के छात्र-छात्राओं की तीन दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने किया।

शुभारंभ अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियां भी युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं। खेल भावना से जीवन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि पैरामेडिकल के छात्र स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ की हड्डी हैं, ऐसे में शारीरिक और मान. सिक रूप से स्वस्थ रहना उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सामाजिक जुड़ाव बढ़ाने का कार्य करती हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार लगातार युवाओं को खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। मेडिकल और पैरामेडिकल संस्थानों में इस तरह के आयोजन युवाओं की प्रतिभा को सामने लाने का सशक्त माध्यम हैं।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुरेन्द्र सिंह नेगी ने बताया कि प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना के दिशा-निर्देशन में यह प्रतियोगिताएं 4 अक्तूबर तक आयोजित होंगी। इसमें रस्सा-कस्सी, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, कैरम सहित कई प्रतियोगिताएं होंगी। उन्होंने बताया कि 4 अक्तूबर को समापन दिवस पर कॉलेज के प्रेक्षागृह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान छात्र-छात्राएं नृत्य, संगीत, नाट्य मंचन और लोकगीतों की प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# रामपुर तिराहा कांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** मुजफ्फरनगर रामपुर तिराहा कांड की 31वीं बरसी एवं पृथक राज्य उत्तराखंड आंदोलन के शहीदों को याद किया गया। इस मौके पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर शहीदों के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अदम्य साहस एवं बलिदान को नमन किया। गुरुवार को श्रीयंत्र टापू के पास आयोजित विचार गोष्ठी में प्रदेश में बढ़ते भर्ती घोटालों, माफिया तंत्र, अवैध खनन समेत तमाम मुद्दों पर चर्चा कि गई।

कार्यक्रम संयोजक अरुण नेगी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के लिए जो शहीद हुए, जिनका शोषण हुआ उनको आज तक न्याय नहीं मिल पाया है। कहा कि राज्य में राजधानी कहां है इस बात का जवाब जनता को नहीं मिल पाया है, इसके साथ ही नेगी ने सरकारों पर शहीदों के अपमान करने का आरोप भी लगाया। नेगी ने कहा कि आज सरकारें शहीद आंदोलनकारियों को भूला देना चाहती है और सरकारों के ऐसे रवैए के कारण ही आज तक राज्य आंदोलन के दौरान शहीद हुए आंदोलनकारियों को न्याय नहीं मिल पाया है। परकोट क्षेत्र के क्षेत्र पंचायत सदस्य चंद्रमोहन चौहान ने कहा कि श्रीयंत्र टापू से हमारे दो आंदोलनका. रियों को पुलिस ने नदी में फेंक दिया था। जिसमें राज्य आंदोलनकारी यशोधर बेंजवाल एवं राजेश रावत शहीद हो गए थे, लेकिन आज सरकारें उनको याद करने को भी तैयार नहीं है।एसएफआई के प्रदेश अध्यक्ष नितिन मलेथा ने कहा कि यूकेएसएसएससी भर्ती घोटालों के लिए सीबीआई जांच का स्वागत है। कहा कि भाजपा सरकार में लगातार पेपर लीक का मामले सामने आए है, लेकिन ठोस कानून होने के बावजूद भी दोषियों पर कड़ी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गयी है। उत्तराखंड क्रांति दल के महामंत्री डीडी पंत ने कहा कि जब तक हम संगठित होकर काम नहीं करेंगे,तब तक राष्ट्रीय दलों से अपने अधिकार लेना मुश्किल है। इस मौके पर मलेथा के सामाजिक कार्यकर्ता अचल नेगी, अभिषेक नेगी, खुशीराम जोशी, अनिल तिवारी, नितिन नेगी, रविन्द्र, जसवीर नेगी, सुनीता रावत, हेमंती नेगी, अंकित, दीपक सहित आदि मौजूद थे।

# अधर्म पर धर्म की जीतः परेड ग्राउंड में धू-धूकर जला अहंकारी रावण

## मुख्यमंत्री धामी की उपस्थिति में हुआ बुराई के प्रतीक का दहन; कड़ी सुरक्षा के बीच हजारों श्रद्धालु बने साक्षी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक पर्व दशहरा (विजयादशमी) पर गुरूवार को देहरादून का परेड ग्राउंड जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। हजारों की तादाद में आए श्रद्धालुओं की उपस्थिति में, सायं करीब 6 बजे, रावण के विशाल. काय पुतले का भव्य दहन किया गया। इसके साथ ही, मेघनाद और कुम्भकर्ण के पुतलों को भी जलाया गया। दहन से पहले हुई शानदार आतिशबाजी ने आसमान को रंगीन रोशनी से भर दिया, जिसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से जुटे थे।

### मुख्यमंत्री ने किया दहन, दिया संदेश

**देहरादून।** दशहरा उत्सव के इस मुख्य कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से रावण के पुतले को अग्नि समर्पित कर बुराई के अंत का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्व हमें अहंकार, अन्याय और अधर्म का परित्याग कर मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।

### बुराई पर अच्छाई की जीत

देहरादून के परेड ग्राउंड में दशहरा कमेटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में, रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के आकर्षक पुतले दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। रावण दहन की यह परंपरा सदियों से चली आ रही है, जो हर साल हमें यह याद दिलाती है कि अहंकार का अंत निश्चित है और अंततः सत्य की ही विजय होती है। पुतला दहन के बाद दर्शकों में उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला।

**वीआईपी और प्रशासनिक अमले की उपस्थितिः** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अलावा कई महत्वपूर्ण हस्तियां उपस्थित रहीं, जिन्होंने इस पावन अवसर की गरिमा को बढ़ाया। इनमें कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजानदास, सविता कपूर सहित गढ़वाल रेंज के आईजी (पुलिस महानिरीक्षक), स्थानीय विधायक (केंट विधानसभा क्षेत्र), देहरादून के पूर्व मेयर सुनील उनियाल गामा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल और भाजपा के नेतागण शामिल थे।

### सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

आयोजन स्थल पर उमड़े हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह स्वयं व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे थे। परेड ग्राउंड के चारों ओर ट्रैफिक डायवर्जन किया गया था, और भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो और दर्शक बिना किसी बाधा के दशहरे के उल्लास में शामिल हो सकें।

# नगर निगम का स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन

## 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम किए गए आयोजित



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान (स्वच्छोत्सव 2025) का आयोजन नगर निगम देहरादून ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक किया । इस दौरान शहर में विविध कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और शहर को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया गया।

इस अभियान का शुभारंभ 17 सितम्बर को गांधी पार्क से मुख्यमंत्री ने किया था। अभियान के दौरान नगर निगम देहरादून ने अनेक गतिविधियाँ संचालित की। जिनमें स्वच्छ फूड स्ट्रीट्स रेहड़ी व फूड स्टॉल संचालकों हेतु स्वच्छता व हाइजीन पर कार्यशाला आयोजित की गई। सामुदायिक सफाई अभियान के तहत कॉलोनियों, नालों व सार्वजनिक शौचालयों की सफाई। कचरा स्रोत पर पृथक्करण , डोर टू डोर कंपनियों द्वारा दो डिब्बा प्रणाली पर जागरूकता एवं होम कंपोस्टिंग का प्रदर्शन किया गया। नगर निगम अधिकारीगण एवं विद्यालय के छात्रों द्वारा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। एक दिन, एक घंटा, एक साथ के तहत नगर निगम परिसर एवं जोनल कार्यालयों में स्वच्छता शपथ एवं 1 घंटा श्रमदान। सफाईमित्र सुरक्षा शिविर के दौरान स्वास्थ्य जांच, पीपीई किट वितरण एवं सुरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। बाजार एवं सार्वजनिक स्थल सफाई कार्यक्रम के तहत पॉलिटन बाजार व अन्य प्रमुख स्थानों पर सफाई की गई। ग्रीन देहरादून ड्राइव पार्क के तहत सौंदर्यीकरण एवं वृक्षारोपण किया गया। सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ के तहत अस्पताल व डिस्पेंसरी क्षेत्र में विशेष सफाई एवं फॉगिंग की गई। 1 अक्टूबर को समीक्षा एवं सम्मान के तहत मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अभियान का समापन समारोह 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर शहरव्यापी सफाई अभियान व महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। अभियान की अवधि के दौरान नगर निगम देहरादून ने शहर के 62 क्लीनलिनेस टार्गेट यूनिट्स को भी सफलतापूर्वक परिवर्तित किया।

### महिला समूह चलाएंगे 'ऑटोमेटेड पार्किंग'

**देहरादून।** जिला प्रशासन का महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट श्ऑटोमेटेड पार्किंगश जमीन पर उतर गया है। परेड ग्राउंड और कोरोनेशन अस्पताल में पार्किंग का संचालन शुरू हो गया है, जिसका जल्द ही मुख्यमंत्री द्वारा औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। यह पार्किंग राज्य की प्रथम महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित पार्किंग है, जिसे जिला प्रशासन द्वारा अनुदान दिया जाएगा। जिलाधिकारी सविन बंसल की यह पहल महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ शहर के यातायात को व्यवस्थित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।तीन स्थानों पर बनी इन आधुनिक पार्किंग की क्षमता परेड ग्राउंड पर 96, तिब्बती मार्केट पर 132 और कोरोनेशन अस्पताल में 18 वाहन है। कम जगह में बन सकने वाली और जरूरत पड़ने पर स्थानांतरित किए जाने की खूबी वाली यह पार्किंग शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने और व्यवस्थित पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगी।

# 155 बार के रक्तदाता डॉ. अनिल वर्मा 'रियल लाइफ हीरो अवॉर्ड' से विभूषित



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखंड सरकार की स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल, उत्तराखंड द्वारा राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस सीआईएमएसआर , कंबाइंड (पीजी) इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च , हर्रावाला, देहरादून में राज्य स्तरीय विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के रक्तदाता शिरोमणि डॉ अनिल वर्मा को 155 बार रक्तदान करने के लिएष्एसबीटीसी रियल लाइफ हीरो अवार्डष् से सम्मानित किया गया। साथ ही अब तक 80 बार रक्तदान कर चुके षविचार एक नई सोचष संस्था के संस्थापक व समाजसेवी राकेश बिजल्वाण, पूर्व एनसीसी अधिकारी मेजर प्रेमलता वर्मा, लेफ्टिनेंट स्वाति शर्मा, नारायण सिंह राणा सहित वक्ता छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। इससे पूर्व यूसैक्स के संयुक्त निद. ेशक अनिल सती ने स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाने के इतिहास तथा उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीआईएमएस के चेयरमैन एडवोकेट ललित जोशी, एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर कर्नल जे एस नेगी, प्राचार्य डॉ आरएन सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष स्वास्थ विभाग के उपनिदेशक वित्त महेन्द्र कुमार, दून मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक चिकित्साधिकारी डॉ सना उमर, रेडक्रास सोसायटी के प्रबंधन समिति सदस्य डॉ अनिल वर्मा, मेजर प्रेमलता वर्मा, मेजर ललित सामंत, लेफ्टिनेंट (डॉ०) स्वाति शर्मा , तथा यूसैक्स के संयुक्त निद. ेशक अनिल सती ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। सरस्वती वन्दना पर मनमोहक नृत्य ने दर्शकों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। आस्था ने रक्तदान- जीवनदान विषय पर स्वरचित कविता की प्रस्तुति ने श्रोताओं का मन मोह लिया। गोष्ठी में डॉ अनिल वर्मा, डॉ० सना उमर, ललित जोशी, महेंद्र कुमार व अर्चित पण्डा, यशवर्धन पासवान, निहा. रिका फर्स्वाण, आरती भट्ट ने स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए अपने विचार एवं सुझाव दिये।

# सीएमओ कार्यालय में गांधी और शास्त्री को अर्पित की श्रद्धांजलि



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय देहरादून में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दोनों महापुरुषों को याद किया गया और श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी के जीवन से हमें सत्य, अहिंसा के पथ पर चलते हुए अन्याय के विरुद्ध लड़ने की सीख मिलती है। लाल बहादुर शास्त्री ने अपने जीवन मूल्यों से हमें सिखाया कि सार्वजनिक जीवन में रहते हुए सुचिता और कर्तव्यनिष्ठा से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन कैसे करना है। दोनों महापुरुषों ने परतंत्रता की बेड़ियों से देश को मुक्त करने में अग्रणी भूमिका निभाई। हमें आज उनके पदचिन्हों पर चलते हुए जीवन मूल्यों को अपने जीवन में उतारना होगा।

इस अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने गांधी की प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम और वैष्णव जन का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा की धर्मपत्नी डॉ. रेनू शर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बिमलेश जोशी, डॉ प्रदीप राणा, डॉ कैलाश गुंज्याल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नवीन जोशी, प्रशासनिक अधिकारी कांति शर्मा, फार्मेसी अधिकारी सुधा कुकरेती सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नवरात्र पर दून में बंद रहीं मीट-मांस की दुकानें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नवरात्रि के पावन अवसर पर, जिलाधिकारी सविन बंसल के सख्त निर्देशों के तहत जनपद देहरादून में समस्त मीट-मांस की दुकानें पूर्णतः बंद रखी गईं। धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के सम्मान और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया था।

जिलाधिकारी ने इस संबंध में पूर्व में ही सभी संबंधित विभागों और उप जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए थे। निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए, 22 सितंबर से 01 अक्टूबर तक नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मांस विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया।प्रशासन की टीम ने अलाउंसमेंट (घोषणा) के माध्यम से नगर और आसपास के क्षेत्रों में इन निर्देशों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में स्थानीय व्यापारियों ने पूरा सहयोग दिया। नगर क्षेत्र में उप जिलाधिकारी न्याय कुमकुम जोशी ने व्यापारियों से समन्वय स्थापित कर निर्देशों का सख्ती से पालन करवाया।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को इस अवधि में सतत निगरानी रखने और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए थे। (कार्यालय जिला सूचना अधिकारी, देहरादून द्वारा जारी) क्या आप इस खबर को किसी और शैली में ड्राफ्ट करवाना चाहेंगे?

# स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव : जोशी



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने "स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत" के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए डोभालवाला क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों से अपील की कि वे स्वच्छता को केवल एक दिवस का कार्यक्रम न मानकर इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि "स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने घर, मोहल्ले और शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करे। स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव है। इस अवसर पर प्रदीप रावत, आशीष थापा, भावना चौधरी, मोहन बहुगुणा, पुष्पा बिष्ट, अजय कुमार, राजेश राजौरिया आदि उपस्थित रहे।

**जोशी ने गांधी और शास्त्री को अर्पित की पुष्पांजलिः** देहरादून। प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने अपने शासकीय आवास में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की।

# स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाएं : राज्यपाल



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को 'सेवा पखवाड़ा' अभियान के अंतर्गत राजभवन परिसर में आयोजित स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर उन्होंने स्वयं परिसर की सफाई में भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि स्वच्छता केवल एक कार्य नहीं बल्कि जीवनशैली है। यदि हम सभी स्वच्छता को अपनी आदत बना लें तो भारत को स्वच्छ और समृद्ध राष्ट्र बनाने का सपना अवश्य साकार होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए हमें कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि हमें अपने घर, कार्यस्थल और आसपास के वातावरण में ही स्वच्छता को दृष्टिकोण बनाना चाहिए। राज्यपाल ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल एवं राजभवन के अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# राजपुर थाना अध्यक्ष शैंकी की करतूत से वर्दी पर लगा दाग

## नशे में धुत होने की आशंका और रसूख का इस्तेमाल, सड़क पर चल रहे कई वाहनों को अपनी कार से मारी टक्कर

## खाकी की गरिमा और जिम्मेदारी पर उठा प्रश्न चिन्ह



**इमरान चौधरी**

**देहरादून।** बुधवार की देर रात्रि राजपुर रोड पर हुए सड़क हादसे (एक्सीडेंट) के वायरल वीडियो ने न सिर्फ एक गंभीर दुर्घटना को सामने लाया है, बल्कि राजपुर थाना अध्यक्ष शैंकी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। राजपुर रोड पर हुई इस घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना अध्यक्ष राजपुर शैंकी को सस्पेंड कर दिया और साथ ही उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही एवं मुकदमा दर्ज करने के आदेश जारी कर दिए थे। जिसके बाद देर रात्रि तक इस कार्यवाही को अमल में लाया गया।थानाध्यक्ष राजपुर शैंकी का तत्काल निलंबन महज एक विभागीय कार्रवाई नहीं है, बल्कि यह उस श्इनसाइड स्टोरीश का संकेत है, जो अक्सर सत्ता और पुलिस के रसूख की आड़ में दबी रह जाती है।

सूत्रों के मुताबिक, वायरल वीडियो में दिख रहा एक्सीडेंट सिर्फ लापरवाही का मामला नहीं लगता। थानाध्यक्ष शैंकी का सरकारी पद पर रहते हुए जिस तरह का गलत आचरण लोगों के सामने आया

जब रक्षक ही भक्षक बन जाए आम लोगों की हालत क्या रही होगी।थानाध्यक्ष राजपुर का कृत्य पुलिस बल के लिए शर्मनाक राजपुर रोड एक्सीडेंट के बाद थानाध्यक्ष राजपुर शैंकी पर हुआ एक्शन सिर्फ एक निलंबन नहीं है, बल्कि यह कानून के रखवालों के लिए एक कड़ा संदेश है। पुलिस की नौकरी अधिकार से ज्यादा जिम्मेदारी है, और जब एक थाना अध्यक्ष, जो अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था का सर्वोच्च प्रतिनिधि होता है, स्वयं ही सरकारी पद पर रहते हुए गलत आचरण करे, दुर्घटना करे, और उसकी ईमानदारी पर सवाल उठें, तो यह पूरी पुलिस व्यवस्था पर दाग लगाता है।यह घटना यह सोचने पर मजबूर करती है कि आम जनता को न्याय दिलाने का दावा करने वाला व्यक्ति, अगर खुद नशे या लापरवाही में किसी की जान जोखिम में डाले, तो जनता का विश्वास किस पर टिकेगा? एसएसपी देहरादून अजय सिंह द्वारा लिया गया तत्काल और कठोर संज्ञान सराहनीय है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि 'वीआईपी कल्चर' या सरकारी रसूख के नाम पर गलत काम करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अब यह देखना महत्वपूर्ण है कि एसपी सिटी की जांच में थानाध्यक्ष राजपुर शैंकी और उनके कथित संलिप्त सहयोगियों पर क्या-क्या खुलासे होते हैं, और उन पर कानूनी व विभागीय दोनों तरह से कितनी कठोर कार्रवाई होती है। यह मामला सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे पुलिस बल की गरिमा और जवाबदेही का है।

उससे यह साफ संकेत मिलता है कि वे ड्यूटी के समय या उससे ठीक पहले नशे की हालत में हो सकते थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एसएसपी द्वारा तत्काल मेडिकल जांच के आदेश देना इसी आशंका की पुष्टि करता है।

कहा जा रहा है कि थानाध्यक्ष शैंकी ने दुर्घटना के बाद स्थिति को संभालने (या कहें तो दबाने) की कोशिश भी की थी। लेकिन वीडियो वायरल होते ही मामला एसएसपी देहरादून के संज्ञान में आ गया था। एसएसपी ने बिना किसी देरी के न सिर्फ निलंबन किया, बल्कि एसपी सिटी को पूरी वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के साथ गहन जांच के लिए निर्देशित कर दिया।जिससे किसी भी तरह की लीपापोती की गुंजाइश खत्म हो गई।

### थाना अध्यक्ष के रूप में दूसरा था चार्ज

बुधवार की तेज रात्रि राजपुर रोड पर अपनी प्राइवेट कार में सवार तत्काल थाना अध्यक्ष शैंकी शादी वर्दी में था। बताया जा रहा है कि थाना अध्यक्ष की इतनी हालत खराब हो गई थी कि वह कई वाहनों को अपनी गाड़ी से ठोक चुका था।जिसके बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और इकट्ठा होकर लोगों ने सिविल वर्दी में मौजूद राजपुर थाना अध्यक्ष शैंकी को घेर लिया और वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इसके बाद आल्हा अधिकारियों ने इस पर संज्ञान लिया और उसे तत्काल सस्पेंड कर दिया। देखा जाए तो शैंकी को पहला चार्ज सेलाकुई थाने का मिला था वहां रहते हुए उन्होंने अपना दबदबा कायम करना शुरू कर दिया था। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उन्हें राजपूर थाने का कार्यभार सोपा और यहां रहकर उन्होंने अपना रुतबा कायम करने का प्रयास किया। जिसके बाद में खुद ही अपने जाल में फंस गए। राजधानी के पुलिस कप्तान अजय सिंह की छवि हमेशा से स्वच्छता के बीच रही है और उनके टीम में ऐसे दरोगा जिसने पूरे जिले की पुलिस को शर्मसार कर दिया। यह मामला भी चर्चाओं का विषय बना रहा। वही राजपूत थाने का नया थाना अध्यक्ष दीपक धारीवाल को बनाया गया है जो हमेशा से निष्पक्ष काम करने में अपनी छवि बना चुके हैं।

# नर्सिंग कॉलेज क्षेत्र की बेटियों व युवाओं को स्वरोजगार और सेवा के करेगा नए अवसर प्रदान : रावत

## जन सेवा के लिए हुआ श्री ध्रुव चेरिटेबल ट्रस्ट हॉस्पिटल का निर्माण : संत बालक दास

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद हरिद्वार त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि विजयादशमी के पावन अवसर पर ग्राम सजनपुर पीली, नजीबाबाद रोड, हरिद्वार स्थित श्री ध्रुव चैरिटेबल ट्रस्ट हॉस्पिटल में नर्सिंग कॉलेज के भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। पूज्य संतजनों की पावन उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम से स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र में नई दिशा मिलेगी। यह नर्सिंग कॉलेज क्षेत्र की बेटियों व युवाओं को स्वरोजगार और सेवा के नए अवसर प्रदान करेगा। गौरतलब है कि श्री ध्रुवभक्ति सेवा आश्रम ट्रस्ट के संस्थापक म. मं. स्वामी ध्रुवदास (गाय पगला, सुरत) के सानिध्य में दशहरा के शुभ अवसर पर श्री ध्रुव चैरिटेबल ट्रस्ट हॉस्पिटल में नर्सिंग कॉलेज का भूमि पूजन गुरूवार को मुख्य अतिथि सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस मौके पर हास्पिटल के संस्थापक संत बालकदास ने कहा कि जनसेवा के लिए समर्पित श्री ध्रुव चैरिटेबल ट्रस्ट हॉस्पिटल में मरीजों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। आयुष्मान कार्ड पर मरीजों का निःशुल्क ईलाज किया जा रहा है। अब नर्सिंग कॉलेज के लिए भूमि पूजन शिलान्यास समारोह संपन्न हो गया है। जल्द ही नर्सिंग कालेज भी शुरू हो जायेगा। इस मौके पर आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 740 मरीजों ने लाभ लिया। शिविर में अल्ट्रासाउंड, ईसीजी, खून की सभी आवश्यक जाँचें एवं दवाइयाँ पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में संत बालक दास, बाबा देव दास, बाबा हठ योगी, विष्णु दास सहित अन्य सम्मानित महामंडलेश्वर संत उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में सीएमओ आर.के. सिंह, आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, भाजपा नेता वीरेन्द्र सिंह रावत, ब्रिज मोहन पोखरियाल, विक्रम चौहान, सरिता अमोली, कमलेश द्विवेदी, अजय चौधरी, बाबुल लाल गुप्ता तथा अस्पताल के सभी ट्रस्टीगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का वातावरण धार्मिकता, सेवा भाव और स्वास्थ्य जागरूकता से परिपूर्ण रहा।



# धू-धूकर जले रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतले

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दशहरा पर्व धर्मनगरी के विभिन्न क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। रावण और कुंभकरण के पुतले दहन किए गए। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रोडी बेलवाला में श्री रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला के बाद रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। भूपतवाला स्थित शनि देव मंदिर के सामने मैदान, भीमगोडा, भेल सेक्टर वन एवं चार, दक्ष मंदिर, ऋषिकुल मैदान, कृष्णा नगर, जगजीतपुर फुटबॉल ग्राउंड, जमालपुर, जटवाड़ा पुल, बहादराबाद पीठ बाजार आदि स्थानों पर भी रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी का नजारा देखने को मिला। बच्चों ने तीर, तलवार, गदा, मुखौटे आदि खरीदे और चाट पकौड़ी का आनन्द लिया। दशहरे पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की और से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।



## अटल अखाड़े के संतों ने किया शस्त्र पूजन

# अस्त्र ही नागाओं के देवता हैं : श्रीमहंत सत्यम गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व दशहरे पर कनखल सन्यास मार्ग स्थित अटल अखाड़े में श्रीमहंत सत्यम गिरी महाराज के नेतृत्व में अखाड़े के संतों ने पूर्ण विधि विधान से सूर्य प्रकाश व भैरव प्रकाश भालों तथा अन्य शस्त्रों का पूजन किया। श्रीमहंत सत्यम गिरी महाराज ने बताया कि दशहरे के दिन आदि जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित दशनामी संन्यास परंपरा के नागा संन्यासी अखाड़ों में शस्त्रों का पूजन करते हैं। ढाई हजार वर्ष से दशनामी संन्यासी इस परंपरा का पालन कर रहे हैं। श्रीमहंत सत्यम गिरी ने कहा कि अस्त्र ही नागाओं के देवता हैं। अखाड़ों में प्राचीन काल से सूर्य प्रकाश और भैरव प्रकाश नामक भालों को देवता के रूप में पूजा जाता है। श्रीमहंत सत्यम गिरी ने बताया कि प्राचीन काल से जारी अस्त्र पूजन की परंपरा का निर्वाह करते हुए दशहरे पर श्री शंभू पंचायती अखाड़ा में भैरव प्रकाश और सूर्य प्रकाश नामक भालों व अन्य अस्त्र शस्त्रों का पूजन किया गया। उन्होंने बताया कि भैरव प्रकाश और सूर्य प्रकाश देवता रूपी भाले कुंभ मेले के अवसर पर अखाड़ों की पेशवाई के आगे चलते हैं और कुंभ में भैरव प्रकाश और सूर्य प्रकाश भालों को सबसे पहले शाही स्नान कराया जाता है। इसके बाद अखाड़ों के आचार्य महामंडलेश्वर, महामंडलेश्वर, जमात के श्रीमहन्त और अन्य नागा साधु स्नान करते हैं। इस अवसर पर दिगंबर ईश्वर गिरी, धनंजय गिरी, राकेश गिरी, ज्ञान गिरी, गौर गिरी, कैलाश गिरी सहित अखाड़े के तमाम संत शामिल रहे।



# सुमित चौधरी हत्याकांड में तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### रिवॉल्वर, कारतूस व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना कनखल अंतर्गत दयाल एंकलेव कालोनी में युवक की हत्या करने के बाद से फरार चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक रिवॉल्वर व 4 कारतूस, घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर की बाइक भी बरामद की है। घटना के दौरान चली गली का खोखा भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

एसपी सिटी पंकज गैरोला ने बताया कि बीते सोमवार की देर शाम दयाल एंक्लेव कॉलोनी में 18 वर्षीय सुमित चौधरी उर्फ पंछी निवासी जमालपुर कलां को कुछ व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपीयो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल के आदेश पर प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शाह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल और आसपास के संभावित क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सहायता व मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। लगातार दबिश और जांच के आधार पर मुखबिर की सूचना पर फरार चल रहे तीनों आरोपितों को बैरागी कैंप से गिरफ्तार कर लिया। कनखल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शाह ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ करने पर बताया गया कि पहले सभी की आपस में जान पहचान थी। पुरानी किसी बात को लेकर इनके बीच झगड़ा हो गया था। उस झगड़े का बदला लेने के लिए सुमित चौधरी की हत्या कर दी। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सावन पुत्र हरि सिंह, निवासी जमालपुर कला, कनखल, हरिद्वार, निशांत पुत्र गोविन्द, निवासी शांति बिहार कॉलोनी, लाल मंदिर, ज्वालापुर, स्थाई निवासी ग्राम रणसुरा, थाना देवबंद, जिला सहारनपुर यूपी व कृष्णा पुत्र तेजपाल, निवासी राजीव नगर कॉलोनी, लाल मंदिर, ज्वालापुर, हरिद्वार बताया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र शाह, व.उ.नि. नितिन चौहान, उ.नि. सुधांशु कौशिक, हे.कां. सन्नी सिंह, कां. सतेन्द्र सिंह रावत, कां. प्रलव चौहान, कां. उमेद सिंह शामिल रहे।



# मां दुर्गा की आराधना से मिट जाते है जन्म जन्मातर के पाप : आदेश चौहान

### दुर्गा पूजा महोत्सव में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोहा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** 31वां विशाल दुर्गा पूजा महोत्सव के आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम में अष्टमी के दिन बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे रानीपुर विधायक आदेश चौहान, समाजसेवी डा0 विशाल गर्ग व कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री पूनम भगत ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि नवरात्रों में मां दुर्गा आराधना करने से जन्म जन्मातर के पाप मिट जाते है। जो भी मनुष्य सच्चे मन से मां दुर्गा की पूजा आराधना करते है। उनका मां सदैव कल्याण करती है। जो भी मां के दरबार में सच्चे मन से याचक बनकर आता है उसके परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है। दुर्गा पूजा महोत्सव में बाल कलाकरों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसे दर्शकों ने खुब सराहा। दुर्गा पूजा महोत्सव के अध्यक्ष दयाशंकर वर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। समिति के अध्यक्ष डी. एस वर्मा, कोषाध्यक्ष ऋषिपाल चौधरी, सचिव एडवोकेट विवेक वर्मा, सदस्य जितेंद्र राय, रामाधार चौबे, संजय शर्मा, कमलेश, विवेक चौधरी, शिवम् शर्मा, दिनेश शर्मा, रंजना शर्मा, सुरेंद्र देवला, सतीश गुप्ता अमन, अमरीश, रामचंद्र शर्मा, सुरेंद्र देवला, विवेक चौधरी, अरुण, बृज गोपाल शुक्ला, ब्रह्मा शंकर चौबे, वेदांत चौहान, स्वाति शर्मा, पूजा शर्मा, सपना सिंह आदि मौजूद रहे।



# गांधी जयंती पर नगर निगम ने चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गांधी जयंती के अवसर पर नगर निगम ने शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। मेयर किरण जैसल के नेतृत्व में चलाए गए विशेष स्वच्छता अभियान में नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और पार्षद शामिल हुए।

वार्ड 57 में चलाए गए अभियान में मेयर किरण जैसल, पार्षद मनोज पारलिया, मुख्य सफाई निरीक्षक सुनील मलिक और अन्य अधिकारी शामिल हुए। कनखल बंगाली मोड़ रविदास बस्ती में भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान बस्ती के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई की गई और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। मेयर किरण जैसल ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है और अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखें और कूड़ा-कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें। रोड़ी बेल वाला दशहरा मैदान में भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें सफाई नायक अशोक कुमार और शुभारंभ कंपनी के सुपरवाइजर अंकित और कर्मचारियों ने मैदान की सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नगर आयुक्त नंदन कुमार ने नगर निगम कार्यालय में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और हरिद्वार को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने में योगदान की अपील भी की।



# महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा की ताकत की गवाही है आजादी का आंदोलन : मदन कौशिक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर विधायक मदन कौशिक ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा कनखल मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कौशिक ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधनमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व में चला आजादी का आंदोलन सत्य और अहिंसा की ताकत की गवाही देता है। पूरी दुनिया के लिए यह शोध और उत्सुकता का कारण है कि क्या केवल सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर आजादी पाई जा सकती है। लेकिन महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत ने यह करके दिखाया है। प्रदेश मीडिया सह संयोजक विकास तिवारी ने कहा कि आज बापू के स्वदेशी सपने को साकार करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में देश और दुनिया के लिए एक मॉडल बन रहा है। स्वदेशी अब केवल खादी तक सीमित नहीं है। सरकार स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए पूर्णतः संकल्पित है। भाजपा जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट ने कहा कि बापू के सपनों को साकार करते हुए सरकार की अनेकों योजना सफलता की नई ऊंचाई को छू रही हैं।. भाजपा के कनखल मंडल अध्यक्ष प्रशांत शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि उनका सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा देशवासियों के लिए मार्गदर्शक है। कार्यक्रम में पार्षद शुभम मंडोला, छवि त्यागी, मनोज वर्मा, नवनीत राणा, राजीव राठी, कपिल बालियान, विमल आनंद, तरुण वालिया, भूपेंद्र कुमार, मुकुल पाराशर, ईशान चमोली आदि शामिल रहे।



# आश्रम पर कब्जे की साजिश और धमकी देने में बड़ा अखाड़ा के सात संतों के खिलाफ मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** कनखल थाना क्षेत्र स्थित मुनि मंडल आश्रम में संपत्ति हड़पने की नीयत से षड्यंत्र रचने और महंत को जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन से जुड़े सात साधुओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला सामने आने के बाद से साधु समाज में हलचल है। आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी आनंद राघव और उनके शिष्य स्वामी अमर मुनि ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 12 जुलाई को आश्रम में परंपरा के अनुसार संरक्षक, महंत और कोठारी पद पर पट्टाभिषेक का कार्यक्रम चल रहा था। आरोप है कि इसी दौरान सूर्याश मुनि, जयेन्द्र मुनि, महंत गंगादास और चन्द्रमादास समेत कई संत पहुंचे और कार्यक्रम रुकवाने का प्रयास करने लगे। कार्यक्रम संपन्न हो गया, उस बीच सभी ने खुलेआम गोली मारने की धमकी दे डाली, जिससे आश्रम के संतों में भय है। आरोप लगाया कि यह लोग लंबे समय से आश्रम की संपत्ति हड़पने की फिराक में हैं। कहा कि 20 अगस्त को कनखल स्थित पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण, राजघाट में आयोजित बैठक में भी अखिल भारतीय उदासीन भेष संरक्षक समिति के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी शिवानन्द आचार्य को अपमानित किया गया। इस दौरान कोठारी निरंजनदास ने उन्हें फर्जी महामंडलेश्वर तक कह दिया। महंत शीतलानन्द ने उनका बहिष्कार कराने का प्रस्ताव रखकर माहौल को और विषाक्त कर दिया।

स्वामी आनंद राघव ने कहा कि उनकी उम्र 90 वर्ष है और स्वास्थ्य भी लगातार खराब रहता है। ऐसे में षड्यंत्रकारी प्रवृत्ति के लोग उनकी कमजोरी का फायदा उठाकर आश्रम पर कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने आशंका जताई कि ये लोग कभी भी उन पर, स्वामी शिवानन्द आचार्य, साध्वी मन्दाकिनी मुनि और अन्य शिष्यों पर हमला कर सकते हैं। पुलिस ने सूर्याश मुनि, जयेन्द्र मुनि, महंत गंगादास, चन्द्रमादास, महंत श्यामदास, कोठारी निरंजनदास और महंत शीतलानन्द के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी रविंद्र शाह ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के बहादरपुर जट आदर्श बाल सदन इंटर कॉलेज में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान कॉलेज के अध्यापक-अध्यापिकाओं और छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधनमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता ,भाषण प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वंश कुमार प्रथम ,कुणाल तेगवाल द्वितीय और शाहिब तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रधानाचार्य की ओर से स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि राष्ट्रपति महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर को हुआ था। इन दोनों महापुरुषों ने देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दोनों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।इस अवसर पर हम दोनों महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि देते हैं। इस अवसर पर विकास यादव, अनुपमा चौहान, अजय कुमार, कामेश कुमार, छवि सैनी, वीर सिंह, शाहिद अली, सुरेंद्र कुमार, सुभाष चौहान, अनीता चौहान, सतीश शास्त्री आदि अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
**जिला प्रभारी, हरिद्वार**
मो.: 9411100741

# स्मैक की तस्करी करते अलग अलग स्थानों से दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना पुलिस ने क्षेत्र नशा तस्करों के खिलाफ चलाकर अलग अलग स्थान से दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने दोनों आरोपियों के 13,93 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

सिडकुल थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के आदेश जनपद हरिद्वार द्वारा अवैध मादक पदार्थ अवैध शराब स्मैक चरस गांजा नशीली दवाइयां इंजेक्शन की तस्करी करने वाले के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के लिए। बुधवार को थाना क्षेत्रांतर्गत अलग अलग टीमों का गठन किया गया ।गठित टीमो को द्वार मुखबिर खास की सूचना पर टीम ने आरोपी आकाश पुत्र लाल निवासी टांडा भागमल लक्सर जनपद हरिद्वार हाल पता सम्राट मार्केट रावली महदूद थाना सिडकुल को पकड़ लिया उसके कब्जे से 7.08 ग्राम अवैध स्मैक बरामद करी है।वही आरोपी मिंटू पुत्र महावीर निवासी सम्राट मार्केट रावली महदूद थाना सिडकुल हरिद्वार के कब्जे से 6.85 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है।पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक अनिल बिष्ट, एसआई इंद्रजीत राणा. हे0का0 सुनील सैनी, कांस्टेबल प्रदीप कुमार शामिल रहे हैं।

# जयंती पर कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महानगर कांग्रेस कमेटी व स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के संयोजन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश सेवा का संकल्प लिया। अपर रोड़ स्थित शहीद पार्क में श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि गांधी ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को साम्राज्यवादी ताकतों से आजादी दिलाई और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन हमें सादगी और नैतिकता की प्रेरणा देता है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओपी चौहान और राजबीर सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सत्य, अहिंसा और नैतिकता को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू मिश्रा और महानगर अध्यक्ष लता जोशी ने कहा कि गांधी जी ने अपने सिद्धांतों से यह प्रेरणा दी कि सच्ची खुशी तब मिलती है, जब आप जो सोचते हैं, जो कहते हैं और जो करते हैं, उनमें तालमेल हो। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी राजन कौशिक व मुकेश त्यागी ने कहा कि गांधी जी ने देश को पूंजीवादी व्यवस्था की गुलामी की जंजीरों से आजादी दिलाई और लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा देकर पूरे देश को एकसूत्र में पिरोने का काम किया। निवर्तमान पार्षद राजीव भार्गव और पार्षद हिमांशु गुप्ता ने कहा कि जुल्म और अन्याय के खिलाफ अहिंसा के माध्यम से संघर्ष करने का संकल्प ही महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को सच्ची श्रद्धांजलि है। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष नितिन यादव, बीएस तेजियान, प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव नलिनी दीक्षित, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी बालकिशन कोरी, आशु ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि अकरम अंसारी, पार्षद सुनील कुमार सिंह, शौकत अली चीचू, प्रहलाद सिंह, अजय कुमार, महेंद्र भट्ट, रितेश पाण्डेय आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।



# राज्यपाल ने महात्मा गांधी व शास्त्री को अर्पित की श्रद्धांजलि

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राजभवन परिवार की उपस्थिति में एक प्रार्थना सभा आयोजित की गई।



भातखंडे संगीत महाविद्यालय, देहरादून के कलाकारों ने महात्मा गांधी के प्रिय भजनों – ''वैष्णव जन तो तैने कहिये जे पीर पराई जाणि रे'', ''श्री राम चन्द्र कृपालु भजुमन'', ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनिया, पायो जी मैने राम रतन धन पायो, दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल की संगीतमय प्रस्तुति दी।

राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने सम्पूर्ण विश्व के लिए सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त किया है। उनके आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और विशेषकर युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनकी सादगी और सरलता से परिपूर्ण जीवन शैली हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आह्वान किया कि हमें इन महान

**■ महात्मा गांधी ने सम्पूर्ण विश्व के लिए सत्य और अहिंसा का मार्ग किया प्रशस्त : राज्यपाल , राजभवन परिसर में प्रार्थना सभा की गई आयोजित**

विभूतियों के विचारों और आदर्शों से सीख लेकर विकसित एवं विश्व गुरु भारत के निर्माण की दिशा में सतत प्रयासरत रहना चाहिए।

इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल, वित्त नियंत्रक तृप्ति श्रीवास्तव एवं राजभवन के अन्य अधिकारीगण एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुरशास्त्री जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि भारत की आजादी का सबसे बड़ा मूल मंत्र अंग्रेजों के अत्याचार दमन के खिलाफ अहिंसात्मक सत्याग्रह भारत के करोड़ों लोगों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दिया था और उसी मंत्र का जादू था जो देश के करोड़ों निहत्थे भारतीय अंग्रेजों की तोपों और संगीनों के सामने खड़े हो गए और भारत की आजादी का मार्ग प्रशस्त हुआ।



धस्माना ने इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राज्य निर्माण के संघर्ष में जिन आंदोलनकारियों ने शहादत दी उनके सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी हर नागरिक की है।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महामंत्री जगदीश धीमान, सुनील जायसवाल, दिनेश सिंह कौशल, विशाल मौर्य, पुनीत चौधरी, आदर्श सूद, वीरेंद्र पंवार, लक्की राणा, पूनम कंडारी, इलियास अंसारी ने भी महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला।

इससे पूर्व पार्टी मुख्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, डॉ. जसविंदर सिंह गोगी आदि ने ने बापू व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर मालार्पण किया।

# सत्य व अंहिंसा के पुजारी थे महात्मा गांधी: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**मसूरी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रदेश के काबीना मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी के गांधी चौक में ध्वजारोहण किया तथा गांधी तथा शास्त्री के चित्र पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। काबीना मंत्री ने राज्य आंदोलन में शहीद हुए वीरों को भी नमन किया। गांधी चौक पर गांधी व शास्त्री जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य व अंहिसा के पुजारी थे, जिन्होंने बिना हथियार के भारत से ब्रिटिश सरकार के नाक में दम किया व करोड़ो लोग उनके पीछे खडे हो गये व देश आजाद हो गया। वहीं आज नैतिकता व चरित्र के प्रतिमूर्ति शास्त्री महानायक की जयंती है, जिन्होंने राजनीति में एक आयाम स्थापित किया।



उन्होंने उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान मुजफ्फरनगर कांड को भी याद किया व शहीदों को नमन किया। इस मौके पर उन्होंने दशहरे की सभी को बधाई दी व कहा कि यह बुराई पर सच्चाई की जीत का पर्व है।

इस मौके पर उन्होने राज्य आंदोलन के सक्रिय नायक रहे कलम सिंह के नाम पर भटटा गांव में तथा हुकम सिंह पंवार के नाम पर लंढौर में द्वार बनाने की भी घोषणा की।

**■ कैबिनेट मंत्री ने की मसूरी के गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित**

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, पूर्व पालिका अध्यक्ष मनमोहन सिंह मल्ल, पूर्व पालिका अध्यक्ष ओपी उनियाल, रमेश जैसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, कुशाल सिंह राणा, मोहन पेटवाल, विजय बिंदवाल, सतीश आदि मौजूद रहे।

# गांधी व शास्त्री को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गुरुवार को मानव अधिकार व महिला सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री सहित उत्तराखंड राज्य के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस मौके पर संगठन की और से बच्चों को कॉपी, पेंसिल व रबर आदि वितरण किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष इशरत ने कहा कि भारत की आजादी का सबसे बड़ा मूल मंत्र अंग्रेजों के अत्याचार दमन के खिलाफ अहिंसात्मक सत्याग्रह भारत के करोड़ों लोगों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दिया था

इस मैके पर संस्थापक मोइनुद्दीन, जिला सचिव इरशाद अहमद, राष्ट्रीय संगठन मंत्री चिरंजीवी सहगल, सबा कुरैशी, बसंत कौशिक व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एस कटारिया आदि मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एकत्रीकरण, पंच परिवर्तन पर जोर

**विकासनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विकासनगर खंड के बारोटीवाला मंडल में दशहरा उत्सव एवं संघ की शताब्दी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एकत्रीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन ढाकोवाला स्थित राम मंदिर परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में संघ के स्वयंसेवक, माताएं और बहनें शामिल हुई।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंशुल ने संघ के पंच परिवर्तन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि संघ की विचारधारा और संगठनात्मक कार्यशैली को सुदृढ़ बनाने के लिए हर स्वयंसेवक को इन पांच परिवर्तनों, पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता जगत सिंह चौधरी ने की। इस अवसर पर विकासनगर खंड सरसंघचालक रामचंद्र, मंडल पालक मनीष, खंड कार्यवाह हंसराज, आशीष, प्रियांशु, चमन, नैन सिंह, पंकज, गौरव, कुलदीप सहित अन्य ज्येष्ठ श्रेष्ठ स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दशहरा उत्सव के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया और समाज में एकजुटता एवं राष्ट्रहित में योगदान पर बल दिया गया।

### पालिकाध्यक्ष नीरू देवी ने सभासद व कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**विकासनगर।** नगरपालिका हरबर्टपुर में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिन पर पुष्पांजलि अर्पित की और स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत एक दिन एक घंटा कार्यक्रम के अंतर्गत पालिका अध्यक्ष नीरू देवी ने पालिका के सभासदों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। पालिका अध्यक्ष नीरू देवी ने सफाई कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने पर्यावरण मित्रों को स्वास्थ्य टूल किट का वितरण भी किया। इस मौके पर सभासद नेहा, सुरजीत सिंह बग्गा, अर्चन नेगी, विनोद कश्यप, राजेंद्र पटेल, सुबीर दास, सरिता थापा, मेघश्याम शर्मा, मोहन सिंह राठौर, पालिका स्वास्थ्य निरीक्षक जितेंद्र सिंह, वरिष्ट सहायक अभिनय कौशिक, कर लिपिक मंगल सिंह, कर सवांहर्ता राजीव कुमार, निर्माण लिपिक मनोज बिष्ट, आशुतोष शर्मा, सुंदर लाल, पर्यावरण सुपरवाईजर एवं समस्त पर्यावरण मित्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### लाखामंडल में गूंजे ढोल-दमाऊ बॉबी पंवार का हुआ भव्य स्वागत

**चकराता।** उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार रविवार को जब अपने पैतृक गांव लाखामंडल पहुंचे तो पूरे क्षेत्र का माहौल उत्साह और उल्लास से भर गया। ग्रामीणों ने परंपरागत ढोल-दमाऊ और लोकगीतों की थाप पर उनका जोरदार स्वागत किया। जगह-जगह फूलमालाओं और नारों के बीच पंवार का अभिनंदन हुआ। गांव पहुंचते ही पंवार सबसे पहले प्रसिद्ध शिव मंदिर में गए, जहां उन्होंने प्रदेश की समृद्धि और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की। मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी खुशी का इजहार किया। ग्रामीणों का कहना था कि लंबे समय तक प्रदेशभर में बेरोजगार युवाओं की आवाज उठाने के बाद पहली बार अपने गांव लौटे पंवार का स्वागत करना उनके लिए गर्व का क्षण है।

# कोटडा संतूर में प्रबुद्ध संवाद गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन (17 सितंबर) के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत देहरादून जिले के सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोटडा संतूर में मंगलवार को एक प्रबुद्ध संवाद गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।

इस गोष्ठी में स्थानीय मुद्दों, सामा. जिक सेवा, और ग्रामीण विकास पर विस्तृत चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू किया गया सेवा पखवाड़ा समाज सेवा का अनुपम उदाहरण है। यह अभियान न केवल सेवा की भावना को प्रज्वलित करता है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की नींव रखता है। कोटडा संतूर जैसे गांवों को मजबूत बनाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और उनके एकात्म मानववाद के दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सेवा, समर्पण और अंत्योदय का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन संतोष नेगी और अमित डबराल ने किया। गोष्ठी में राज्य मंत्री भुवन विक्रम डबराल, शहर मीडिया प्रभारी महानगर देहराद. ून संजय गुप्ता, प्रदेश कार्यकारी सदस्य संतोष रावत, नवीन रावत, ऋषभ अग्रवाल, देवेंद्र चावला, मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, सुखदेव फ्रासवान, जनार्दन जोशी, मंडल अध्यक्ष शशांक, और मंडल अध्यक्ष रवि कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नशे के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन करने की खाई कसम

**■ पूर्व कैबिनेट मंत्री ने पछवादून में फैलते नशे के जोरों पर जताई चिंता**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर तिलक भवन विकासनगर में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए और कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने कहा की गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से हमें अनेक प्रेरणा मिलती है हम आज सब लोग कसम खाते हैं कि हम अपने क्षेत्र में और उत्तराखंड में नशे के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन खड़ा करेंगे और सरकार को जगाने का काम करेंगे।

पूर्व केबिनेट मंत्री नवप्रभात ने चिंता जताते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र विक. ासनगर, सहसपुर में नशा जोरो पर फैल रहा है और सरकार का इस पर कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की वे ग्रामीण क्षेत्रों में पदयात्रा करके नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का काम करें।

नवप्रभात ने कहा कि आज बड़ा दुर्भाग्य का विषय है कि भारत नशे का अड्डा बनता जा रहा है। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास शर्मा, पीसीसी सदस्य संजय जैन, ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य संजय किशन, सरदार बलजीत सिंह, हाकम सिंह, रेखा रमोला, कुसुम कौशल, शशि चौहान, शेर सिंह, राजीव शर्मा, सुबोध वर्मा, जावेद खान, परवेज, इमरान खान, सदाकत अली जैदी, अनस मुनीर, साजिद अब्बासी, हरिओम कोहली, धीरेंद्र तड़ियाल, विपुल जैन, नईम, महबूब, पूर्व सभासद राजू बिंजोला आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सुभाष चंदेल ने किया।

# पछवादून में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

**■ अहंकार का प्रतीक धू-धू जला रावण राम के जय जयकारे से माहौल हुआ गुंजायमान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयदशमी पर गुरूवार को पछवादून क्षेत्रा में जगह जगह दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भगवान श्रीराम के उदघोष के साथ कई जगहों पर रावण के पुतले का दहन किया गया। पुतला दहन के दौरान आस पास का माहौल राम के जय जयकारे के साथ गुंजायमान हो गया।



श्री रामलीला समिति हरबर्टपुर में व नवयुवक रामलीला समिति डाकपत्थर द्वारा हनुमान पार्क डाकपत्थर में आयोजित की रामल. ीला के अंतिम दिन रावण के पुतला दहन से पूर्व राम की सेना और रावण की सेना के बीच युद्ध चला। भगवान राम के हाथों रावण, कुम्भकरण, मेघनाद का वध किये जाने के उपरान्त ही रावण के पुतले को दहन किया गया। युद्व के दौरान रंगबिरंगी आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठा। इसके साथ ही कई क्षेत्रों में अहंकार के प्रतीक रावण का पुतला दहन किया।

इस मौके पर नवयुवक रामलीला समिति के अध्यक्ष नीरज चौहान ने कहा कि हमें भगवान राम के आदर्शों पर चलना चाहिए। रामायण ने हमेशा जीवों का कल्याण किया है। हर व्यक्ति चाहता है कि उसके घर भगवान राम जैसा पुत्रा पैदा हो, जो उनकी आज्ञा का पालन करे।

दशहरा के मौके पर पूरे पछवादून में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखी। इस दौरान पुलिस अपनी पैनी निगाह रखे हुए थी। कोतवाल विकासनगर ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए विशेष सर्तकता बरती गई है। शहर में जगह-जगह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गई है। राज्य से सटी सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी गई है। प्रदेश में प्रवेश करने वाले वाहनों की सघन तलाशी जा रही है। सभी थाने और चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है।

# भाजयुमो ने गांधी जयंती पर राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा देहरादून द्वारा सेवा पखवाड़े कार्यक्रम के निमित डाकपत्थर बैराज पर महात्मा गांधी की मूर्ति के समीप कार्यकर्ताओं ने हाथों में झाड़ू लेकर सड़कों और गलियों की सफाई कर कचरा एकत्रित किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।



अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया और सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों, स्कूलों व गलियों की साफ-सफाई कर स्वच्छ भारत का संदेश दिया। पूर्व विधायक कुलदीप कुमार ने कहा महात्मा गांधी ने हमें स्वच्छता का महत्व सिखाया। यह अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमारे नागरिकों के बीच स्वच्छता को एक आदत बनाने का प्रयास है। जिला अध्यक्ष मीता सिंह ने बताया कि सेवा पखवाड़ा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज सेवा का एक संकल्प है जिसमें आमजन की भागीदारी के साथ सामाजिक और जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजयुमो संजय तोमर, मंडल अध्यक्ष भाजपा शुभम गर्ग, प्रमोद कुमार, आदित्य वर्मा, विनायक नौटियाल, अंकित जोशी,प्रशांत नेगी, जगप्रीत सिंह, सुमित टोंक, सारांश , नरेश कुमार, सर्वेश सकलानी, आयुष राणा आदि लोग मौजूद रहे।

# बरौंथा विद्यालय में अनियमितताएं उजागर प्रधानाध्यापक से तीन दिन में मांगा स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, चकराता द्वारा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरौंथा का 29 सितम्बर को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कई अकादमिक व प्रशासनिक कमियां सामने आईं।

निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार विद्यालय में सभी सात शिक्षक तो उपस्थित पाए गए, लेकिन वित्तीय और प्रशासनिक अभिलेखों में गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं। विद्यालय प्रधानाध्यापक के बैंक खाते की रोकड़ बही, लेजर पंजिका और आय-व्यय संबंधी बिल-बाउचर उपलब्ध नहीं कराए गए। इसी तरह शिक्षकों व कर्मचारियों की आकस्मिक अवकाश पंजिका वर्ष 2024-25 से अद्यतन नहीं पाई गई। छात्र निधि पंजिकाओं की जांच में भी खामियां मिलीं। रिपोर्ट में उल्लेख है कि 12 अप्रैल 2021 से व्यय विवरण दर्ज ही नहीं किया गया है। परीक्षा शुल्क और क्रीड़ा निधि से हुई खर्च की धनराशि भी पंजिकाओं में अंकित नहीं है। वहीं, 'प्रोजेक्ट उत्कर्ष' के अंतर्गत भेजी गई 8,000 रुपये की धनराशि से खरीदी गई मंकी नेट की जाली टूटी हुई पाई गई।

निरीक्षण में यह भी पाया गया कि शिक्षकों की सेवा पंजिकाएं अधूरी हैं और विशेष अवकाश का रिकॉर्ड संलग्न नहीं किया गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने इसे सरकारी कार्यों के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता करार दिया है।

इन खामियों को गंभीर मानते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक पवन कुमार से तीन कार्य दिवसों के भीतर तथ्यात्मक स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि संतोषजनक उत्तर न मिलने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी बुशरा ने बताया बरौंथा की तरह सभी माध्यमिक विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान सभी अभिलेखों की जांच की जाएगी।

# राष्ट्रीय दलों ने आंदोलनकारियों को सिर्फ छलने का किया काम: कुकरेती

**■ शहीद स्थल पार्क में मुजफ्फरनगर कांड की बरसी पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शहीद स्थल पार्क विकासनगर में आंदोलनकारी मंच एवं उत्तराखंड क्रांति दल के संयुक्त तत्वावधान में 2 अक्टूबर 1994 के मुजफ्फरनगर कांड की बरसी पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारी मंच के अध्यक्ष एवं उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय संरक्षक, वरिष्ठ आंदोलनकारी सुरेंद्र कुकरेती ने शहीद आंदोलनकारियों के प्रति अपनी भावपूर्ण श्रद्धा अर्पित करते हुए धार्मिक विधि-विधान के साथ तर्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुकरेती ने कहा कि यह दिन हमारे लिए केवल एक स्मृति दिवस नहीं है, बल्कि आत्मा को झकझोर देने वाला वह काला अध्याय है, जब महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसे महापुरुषों की जयंती के पावन अवसर पर, सत्ता के मद में चूर तत्कालीन सरकार ने निर्दोष और निहत्थे राज्य आंदोलनकारियों पर गोलियों की बौछार कराई तथा मातृशक्ति के साथ अमानवीय दुराचार जैसा घृणित कृत्य करवाया। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर 1994 की वह विभीषिका आज भी शरीर और आत्मा को कंपा देती है। कहा कि उत्तराखंड राज्य बने हुए पच्चीस वर्ष बीत चुके हैं, परंतु अब तक किसी भी सरकार ने उन दोषियों को न्याय के कठघरे में खड़ा नहीं किया। राष्ट्रीय दलों की सरकारों ने बार-बार आंदोलनकारियों को केवल छलने का कार्य किया है।



उन्होंने "मूल निवासी 1950 अधिनियम" को समाप्त किए जाने पर भी गहरी चिंता जताई।

कुकरेती ने कहा कि यदि हमें अपने शहीद आंदोलनकारियों की शहादत को सच्ची श्रद्धांजलि देनी है तो हमें फिर से एकजुट होकर इस राज्य को बचाने की लड़ाई लड़नी होगी। इस मौके पर वरिष्ठ नेता देवेंद्र कंडवाल, मनोज कंडवाल, जिला जिलाध्यक्ष गणेश काला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह नेगी, जिला महामंत्री मायाराम ममगाई, पूरण सिंह भट्ट, चन्दन सिंह सजवाण, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, महेंद्र सिंह नेगी, नरेंद्र कुकरेती, कमलेश रावत, सरोज मलासी, अमजद आदि ब्लॉक व नगर के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

# हर घर की थाली शुद्ध व परिवार की खुशियां सुरक्षित रहें: धामी

## मिलावटखोरों के खिलाफ नवरात्रों में शुरू हुआ अभियान है जारी

**पहले चरण की सफलता के बाद दशहरा-दीपावली पर अभियान, मुख्यमंत्री धामी के दिशा-निर्देश पर अभियान चला रहा एफडीईए**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं की सेहत से किसी भी प्रकार का समझौता न हो, इसके लिए खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तराखंड ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देश पर विशेष अभियान चलाया हुआ है। नवरात्रों में अभियान के पहले चरण की सफलता के बाद अब दशहरा और दीपावली को देखते हुए इसका दूसरा चरण शुरू कर दिया गया है।इस अभियान के तहत राज्यभर में मिठाई प्रतिष्ठानों, डेयरी उत्पाद विक्रेताओं, मिष्ठान भंडारों, नमकीन और अन्य खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय स्थलों पर सघन सैंपलिंग और निरीक्षण किए जा रहे हैं।

**छापेमारी अभियान लगातार जारी**

गढ़वाल और कुमाऊँ मंडल के सभी जनपदों में गठित टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। यात्रा मार्गों पर विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं और मोबाइल वैनों के माध्यम से सैंपलिंग की जा रही है। मुख्यालय स्तर से अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी स्वयं पूरी स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं।

> मुख्यमंत्री धामी ने कहा, त्योहार खुशियों और मिलन का समय होते हैं। मेरी प्राथमिकता यह है कि हर घर की थाली शुद्ध रहे और हर परिवार की खुशियाँ सुरक्षित रहें। जनता के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं होगा। मैंने विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मिलावटखोरों के खिलाफ बिना किसी रियायत के कठोर कार्रवाई की जाए। त्योहारों की खुशियाँ मिलावट से मुक्त हों, यही हमारी सरकार की जिम्मेदारी है।
>
> **- पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड**

> -त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिठाई और दूध-डेयरी उत्पादों में मिलावट की शिकायतें इस मौसम में अक्सर सामने आती हैं, जिन्हें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारा संकल्प है कि हर उपभोक्ता को शुद्ध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो। **- डॉ. आर. राजेश कुमार, आयुक्त, एफडीए**

**दोषियों पर सख्त कार्रवाई**

त्योहारों के दौरान मिलावटखोरों की सक्रियता को देखते हुए विभाग ने पहले से ही विशेष रणनीति बनाई है। प्रत्येक जनपद स्तर पर गठित टीमें मिठाई, दूध, खोया, घी, तेल, मसाले और अन्य लोकप्रिय खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर लैब में जांच हेतु भेज रही हैं। दोषी पाए जाने वालों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि मुख्यालय स्तर से अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## चोरी की बाइकों व स्कूटी के साथ दो वाहन चोर गिरफ्तार

**काशीपुर।** कोतवाली पुलिस ने दो चोरों को चोरी की तीन बाइकों व एक स्कूटी समेत गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोरों पर उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज है। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि पुलिस टीम नौगजा कब्रिस्तान के पास चैकिंग कर रही थी कि तभी एक बिना नंबर प्लेट की बाइक तथा एक स्कूटी पर दो व्यकित जा रहे थे। पुलिस चेकिंग को देखकर वह हड़बड़ाकर भागने लगे, पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पकड़ी गई बाइक को जब पुलिस ने चेक किया तो उसका इंजन नंबर व चेचिस नंबर की बाइक चोरी होने का मुकदमा थाने में दर्ज है। पकड़े गए अभियुक्तों से जब पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह नशे के आदी हैं तथा नशे की लत को पूरा करने के लिए वह अक्सर बाइकों की चोरी करते हैं। उक्त बाइक के अतिरिक्त उनकी निशानदेयी पर दो अन्य चोरी की बाइक भी बरामद की हैं।

## पुलिस लाइन में एसएसपी ने किया शस्त्र पूजन, नवनिर्मित सूर्या मंदिर का किया उद्घाटन



**देहरादून।** विजयदशमी के पावन पर्व पर पुलिस लाइन देहरादून में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा विधिवत शस्त्र पूजन किया गया। पुलिस विभाग की वर्षों से चली आ रही इस महत्वपूर्ण परंपरा का निर्वहन करते हुए, अधिकारियों और जवानों ने शस्त्रागार में शस्त्रों की पूजा की और अपने मूल मंत्र ष्शांति, सेवा तथा सुरक्षाष को दोहराया। इस दौरान उन्होंने एक बेहतर और सुरक्षित समाज के निर्माण के संकल्प को भी दोहराया।शस्त्र पूजन के उपरान्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित अश्वशाला में नवनिर्मित सूर्या मन्दिर का पूजा-अर्चना कर विधिवत उद्घाटन किया।यह आयोजन पुलिस बल में चली आ रही पारंपरिक आस्था और उनके कर्तव्यबोध को प्रदर्शित करता है।

# महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को याद किया

## जयंती पर देश के दोनों महापुरुषों को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिला कार्यालय अल्मोड़ा समेत जनपद भर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूम धाम से मनाई गई। इस दौरान कलेक्ट्रेट एवं विकासभवन सहित सभी कार्यालयों में समस्त स्टाफ द्वारा दोनो महान विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने गांधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। गांधीजी तथा शास्त्री जी के देश में किए गए योगदान को याद किया गया। श्री पांडेय ने गांधीजी एवं शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके विचारों एवं आदर्शों का पालन करते हुए उनके मूल्यों को अपने जीवन में उतारना ही उनको सच्ची एवं अच्छी श्रद्धांजलि होगी। गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि गांधी मात्र एक व्यकितत्व ही नहीं बल्कि एक विचारधारा है जो आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान एवं तत्कालीन परिस्थितियों में बहुत अंतर है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को देखा जाए तो गांधी जी का अहिंसा और सत्य का मार्ग सर्वोपरि है। हमारा देश उनका हमेशा ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि हमें भी अपनी अपनी जिम्मेदारियों का पालन करते हुए देश हित में कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने समस्त जनपदवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा ने भी गांधी जी और शास्त्री जी के सिद्धांतों और उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज उनके सिद्धांतों की प्रासंगिकता और भी महत्वपूर्ण है। उनके आदर्शों का पालन करके ही हम उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। इसके पश्चात भजन कीर्तन कर बापू के प्रिय भजनों को सामूहिक रूप से गाया गया। उपजिलाधिकारी संयज कुमार ने भी महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन अपर सांख्यिकी अधिकारी अशोक कुमार ने किया। इससे पूर्व गांधीजी एवं शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर आज नंदा देवी मंदिर परिसर से लेकर मुख्य बाजार से होते हुए चौघानपाटा तक प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। जिसमे गणमान्य व्यक्तियों, जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी, विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, शिक्षक एवं स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सभी ने देशभक्ति गीतों, नारों एवं गाजे बाजे के साथ प्रभातफेरी का आयोजन किया। प्रभातफेरी का समापन चौघानपाटा में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान मेयर अल्मोड़ा अजय वर्मा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, तहसीलदार सदर ज्योति धपवाल, डा. विद्या कर्नाटक समेत अन्य अधिकारी तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।













**अल्मोड़ा/रानीखेत।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में गुरुवार को गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज के नेतृत्व में झंडारोहण कर इन दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। यहां नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष राधा बिष्ट, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, भैरव गोस्वामी, पार्षद हेम चंद्र तिवारी, निर्मल रावत, फेमिना खान, परितोष जोशी, जगदीश पांडे कमलेश्वर कुमार, एनडी पांडेय, संदीप रावत, ललित अधिकारी, राहुल गोस्वामी सूरज वाणी, आशीष भारती, हिमांशु चौहान, प्रदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे। इधर, रानीखेत में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गुरुवार को कांग्रेस कमेटी रानीखेत द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। ताड़ीखेत स्थित गांधी कुटीर में भी विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट ने की। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, ज़िला हॉकी संघ के अध्यक्ष अगस्त लाल साह, वरिष्ठ कांग्रेसी हरीश आर्या, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, विश्व विजय सिंह माहरा, कोर्डिनेटर कुलदीप कुमार, दीप उपाध्याय, नीरज वरल्मीकि आदि कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

**बागेश्वर।** महात्मा गांधी की 156वीं जयंती एवं भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। जिले के राजकीय भवनों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नारायण सिंह नबियाल ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों का अनावरण कर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस और स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में गांधी जी का प्रिय भजन रामधुन भी प्रस्तुत किया गया। अपने सम्बोधन में अपर जिलाधिकारी ने दोनों महापुरुषों के जीवन और संघर्ष को प्रेरणा स्रोत बताते हुए कहा कि गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में बिताए 21 वर्षों से लेकर स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभाई। सत्य, अहिंसा, सहानुभूति और समानुभूति का भाव उन्होंने पूरे विश्व को दिखाया। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने भारत को न केवल स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया बल्कि खेती-किसानी और आत्मनिर्भरता की दिशा भी बताई। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री के ष्जय जवान, जय किसान के नारे को आज भी प्रासंगिक बताया और अधिकारियों से अपील की कि वे शून्य लंबित की भावना के साथ काम करें, जिससे जनता को समय पर लाभ मिल सके।

**इधर,** पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के द्वारा पुलिस लाइन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण कर उपस्थित पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को सत्य व अहिंसा की शपथ दिलात हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व शास्त्री जी के आदर्शों व बलिदानों का स्मरण किया गया।

**पंतनगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनायी गयी। पंतनगर विश्वविद्यालय ने आज भारत की दो महान विभूतियों, राष्ट्रपिता मोहनदास करमचन्द गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनको याद किया। गांधी पार्क में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान तथा सभी अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने गांधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर डा. मनमोहन सिंह चौहान ने गांधी जी एवं शास्त्री जी की कही हुई बातों एवं उनके आदर्शों को विश्वविद्यालय एवं शिक्षण के साथ-साथ व्यक्ति, समाज व राष्ट्र के संदर्भ में आज भी प्रासंगिक बताया तथा सभी से उनके आदर्शों को अपनाने के लिए आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. एएस जीना एवं उनकी टीम ने किया। इसके उपरांत कुलपति द्वारा गांधी भवन छात्रावास में भी माल्यार्पण कर विद्यार्थियों को गांधी जी एवं शास्त्री जी के आदर्शों को अपनाकर एक सम्मानित नागरिक बनने की प्रेरणा दी। **काशीपुर।** कार्यालय आयुक्त गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, काशीपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। गन्ना एवं चीनी आयुक्त त्रिलोक सिंह मार्तोलिया सहित विभाग के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा द्वारा इन विभूतियों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया गया। उनके द्वारा किए गए योगदान को याद किया गया।

## एक नजर

### यातायात सुधारने के लिए पुलिस ने कसी कमर

**बागेश्वर।** गरुड़ पुलिस ने यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कमर कस ली है। इस संबंध में पुलिस ने टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। नवनियुक्त प्रभारी कोतवाल कैलाश सिंह बिष्ट का टैक्सी यूनियन ने स्वागत किया। प्रभारी कोतवाल बिष्ट ने वाहन चालकों, टैक्सी यूनियन के सदस्यों, व्यापार मंडल आदि के साथ यातायात व्यवस्था के सुधारीकरण के संबंध में बैठक का आयोजन किया। सभी सदस्यों को यातायात के नियमों का पालन कर निर्धारित स्थान पर वाहन पार्किंग करने व सवारी भरने के स्थान से अवगत कराया गया। जिससे यातायात का सुचारू रूप से संचालन हो सके। साथ ही उपस्थित सदस्यों को नशे के सेवन व व्यापार से होने वाले दुष्परिणामों, साइबर अपराधों से बचाव, सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद कर नेक व्यक्ति बनने आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए हेल्पलाइन नं. 112 व थाना बैजनाथ का सीयूजी नंबर 9411112913 पर अपनी समस्या व शिकायत पुलिस को बताने के लिए जागरूक किया। इस दौरान टैक्सी यूनियन के संरक्षक महेश बोरा, अध्यक्ष कुंदन भंडारी, कमल पंत उपस्थित थे।

### नगर पालिका को सीएम ने सम्मानित किया

**बागेश्वर।** नगरपालिकाओं को ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है। दून में आयोजित कार्यक्रम में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल को प्रमाण पत्र प्रदान किया। पालिका को स्वच्छता पुरस्कार मिलने पर नगरवासियों ने खुशी जताई है। नगरपालिकाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सफाई के उत्कृष्ट मानक स्थापित करने और यूजर चार्ज स्थापित करने के लिए सम्मानित किया गया। पालिकाध्यक्ष खेतवाल ने बताया कि नगर में स्वयं सहायता समूह की 50 महिलाओं के माध्यम से चल रहे डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को प्रदेश भर में खूब सराहना मिली थी। नगर की इस अभिनव की पहल के चलते ही पालिका को देहरादून में सम्मानित किया गया है।


### विजयदशमी पर भव्य शोभायात्रा

**बागेश्वर।** देवी पूजा, दुर्गा पूजा समितियों और खरेही दुर्गा पूजा समिति द्वारा दुर्गा पूजा महोत्सव के अंतिम दिन विजय दशमी के अवसर पर नगर क्षेत्र में भव्य शोभा यात्रा ढोल नगाड़ों और छोलिया नृत्य के साथ पूरे नगर क्षेत्र में निकाली गई तथा प्रकृति ने बादलों की गड़गड़ाहट और बारिश के साथ शोभा यात्रा में अपनी उपस्थिति भी दर्ज की। अंत में माता के जयकारों के साथ माता के भक्तों ने बारी-बारी से मूर्तियों का सरयू नदी में विसर्जन किया। इस अवसर पर उमेश शाह, नवीन शाह, राजेंद्र उपाध्याय, कमल नेगी, मनोज जोशी, बलवंत नेगी, जीवन तिवारी, विजय वर्मा, गरिमा, बबिता, हेमा, प्रेमा और नीमा श्रद्धालु मौजूद थे।

### बाल विज्ञान महोत्सव कल

**बागेश्वर।** 4 अक्टूबर को मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय सभागार में चतुर्थ सीमान्त पर्वतीय जनपद बाल विज्ञान महोत्सव का जनपद स्तरीय आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में विज्ञान कविता हिन्दी/स्थानीय भाषा, विज्ञान कविता अंग्रेज़ी भाषा, विज्ञान मॉडल, विज्ञान क्विज, और विज्ञान नाटक जैसी विभिन्न 5 गतिविधियों में जूनियर और सीनियर वर्ग के प्रतिभागी भाग लेंगे। तीनों विकास खंडों से 40-40 प्रतिभागी इस महोत्सव में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह महोत्सव उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, यूकोस्ट देहरादून के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। गौरतलब है कि चतुर्थ राज्य स्तरीय पर्वतीय जनपद बाल विज्ञान महोत्सव का आयोजन आगामी 16 एवं 17 अक्टूबर को जनपद रुद्रप्रयाग में किया जाएगा। यह जानकारी दीप चन्द्र जोशी प्रधानाचार्य ने दी।

## कांग्रेसियों ने किया नमन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** एनडी तिवारी एससी गुड़िया कांग्रेस नवचेतना भवन में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने किया। इस अवसर पर दोनों महानुभावों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनकी तस्वीरों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के विचार एवं आदर्श आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा, महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन,पीसीसी सदस्य अलका पाल, प्रदेश सचिव मंसूर मंसूरी, जितेंद्र सरस्वती, महेंद्र बेदी, रियासत प्रधान, गौरव चौधरी, सारीम सैफी, राकेश भगत, अजीत शर्मा, विमल गुड़िया, अब्दुल कादिर, हनीफ गुड्डू आदि सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महापौर दीपक बाली के नेतृत्व में शुरू किया गया सफाई अभियान



**काशीपुर।** आज यहां नगर निगम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर देश के दोनों महान सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाए जा रहे स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़े के तहत अपने राष्ट्र शहर गांव एवं गली तथा घर को साफ स्वच्छ और सुंदर रखने की शपथ ली गई। इस अवसर पर महापौर दीपक बाली के नेतृत्व में स्फाई अभियान शुरू किया गया और नगर निगम अधिकारियों कर्मचारियों पार्षदों भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं पर्यावरण मित्रों ने नगर निगम से शुरू होकर मुख्य चौराहा होते हुए स्व. सत्येंद्र चंद्र गुड़िया मार्ग और पोस्ट ऑफिस रोड होते हुए सड़कों की सफाई की तथा शहर को साफ और स्वच्छ रखने का संदेश दिया। महापौर दीपक बाली, नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट, सहायक नगर आयुक्त कमल मेहता, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, इंतजार हुसैन, ईश्वर चंद्र गुप्ता, अर्जुन सिंह, मानवेंद्र सिंह मानस, मोहन बिष्ट, नगर स्वास्थ्य अधिकारी अमरजीत सिंह साहनी, स्फाई निरीक्षक मनोज बिष्ट, लवीश अरोरा, सुशील शर्मा, अभिषेक गोयल, राजू सेठी, गौरव सक्सेना, राजकुमार यादव, राजीव अरोरा बच्चू, मुकेश पाहवा, सर्वेश शर्मा शशि, पार्षद पुष्कर बिष्ट, राशिद फारूकी, सलीम, अशोक सैनी, सीमा सागर, खालिद हुसैन, अनिल कुमार, मयंक मेहता, प्रिंस बाली, प्रधान संघ के अध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सी, अजय बन्नू और दर्जनों पर्यावरण मित्रों ने नगर निगम परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बारिश से पानी-पानी हुआ दशहरा मेला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** रामलीला मैदान में रावण और मेघनाद के विशालकाय पुतले दहन के लिए तैयार थे, लेकिन बारिश होने की बजह से पुतले बुरी तरह भीगकर क्षतिग्रस्त हो गये। अचानक आई बारिश से दुकानदारों का भी काफी नुकसान हो गया। रामलीला कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि इस बार रावण व मेघनाद के पुतलों की लंबाई 50-55 फिट है।

दोनों पुतलों को बनाने में 15 दिन से अधिक समय लगा, जिसे 12 लोगों की टीम ने तैयार किया था, लेकिन बारिश ने सारा काम खराब कर दिया। पुलिस प्रशासन ने दशहरे मेले को लेकर जगह-जगह बेरीकैटिंग की है तथा मेले में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। कोतवाली प्रभारी हरेंद्र चौधरी ने बताया कि मेले में सुरक्षा के लिए पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। मेले के समय रामनगर रोड का ट्रैफिक बंद कर दिया जाएगा उक्त ट्रैफिक को टांडा उज्जैन होते हुए चैती चौराहे से भेजा जाएगा तथा रामनगर से आने वाले ट्रैफिक को चीमा चौक से निकलकर चैती चौराहे टांडा उज्जैन तक भेजा जाएगा। उधर रामलीला कमेटी के प्रधान प्रबंधक महेश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार की शाम 5 बजे बृंदावन के कलाकारों द्वारा फूलों की होली खेली जायेगी, जिसमें सभी धर्मप्रेमी जनता से अनुरोध है कि वे समय पर पहुंचकर इस पुण्य का लाभ उठाएं।

**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपकम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार । मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांकः- 7145/वि0.वि0.ख0.ह0./शटडाउन/ई0ई0/ दिनांक-30.09.2025

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि तालिका में वर्णित तिथि व समय में सम्बन्धित उपसंस्थान पर अनुरक्षण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लिखित तिथि व समय पर आंशिक/पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्रम स0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान आर्यनगर | उक्त उपसंस्थान से पोषित समस्त पोषक | 03.10.2025/शुक्रवार | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक। | आर्य नगर, नन्दपुरी, शारदा नगर, रेलवे फाटक रोड तथा उक्त उपसंस्थान से पोषित होने वाले सभी घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

**अधिशासी अभियन्ता**

'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं'
Toll free No- 1800-419-0405
''राष्ट्रहित में विद्युत बचायें''

खेल विशेष

## भारत के पास अच्छे और अग्रणी तैराक हैं: माइकल बोहल

**अहमदाबाद, वार्ता।** चीन की टीम के तैराकी कोच माइकल बोहल ने कहा है कि भारत के पास अच्छे और अग्रणी तैराक हैं, बस उसे और अधिक तैराकों की जरूरत है। भारत ने 11वीं एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार रजत, नौ कांस्य सहित कुल 13 पदक जीते और नौवां स्थान हासिल किया, जो कि वाटर स्पोर्ट्स में देश की बढ़ती प्रभुता का प्रमाण है।

भारत ने इस खेल में अपनी पहचान बनाना शुरू कर दिया है, जिसमें श्रीहरि नटराज, ऋषभ दास, कुशाग्र रावत, रोहित बी बेनेडिक्टॉन, साजन प्रकाश और भव्या सचदेवा जैसे युवा तैराक उभर रहे हैं। इन सबने तैराकी में भारत के लिए व्यक्तिगत पदक जीते, जबकि इंदिवर सैरेम और विल्सन सिंग निंगथौजम ने डाइविंग में भारत को पहला पदक दिलाकर इतिहास रच दिया। बोहल ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत ने यहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। कुछ बेहतरीन खिलाड़ी भी हैं।पुरुषों ने विशेषकर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि बुधवार रात 400 मीटर फ्रीस्टाइल में एक महिला ने पदक जीता। इसलिए जब भी आप किसी एशियाई स्तर की प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचते हैं, तो यह देश के लिए अच्छी बात होती है। श्रीहरि नटराज ने सात पदक (3 व्यक्तिगत, 4 रिले) के साथ भारतीय दल का नेतृत्व किया। इसके अलावा भारतीय दल में वृत्ति अग्रवाल, धीनिधि देसिंघु, सान्वी देशवाल, अद्वैत पेज, निथिक नथेला और जशुआ थॉमस दुरई जैसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने इस एशियाई प्रतियोगिता में अपार संभावनाएं और क्षमता दिखाई।

# अहमदाबाद टेस्ट: पहले दिन भारत का स्कोर 121/2




## केएल राहुल फिफ्टी बनाकर नाबाद लौटे, विंडीज पहली पारी में 162 रन पर ऑलआउट

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच अहमदाबाद में खेला जा रहा है। इंडिया ने गुरुवार को पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 121 रन बनाए। केएल राहुल 53 और कप्तान शुभमन गिल 18 रन पर नाबाद लौटे हैं। राहुल ने टेस्ट करियर की 20वीं फिफ्टी लगाई है। साई सुदर्शन 7 रन और यशस्वी जायसवाल 36 रन बनाकर आउट हुए। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम टी-ब्रेक से पहले 162 रन पर ऑलआउट हो गई थी। जस्टिन ग्रीव्स ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। विकेटकीपर शाई होप 26 और कप्तान रोस्टन चेज 24 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट झटके, जबकि जसप्रीत बुमराह को 3 विकेट मिले। बुमराह घरेलू मैदानों पर सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज बने। 34वें ओवर में केएल राहुल ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की 5वीं बॉल को लान्ग की ओर खेला और एक रन दौड़कर फिफ्टी पूरी की। राहुल ने राहुल टेस्ट करियर की 20वीं फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने भारत में 11 फिफ्टी लगाई है। 30वें ओवर में भारतीय टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। खारी पियर के ओवर की चौथी बॉल पर गिल ने चौका लगाकर टीम स्कोर 100 पार पहुंचाया। 25वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर साई सुदर्शन 7 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रोस्टन चेज ने एलबीडब्ल्यू कर दिया। यशस्वी जायसवाल (36 रन) को जैडन सील्स ने कैच कराया। 19वें ओवर में भारतीय टीम ने पहला विकेट गंवाया। यहां यशस्वी जायसवाल 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैडन सील्स ने विकेटकीपर शाई होप के हाथों कैच कराया। 15वें ओवर में यशस्वी जायसवाल ने जस्टिन ग्रीव्स के ओवर में तीन चौके लगाए। उन्होंने पहली, दूसरी और छठी बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया।




## बुमराह भारत में सबसे तेजी से 50 विकेट पूरे करने वाले भारतीय बने

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुम. राह ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के शुरुआती दिन प्रभावित किया। बुमराह एशिया कप में भी शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने इस लय को टेस्ट प्रारूप में भी बरकरार रखी। बुमराह ने पहली पारी में तीन विकेट लिए और इसके साथ ही उन्होंने जवागल श्रीनाथ के रिकार्ड की बराबरी कर ली। बुमराह भारत में सबसे तेज 50 विकेट पूरे करने वाले तेज गेंदबाज बन गए। बुमराह ने इस दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने भारत में 24 टेस्ट पारियों में 50 विकेट पूरे कर लिए। बुमराह से पहले श्रीनाथ ने भी इतनी ही पारियों में भारत में 50 टेस्ट विकेट पूरे किए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर कपिल देव हैं जिन्होंने 25 पारियों में भारत में 50 टेस्ट विकेट पूरे किए थे। वहीं, ईशांत शर्मा और शमी ने 27-27 पारियों में ऐसा किया है।

## राष्ट्रव्यापी फिट इंडिया फ्रीडम रन 6-0 का हुआ आयोजन

● **भारत के प्लॉग मैन नीतू दमन विशिष्ट अतिथि थे, यह दौड़ देशभर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई**


**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को फिट इंडिया मिशन ने एकल-प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने और नागरिकों को सभी सार्वजनिक स्थानों को कूड़ा-कचरा मुक्त रखने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु पूरे उपमहाद्वीप में फ्रीडम रन 6-0 का आयोजन किया।

आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में युवा मामले एवं खेल मंत्रालय और फिटस्पायर, रेड एफएम और रैपिडो के सहयोग से 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 6-0' का आयोजन किया गया। इसमें मंत्रालय के अधिकारियों और व्यक्तियों ने प्लॉग रन में भाग लिया इस दौरान सुबह-सुबह कूड़ा उठाने के साथ-साथ एक छोटी दौड़ भी हुई। इस पहल के मुख्य अतिथि स्वच्छता अभियान की अगुवाई खेल मंत्रालय के सचिव हरि रंजन राव ने की। भारत के प्लॉग मैन रिपु दमन विशिष्ट अतिथि थे। यह दौड़ का देश भर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई। 'स्वच्छता से स्वास्थ्य की ओर', अर्थात 'स्वच्छता के माध्यम से अच्छे स्वास्थ्य की ओर', की टैगलाइन के साथ, फिट इंडिया फ्रीडम रन में संयुक्त सचिव खेल कुणाल और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के उप महा. निदेशक मयंक श्रीवास्तव भी शामिल हुए।

## डीके का हांगकांग सिक्सेज के साथ करार

**हांगकांग, वार्ता।** दिनेश कार्तिक ने हांगकांग सिक्सेज के साथ करार किया है। हाल ही में आईएलटी-20 में शारजाह वॉरियर्स के लिए खेलने के लिए सहमत होने के बाद, कार्तिक (40) अपने पूर्व भारतीय और तमिलनाडु टीम के साथी आर अश्विन के साथ जुड़ेंगे, जिन्होंने पहले इस सिक्स-ए-साइड टूर्नामेंट में भाग लेने की पुष्टि की थी। आयोजकों, क्रिकेट हांगकांग,ने कहा कि कार्तिक भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे।

कार्तिक ने कहा कि हांगक. ांग सिक्सेस में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका इतिहास इतना समृद्ध और वैश्विक है। मैं ऐसे खिलाड़ियों के समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं जिनके नाम अविश्वसनीय रिकॉर्ड हैं। हम साथ मिलकर




● **हांगकांग सिक्सेज में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है: दिनेश कार्तिक**

प्रशंसकों को खुशी प्रदान करेंगे और निडर और मनोरंजक क्रिकेट खेलेंगे। यह टूर्नामेंट 7 से 9 नवंबर तक चलेगा। क्रिकेट हांगकांग चीन के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के कप्तान के रूप में दिनेश का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उनका नेतृत्व और अनुभव इस प्रतियोगिता में अपार मूल्य जोड़ेंगे, और हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति दुनिया भर के प्रशंसकों को इस शानदार क्रिकेट उत्सव का गवाह बनने के लिए आकर्षित करेगी। इस तीन दिवसीय आयोजन में कुल 12 टीमें भाग लेंगी: दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, नेपाल, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, यूएई, भारत, पाकिस्तान, कुवैत, श्रीलंका, बंगलादेश और हांगक. ांग । टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है और भारत और पाकिस्तान को, उम्मीद के मुता. बिक, एक ही ग्रुप (ग्रुप सी) में रखा गया है। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी। क्वार्टर फाइनल की विजेता टीमें कप सेमीफाइनल में खेलेंगी।

## दबंग दिल्ली को हराकर जीत की पटरी पर लौटना चाहेंगे यूपी योद्धाज

**चेन्नई, वार्ता।** यूपी योद्धाज अपने हालिया अनुभवों को सीखे हुए सबक में बदलने के इरादे से टेबल-टॉपर्स दबंग दिल्ली केसी एम से भिड़ने के लिए तैयार हैं। यह मुकाबला 3 अक्टूबर को चेन्नई के एसडीएटी मल्टी-पर्पज इंडोर स्टेडियम में रात 8 बजे से शुरू होगा और दर्शकों को अटैकिंग कौशल और डिफेंसिव मजबूती का अनोखा मिश्रण देखने को मिलेगा। पिछले मैच में यूपी योद्धाज गुजरात के खिलाफ 27-33 से हार गए थे, लेकिन प्रदर्शन ने टीम की बढ़ती संतुलन क्षमता को उजागर किया, खासकर रेडिंग व डिफेंस दोनों में। कई खिलाड़ी इस मुकाबले में सामने आए और टीम अब इस प्रतिस्पर्धी आत्मा को लीग लीडर्स के खिलाफ जीत में बदलने के इरादे से मैदान में उतरेगी।



## चाइना ओपन के सेमीफाइनल में कोको

**बीजिंग, वार्ता।** अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ ने गुरुवार को जर्मनी की ईवा लिस को हराकर चाइना ओपन के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइन में जगह बना ली। आज यहां खेले गए क्वार्टर फाइनल में गॉफ ने डेढ़ घंटे तक चले मुकाबले में जर्मनी की लिस को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब गॉफ का सामना सेमीफाइनल में दो बार की ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी या अमांडा अनिसिमोवा से होगा। यह तीसरी बार होगा जब 21 वर्षीय खिलाड़ी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के इस चरण में पहुंची हैं। मैच के बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी के बारे में गॉफ ने कहा कि वह एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी हैं, उन्होंने दौड़ते हुए कुछ अविश्वसनीय शॉट लगाए। मैं आक्रामक बने रहने की पूरी कोशिश कर रही थी। बस अपने खेल पर भरोसा बनाए रखना चाहती थी और जब मैं बढ़त बना रही थी तो बहुत अधिक निष्क्रिय नहीं रहना चाहती थी।

## अश्विन ने पूरे बीबीएल सीजन के लिए अनुबंध किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में पूरे सीजन के लिए प्रतिबद्धता जताई है और सिडनी थंडर के सभी मैचों में खेलेंगे। उन्होंने शुरुआत में एक छोटे कार्यकाल के लिए अनुबंध किया था, जिसमें केवल कुछ लीग मैच और प्लेऑफ शामिल थे, लेकिन अब उन्होंने पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहने के लिए अपने अनुबंध को बढ़ा दिया है। बीबीएल इस वर्ष 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलेगा।

अश्विन की बीबीएल में विस्तारित भागीदारी एक स्पष्ट कारण से है। बुधवार को नीलामी के पहले दौर में न बिकने के बाद आईएलटी-20 में उनका नियोजित कार्यकाल पूरा नहीं हो सका। उन्होंने बाकी राउंड से तुरंत अपना नाम वापस ले लिया, क्योंकि वे कम वेतन पर लीग में खेलने को तैयार नहीं थे। अश्विन ने आईएलटी-20 नीलामी में 120,000 डॉलर के आधार मूल्य के साथ प्रवेश किया था, जो पंजीकृत खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा था, लेकिन घटनाक्रम से निराश थे। अश्विन ने क्रिकबज से कहा कि यही वह कीमत थी जो मैं न्यूनतम चाहता था, और अगर मेरी कीमत पूरी नहीं होती है तो मैं अपने करियर के इस पड़ाव पर नहीं खेलने को लेकर खुश हूं। अगले राउंड में चुने जाने की हमेशा संभावना थी, लेकिन उन्होंने आगे नहीं खेलने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि थंडर के साथ हुए सौदे के कारण मैं नीलामी से कुछ दिन पहले ही नाम वापस लेने वाला था, लेकिन चूंकि मैंने पहले ही आईएलटी-20 के लिए नीलामी में भाग लेने का वादा कर दिया था, इसलिए मैंने अपना वादा निभाया। हालांकि, मैं अपना आधार मूल्य कम करने के लिए सहमत नहीं हुआ। उन्होंने गुरुवार को इस वेबसाइट से यह भी पुष्टि की कि उन्होंने पूरे सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ अनुबंध कर लिया है। उन्होंने कहा कि मैंने पूरे सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ अनुबंध कर लिया है।




## आईएल टी-20 के पहले प्लेयर ऑक्शन में अनसोल्ड रहे रविचन्द्रन अश्विन

**दुबई, वार्ता।** दुबई में हुए आईएल टी-20 के पहले ऑक्शन में छह अंकों में अपना बेस प्राइस रखने वाले इकलौते खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन अनसोल्ड रहे हैं। पूर्व भारतीय स्पिनर का नाम एक्सीलेटर राउंड के दौरान नहीं बोला गया लेकिन इस बात की उम्मीद है कि वह वाइल्ड कार्ड के रूप में आगामी सीजन का हिस्सा बन सकते हैं। एमआई एमिरेट्स और डेजर्ट वाइपर्स दो ऐसी फ्रेंचाइजी हैं जिन्होंने अब तक अपनी वाइल्डकार्ड साइनिंग नहीं की है। पाकिस्तान से बाहर टी-20 लीग में हिस्सा लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ियों के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) को पीसीबी द्वारा रद्द किए जाने के बावजूद वाइपर्स इकलौती टीम रही जिसने पाकिस्तान के खिलाड़ियों के लिए बोलियां लगाई। ऐसा क्यों किया गया इसका कोई कारण सामने नहीं आया है।

## विश्व कप के पहले मैच ने दर्शक संख्या का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** गुवाहाटी में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के उद्घाटन मैच ने महिला क्रिकेट में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की गुवाहाटी में ऐतिहासिक शुरुआत हुई, जहां भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए पहले मैच ने किसी भी महिला क्रिकेट विश्व कप में दर्शकों की संख्या का नया रिकॉर्ड बनाया। एसीए स्टेडियम में खेले गए इस मैच में 22,843 दर्शक आए, जो किसी भी महिला विश्व कप के ग्रुप चरण के सबसे अधिक दर्शकों वाले मैच का रिकॉर्ड है। 15,935 दर्शकों का पिछला रिकॉर्ड 2024 में भारत-पाक महिला टी20 विश्व कप ग्रुप ए मुकाबले के दौरान बना था। यह कीर्तिमान इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का नवीनतम कीर्तिमान है, जिसने प्रशंसकों की पहुंच और महिला क्रिकेट इतिहास में रिकॉर्ड पुरस्कार राशि के मामले में भी नए मानक स्थापित किए हैं।

# मूलर 35वां खिताब जीतकर जर्मनी के सबसे सफल खिलाड़ी बने

● **मूलर ने अपने करियर का 300वां गोल भी किया, जिसमें उन्होंने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल पेनल्टी में बदला**

**बर्लिन, वार्ता।** वैंकूवर व्हाइटकैप्स के स्ट्राइकर थॉमस मुलर ने कहा कि अपने करियर का 35वां खिताब जीतने के बाद से उनके फोन की घंटी बजती ही रही है, जिससे वह जर्मन फुटबॉल इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ी बन गए हैं।

दोस्तों, पूर्व साथियों और रिश्तेदारों ने 36 वर्षीय इस खिलाड़ी को बधाई देने के लिए फोन किए, जिन्होंने बायर्न म्यूनिख के अपने पूर्व साथी टोनी क्रूस (34 खिताब जीतने वाले) को पीछे छोड़ दिया। दोनों ने 2014 फीफा विश्व कप साथ मिलकर जीता था। मुलर को सबसे हालिया उपलब्धि कैनेडियन चैंपियनशिप के साथ मिली, जब व्हाइटकैप्स ने फाइनल में वैंकूवर एफसी को 4-2 से हराकर कॉनकाकाफ चैंपियंस लीग में जगह पक्की की। उन्होंने अपने करियर का 300वां गोल भी किया, जिसमें उन्होंने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल पेनल्टी में बदला। इसके बाद, उन्होंने सुनहरे '300' से सजा एक छोटा सा केक भेंट करके इस उपलब्धि का जश्न मनाया। 13 सितम्बर को अपने जन्मदिन के कुछ ही हफ्ते बाद, मुलर ने मजाक में कहा कि अपने माता-पिता से मिलने के दौरान कि मैंने उनसे कहा था, यह मैच का दिन है, जन्मदिन का नहीं।




अपने रिकॉर्ड जीत के बावजूद, मुलर ने कहा कि वह खुद को 'खिताब संग्रहकर्ता' नहीं मानते। तुलना करना बेमानी है। कुछ ने चैंपियंस लीग ज्यादा बार जीती है, तो कुछ ने ज्यादा राष्ट्रीय खिताब। उन्होंने क्रूस के छह चैंपियंस लीग खिताबों और उनके दो खिताबों का जक्रि करते हुए कहा कि मैं मैदान पर भावनाओं के लिए खेलता हूं, खिताबों के लिए नहीं। मुझे इस बात की कद्र है कि हमने साबित कर दिया कि हम कनाडा की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं। उन्होंने आगे कहा कि आंकड़े ज्यादा मायने नहीं रखते: मैं अपनी विरासत को बेहतर बनाने के लिए नहीं खेलता।

# अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और 58 रनों से रौंदा

**ब्रिसबेन, वार्ता।** दीपेश देवेंद्रन और खिलन पटेल ने (तीन-तीन विकेट) तथा अनमोलजीत सिंह और किशन कुमार (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारतीय अंडर 19 टीम ने पहले मैच के तीसरे दिन गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 49.3 ओवर में 127 के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला पारी और 58 रनों से जीत लिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने कल के आठ रन पर एक विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी ऑस्ट्रेलिया के कल के स्कोर में दो रन का इजाफा हुआ था कि देवेंद्रन ने स्टीवन होगन (तीन) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 13वें ओवर में देवेंद्रन ने एलेक्स ली यंग (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। भारतीय गें. दबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी अधिक देर तक नहीं टिक सके और विकेट गंवाते रहे। कप्तान विल मालाजचुक (22), जेड हॉलिक (13) को खिलन पटेल ने आउट किया। अनमोलजीत सिंह ने साइमन बुडग (शून्य) को खाता खोलने भी नहीं दिया।

## विदेशी एथलीटों ने बनाए दो विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में गुरुवार को सईद अफरोज (ईरान) ने पुरुषों की भाला फेंक एफ 34 स्पर्धा के फाइनल में और सफिया जेलल (अल्जीरिया) ने महिलाओं की गोला फेंक एफ 57 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रिकार्ड बनाए।

यहां जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में सईद अफरोज ने 41.52 मीटर की दूरी नापी और 2024 में कोबे में बनाए गए अपने ही 41.16 मीटर के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया, जबकि सफ़िया जेलल ने 11.67 मीटर की दूरी नापी और 2024 में बनाए गए अपने ही 11.62 मीटर के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। यहां स्थापित विश्व रिकॉर्डों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है, जबकि अब तक 65 नए चैंपियनशिप रिकॉर्ड स्थापित किए जा चुके हैं। विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ37 स्पर्धा के फाइनल में अपने पदार्पण पर भारत के 19 वर्षीय हैनी के लिए यह निराशाजनक रहा।

### मुख्यमंत्री पीएस धामी ने मुजफ्फरनगर में रामपुर तिराहा शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# आंदोलनकारियों को सरकार चला रही कल्याणकारी योजनाएंः सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को शहीद स्थल रामपुर तिराहा, मुजफ्फरनगर (उ.प्र. ) में उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी शहीदों की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि रामपुर तिराहा शहीद स्थल के री-डेवलपमेंट का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। संग्रहालय को भव्यता प्रदान करने के लिए कार्य किए जाएंगे।इस स्थल पर एक कैंटीन बनाई जाएगी और उत्तराखण्ड की बसों को ठहरने के लिए स्टॉपेज भी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2 अक्टूबर 1994 का रामपुर तिराहा गोलीकांड, उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन के इतिहास में सबसे क्रूर और गहरे घाव देने वाले काले अध्याय के रूप में अंकित रहेगा। आज भी उस बर्बर गोलीकांड और महिलाओं की अस्मिता पर किए गए अमानवीय अत्याचारों को याद करके प्रत्येक उत्तराखंडी की रूह कांप उठती है। जिन पर जनता की रक्षा की जिम्मेदारी थी, उन्होंने ही हिंसा और बर्बरता की सारी हदें पार कर दी थीं। एक शांतिपूर्ण आंदोलन को निर्दयतापूर्वक कुचलने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें सदा याद दिलाता रहेगा कि उत्तराखंड की नींव हमारे शहीदों ने अपने खून से सींची है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे आंदोलनकारियों के त्याग, तपस्या और बलिदान के परिणामस्वरूप ही हमें अलग राज्य मिला।आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के लिए राज्य सरकार ने नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया है। शहीद आंदोलनकारियों के परिवारों के लिए 3000 रुपये मासिक पेंशन की सुविधा प्रारंभ की गई है। साथ ही घायल और जेल गए आंदोलनकारियों को 6000 रुपये तथा सक्रिय आंदोलनकारियों को 4500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। सरकार ने चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों को



पहचान पत्र जारी करने के साथ ही 93 आंदोलनकारियों को राजकीय सेवा में सेवायोजित भी किया है। आंदोलनकारियों को सरकारी बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा भी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलन में हमारी मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उनका सम्मान करते हुए राज्य सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया गया। रामपुर गोलीकांड के समय इस क्षेत्र के लोगों द्वारा राज्य आंदोलनकारियों की सहायता को चिरस्थायी बनाने हेतु रामपुर, सिसौना, मेघपुर और बागोंवाली में जनमिलन केन्द्रों का निर्माण कराया गया है। शहीद स्मारक हेतु भूमि दान करने वाले स्वर्गीय महावीर शर्मा के योगदान को चिरस्थायी बनाने के लिए शहीद स्मारक में उनकी प्रतिमा भी स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में सबसे पहले समान नागरिक संहिता कानून लागू कर राज्य में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और कर्तव्य सुनिश्चित किए गए हैं। राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले 4 वर्षों में उत्तराखंड के लगभग 24 हजार से अधिक युवाओं ने सरकारी नौकरियां प्राप्त की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार देवभूमि उत्तराखंड की डेमोग्राफी को संरक्षित रखने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश में सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया गया है। 9 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। राज्य में सख्त दंगारोधी कानून बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नया कानून लागू कर मदरसा बोर्ड को समाप्त करने का निर्णय भी लिया गया है। इस कानून के लागू होने के बाद 1 जुलाई 2026 से उत्तराखंड में केवल वही मदरसे संचालित हो पाएंगे, जिनमें सरकारी बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा। राज्य में सनातन संस्कृति को बदनाम करने वालों के विरुद्ध 'ऑपरेशन कालनेमि' के माध्यम से निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, कपिल देव, पूर्व सांसद सजीव बालियान, विधायक रूड़की प्रदीप बत्रा, विधायक खानपुर उमेश कुमार, विधायक झबरेड़ा विरेंद्र जाति, दर्जाधारी श्रीमती मधु भट्ट, राजेंद्र अंथवाल, शोभाराम प्रजापति, सचिव युगल किशोर पंत, जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार प्रमेन्द्र डोभाल, राज्य आंदोलनकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## बीएसएम कॉलेज में गांधी व शास्त्री जयंती पर फहराया तिरंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ बनाई गई। कार्यक्रम में ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट प्रबंधक बीएसएम इंटर कॉलेज अध्यक्ष बीएसएम शिक्षण संस्थान ,एव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट सचिव बीएसएम शिक्षण संस्थान मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। सबसे पहले मुख्य अतिथियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया और अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथियों ने कीर्ति शेष परम आदरणीय मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार के चित्र पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों ने ध्वज फहराया और स्काउट एनसीसी और राष्ट्रीय सेवा योजना की परेड का निरीक्षण किया। छात्रों ने स्वागत गीत से मुख्य अतिथियों का स्वागत किया और सरस्वती वंदना करके विद्या की देवी को याद किया। मुख्य अतिथियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन के विषय में छात्रों को विस्तार से बताया और कहां कि हमें अपने राष्ट्रीय पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाने चाहिए और देश को



आजाद कराने वाले शहीदों को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि देनी चाहिए। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरा जीवन सत्य और अहिंसा को समर्पित कर दिया था उन्होंने अपना पूरा जीवन भारत को आजाद करने के लिए बलिदान कर दिया और लाल बहादुर शास्त्री जी ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में देश को खाद्यान्न संपन्न बनाने के लिए देशवासियों से एक दिन का उपवास रखने का आग्रह किया था। वास्तव में लाल बहादुर शास्त्री जी मां भारती के वीर सपूत थे मुख्य अतिथियों ने सभी छात्रों को अपना शुभ आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने मुख्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे दो महान सपूतों का जन्म दिवस है एक ने अहिंसा की लड़ाई लड़ी और देश को आजादी दिलाई और दूसरे ने जय जवान और जय किसान का नारा देकर किसानोऔर सैनिकों का मान बढ़ाया हमें अपने दोनों सपूतों को याद रखना चाहिए और सच्चे श्रद्धा सुमन अर्पित करने चाहिए। प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम में पहुंचने के लिए उनका धन्यवाद अदा किया। प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों को अपना शुभ आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अमित कपिल द्वितीय पाली प्रभारी डी एन पांडेय प्रमोद शर्मा कमल मिश्रा नीरज वर्मा अखिलेश मोहन स्काउट मास्टर मैनपाल सेकंड ऑफिसर कमल मिश्रा डॉ उडेयन राजपूत विनय वर्मा मोहित पवन कपिल अंकित कौशिक नितिन मिश्रा स्काउट मास्टर विशाल शर्मा एनसीसी कैडेट्स स्काउट छात्र और एन एस एस छात्र उपस्थित रहे।

## बुग्गावाला थाने में धूमधाम से मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**बुग्गावाला।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बुग्गावाला थाना परिसर और क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर थाने में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे स्टाफ ने गांधीजी और शास्त्रीजी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में भी विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक और भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से दोनों महापुरुषों के जीवन और उनके आदर्शों को याद किया। बच्चों ने स्वच्छता, अहिंसा और सादगी के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। शिक्षक रश्मि चौधरी ओर अमित चौधरी ने गांधीजी के सत्य और अहिंसा के मार्ग तथा शास्त्रीजी के "जय जवान, जय किसान" के नारे की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लेकर महापुरुषों के योगदान को नमन किया।

### गांधी जयंती पर कई दर्जन युवाओं ने किया रक्तदान

## विधायक फुरकान ने किया रक्तवीरों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर कई दर्जन युवाओं ने रक्त दान सिविर लगाकर रक्तदान किया इस अवसर पर कलियर विधायक हाजी फुरकान ने रक्त वीरों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की

विधायक फुरकान ने कहा कि आजादी के महानायक महात्मा गांधी जी वे लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती वे बुराई पर अच्छाई की जीत के त्यौहार विजयदशमी के अवसर पर। तथा उत्तराखंड आंदोलनकारी शहीदों वे रामपुर तिराहा कांड को याद करते हुए। ग्राम बढ़ेड़ी राजपूतान के युवाओं ने रक्तदान कर महात्मा गांधी की हिंदू मुस्लिम एकता की सोच को आगे बढ़ते हुए। बड़ी तादाद में हिस्सा लिया। तथा 51 युवाओं ने रक्तदान किया इस अवसर पर विधानसभा पिरान करियर विधायक फुरकान अहमद जी ने युवाओं को सम्मानित करने का कार्य किया। मौके पर जिम्मेदार साथी रक्त दान शिविर में उपस्थित रहे।



सभी का दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा किया।

## लंढौरा चेयरमैन ने गांधी जयंती पर छात्राओं व पर्यावरण मित्रों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**लंढौरा।** महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर पंचायत द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता में अव्वल रही छात्राओं तथा नगर को स्वच्छ बनाने में अहम भूमिका निभाते वाले पर्यावरण मित्रों को प्रशस्ति पत्र व पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पर्यावरण मित्रों को भी सम्मानित किया गया। लंढौरा नगर पंचायत की ओर से राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वछता कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई थी। इसमें कक्षा दस की छात्रा सादिया ने प्रथम आशिया ने द्वितीय और रिजा नाज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया था। कक्षा नौ में नबिया ने पहला, साजिरा ने दूसरा और सना सय्याद ने तीसरा स्थान हासिल किया था। कक्षा आठ में सादिया प्रथम, रिपानसी द्वितीय और सिदरा तृतीय स्थान पर रही। कक्षा सात में प्रियांशी फर्स्ट, जोया सेकिंड और आयशा थर्ड नंबर पर रही। कक्षा छह में गरिमा ने पहला, अक्शा ने दूसरा और अलवीरा ने तीसरा स्थान हासिल किया। गुरुवार को नगर पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद नसीम ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं



को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान पर्यावरण मित्रों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ईओ हेमंत गुप्ता, सफाई निरीक्षक आदेश कुमार, समाजसेवी हाजी सलीम, सभासद समद, राजेश वालिया, मुज्जमिल, फरमान, चौ० यशविंद्र, रब्बान, अजीत सिंह लिपिक अब्दुल रहमान, अमित तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## गोवंशीय बछड़े को क्रूरतापूर्वक ले जाने पर दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के ईमलीखेड़ा में पुलिस ने गोवंशीय बछड़े के मोटरसाइकिल पर क्रूरता पूर्वक ले जाने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार की रात पुलिस गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक एक बछड़े को मोटरसाइकिल पर क्रूरतापूर्वक पैर बांधकर ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम आशु और शहजाद निवासी ईमलीखेड़ा बताया।पुलिस ने बछड़े को मुक्त कर उसके पैर में बंधी रस्सी खोली। साथ ही इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल को भी कब्जे में ले लिया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## शादी में कार व दहेज कम देने पर विवाहिता का उत्पीड़न, 6 पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र की एक महिला से शादी में दान दहेज कार की मांग पूरी न होने पर भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति सास ननद देवर सहित 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पिरान कलियर के बेड़पुर निवासी आस मोहम्मद ने तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन रेशमा की शादी 17 नवंबर 2021 को शाहरुख निवासी रतनपुर थाना बहादराबाद के साथ हुई थी। शादी में उन्होंने दान दहेज के साथ मोटरसाइकिल दी थी।लेकिन शादी के बाद से ही पति शाहरुख, सास ओर ससुराल वाले दहेज में कार लाने की मांग करने लगे।दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी बहन रेशमा के साथ मारपीट गाली गलौज और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। 23 नवंबर 2023 को कलियर थाने में दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता हुआ था। जिसमें रेशमा को परेशान न करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन इसके बावजूद मारपीट उत्पीड़न जारी रहा। इसी दौरान उसका पति शाहरुख सऊदी अरब चला गया और पत्नी बच्चे की जिम्मेदारी उठाने से किनारा कर लिया।अब ससुराल वाले उसकी रेशमा को घर में नहीं रहने दे रहे है।और उसके पति शाहरुख की शादी कहीं ओर करने की धमकी दे रहे हैं।उत्पीड़न से मजबूर होकर उसकी बहन रेशमा डेढ़ साल के बेटे अल्तमश के साथ मायके में रह रही है।पीड़ित महिला के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि भाई की तहरीर पर महिला के पति शाहरुख, सास अजरूनी, ननद हुसनो व कौसर, भाई इंतजार, भाभी रुबिना के खिलाफ दहेज उत्पीड़न,मारपीट जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## अज्ञात चोरों ने तीन घरों में किया लाखों की नकदी जेवरात पर हाथ साफ

**मंगलौर।** नगर के मोहल्ला टोली में अज्ञात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाते हुए चार लाख की नकदी व मोबाइल चोरी कर लिया हैं। एक ही रात में तीन घरों में चोरी की वारदात से लोगों में दहशत का माहौल हैं।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही हैं। बुधवार की रात को मोहल्ला टोली निवासी नसीम परिवार के साथ घर में सोया हुआ था। देर रात को बदमाश उसके घर में घुस गए और अलमारी में रखी 3 लाख 85 हजार रुपए चोरी कर लिये। इस वारदात के बाद बदमाश शमीम के घर में दाखिल हो गए। यहां से बदमाश उसकी कमीज में रखे 17 हजार चोरी कर लिये।

## तमंचे के बल पर कंपनी कर्मचारियों को लूटा

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**पिरान कलियर।** बहादराबाद कंपनी से काम कर लौट रहे दो युवकों के साथ तीन अज्ञात बदमाशों ने तमंचे के बल पर सोने की चेन, अंगूठी, मोबाइल फोन और नगदी लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बहादराबाद कंपनी से काम कर लौट रहे दो युवकों के साथ तीन अज्ञात बदमाशों ने तमंचे के बल पर लूटपाटी की है। रुड़की के कृष्णा नगर निवासी विशांत सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 30 सितंबर को वह बहादराबाद की एक कंपनी में काम करता है। ड्यूटी खत्म होने के बाद वह अपने साथी सुनील निवासी मेहवड़ खुर्द उर्फ नागल के साथ बाईक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह बाजुहेड़ी गांव के पास ईंट भट्ठे के समीप निर्माणाधीन हाईवे से गुजर रहे थे। तभी सामने से पैदल आ रहे तीन युवकों ने उनकी बाईक को रोक लिया।इसके बाद बदमाशों ने तमंचा दिखाकर दोनों के साथ मारपीट करते हुए उनसे आईफोन , सोने की चेन अंगूठी छिन ली। वहीं उसके साथी सुनील से भी मोबाईल फोन और नगदी छीन ली। इसके बाद आरोपी बाईक की चाबी दूर फेंककर जंगल की ओर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाओं ने दिखाया दम, 1600 मी. अंकित व 600 में अब्दुल ने बाजी मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता।।**

**भगवानपुर।** उत्तराखंड। अचीवर्स स्पोर्ट्स अकैडमी करौंदी के मैदान पर गांधी जयंती के अवसर पर दौड़ प्रतियोगिता में खेल प्रतिभाओं ने अपना दम खम दिखाया। गांधी जयंती के अवसर पर मुख्यमुख्य अतिथि उत्तराखंड कांग्रेस के महासचिव अफरीदी जलील ने उपस्थित होकर खेल प्रतिभाओं एवं खेल प्रेमियों का मनोबल बढ़ाया इस अवसर पर उन्होंने महात्मा गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डाला और गांधी दर्शन पर चर्चा की उन्होंने वृक्ष भी लगाया मुख्य अतिथि का स्वागत अचीवर्स स्पोर्ट्स अकैडमी करौंदी के निदेशक राजकुमार सिद्धू ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं पौधा देकर किया। मंच पर परवेज फिरोज खान डॉक्टर मोहम्मद शोएब ने उपस्थित होकर मन बढ़ाया। प्रतियोगिता में 600 मीटर बालक जूनियर वर्ग में अब्दुल समद ने प्रथम स्थान, अहमद ने दूसरा स्थान एवं अनिरुद्ध ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में 1600 मी में अंकित कुमार ने प्रथमस्थान, गोपीचंद ने दूसरा स्थान एवं तीसरा स्थान अमनप्राप्त किया। इस अवसर पर तनवीर मलिक, अब्दुल रहमान एवं आलोक द्विवेदी ने उपस्थित होकर प्रतियोगिता में सहयोग दिया। अंत में अचीवर्स स्पोर्ट्स अकैडमी के निदेशक राजकुमार सिद्धू ने सभी का आभार प्रकट किया एवं गांधी जयंती के अवसर पर सभी खेल प्रेमियों एवं खेल प्रतिभाओं को शुभकामनाएं दी।

## बुराई पर सच्चाई की जीत धूं-धूंकर जला रावण

### पुलिस प्रशासन की चप्पे चप्पे पर रही नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र नगर पालिका परिषद शुगर फैक्ट्री लक्सर में धूप धूकर जला रावण बुराई पर सच्चाई की जीत नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू ने कहा कि यह जो रामलीला में दृश्य दिखाए जाते हैं यह बिल्कुल सही और सत्य हैं उन्होंने कहा राम के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए और धर्म लाभ उठाना चाहिए उन्होंने कहा आज बुराई पर सच्चाई की जीत हो गई है रावण का दहन हो गया है वही रामलीला के प्रधान विशाल चौधरी ने कहा कि जितना भी हमसे हुआ है हमने कोई कमी नहीं की है उन्होंने कहा जिस तरह से हमारे पुरखों ने बताया और रामलीला में दिखाया गया यही सच्चाई है उन्होंने कहा राम के बताए हुए रास्ते पर चलकर हमें धर्म लाभ उठाना चाहिए और अपने बच्चों को भी बताना चाहिए उन्होंने कहा आज बुराई पर सच्चाई की जीत हुई है वहां पर जो मुख्य व्यक्ति मौजूद रहे उनमें राहुल अग्रवाल रतेंद्र



तिवारी विशाल चौधरी आदि सैकड़ो राम भक्त मौजूद रहे।

## जयंती पर गांधी व शास्त्री को भाजपाइयों ने किया याद

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**रुड़की।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गांधी और शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभी ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड सरकार के राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी शामिल रहे। जिला अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने सत्य और अहिंसा के अद्वितीय सिद्धांतों से पूरी दुनिया को एक नई दिशा दी। उनका जीवन आज भी हमें सादगी, सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि गांधी के विचार केवल भारत के लिए ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रकाशपुंज हैं।

राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का जीवन देशभक्ति, सादगी और निष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा देकर देश को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया। आज उनके विचार हमारे लिए उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उस दौर में थे। उन्होंने कहा कि गांधी और शास्त्री दोनों ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा और देशवासियों को कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हमें महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए और समाज में प्रेम, भाईचारे एवं सेवा की भावना को और अधिक मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सागर गोयल एवं अक्षय प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मुनीश सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष अनीस गौड, जिला उपाध्यक्ष संजय अरोड़ा,भीम सिंह, संजीव तोमर, जिला मंत्री सतीश सैनी, तेजपाल मौर्य, प्रतिभा चौहान, गीता मलिक,मीडिया प्रभारी पंकज नंदा, गौरव कौशिक,एडवोकेट बृजेश त्यागी, अशोक आर्य, मनोज मेहरा , आदित्य रोड,अवनीश त्यागी, विकास प्रजापति,मंडल अध्यक्ष एडवोकेट संदीप पुरी, ध्रुव गुप्ता ,सुधीर चौधरी, अफजाल अली, यूसुफ अली,ममता राणा, मंजू रावत, पुष्पा एथानी ,सर्वेश गोस्वामी, अनुज अत्रे, मोहित राष्ट्रवादी आदि उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025

# घर में घिर रहे ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने के फैसले के बाद अब खुद अमेरिका आार्थिक संकट से बुरी तरह जूझ रहा है। ट्रम्प लगातार दूसरे दिन सरकार को फंड देने वाला बिल पास नहीं करा पाए हैं। इससे गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गया है। कृषि विभाग, श्रम विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लायब्रेरी ऑफ कांग्रेस, सुप्रीम कोर्ट, फेडरल कोर्ट, अमेरिकी बॉटनिकल गार्डन, पर्यावरण संरक्षण एजेंसी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान जैसी कई संस्थाओं और विभागों के ऑफिस बंद हो गए हैं। ट्रम्प भले ही हर बार यही कह रहे हों कि उनकी ओर से लगाए गए टैरिफ देशहित में हैं, लेकिन इसका असर अब उनके यहां काम करने वाले कर्मचारियों पर भी दिखने लगा है। हालात ये हैं कि अमेरिका की ट्रम्प सरकार अब शटडाउन के हालात से जूझ रही है। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसद बजट पर सहमति बनाने में नाकाम रहे हैं, जिसके बाद सरकारी कामकाज एक अक्टूबर से ठप हो गया है। इस गतिरोध ने पूरे देश में दिक्कतें खड़ी कर दी हैं। हवाई यात्रा से लेकर चिड़ियाघर तक, लगभग हर क्षेत्र इससे प्रभावित दिख रहे हैं। इस शटडाउन से सबसे ज्यादा मार सरक. ारी कर्मचारियों पर पड़ी है। करीब 40 प्रतिशत यानी साढ़े सात लाख कर्मचारी बिना वेतन के घर बैठने को मजबूर हो गए हैं। सुरक्षा और सीमा से जुड़े अधिकारी, अस्पतालों का स्टाफ और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर जैसे जरूरी कर्मचारी डड्ूटी तो करेंगे, लेकिन उन्हें वेतन तभी मिलेगा जब शटडाउन खत्म होगा। पिछले शटडाउन में कई कर्मचारियों ने दूसरी अस्थायी नौकरियां तक पकड़ ली थीं। जब अमेरिकी सीनेट (संसद) से साल का फंडिंग बिल पास नहीं होता, तो कुछ खर्चे रोकने पड़ते हैं। इसे ही शटडाउन कहा जाता है। इस दौरान सरकार के कुछ काम बंद हो जाते हैं। शटडाउन का असर सोशल सिक्योरिटी से लेकर एयर ट्रैवल सहित कई चीजों पर पड़ता है। यह टकराव हेल्थकेयर सब्सिडी और मेडिकेड फंडिंग को लेकर है। ट्रम्प की पार्टी मेडिकेड में कटौती चाहती है, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी सब्सिडी बढ़ाने की मांग कर रही है। डेमोक्रेट्स का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, वे खर्च से जुड़े बिल को मंजूरी नहीं देंगे। अमेरिका की सीनेट में फंडिंग बिल पास कराने के लिए 60 वोट चाहिए थे, लेकिन ट्रम्प की पार्टी को सिर्फ 55 वोट ही मिल पाए जबकि विरोध में 47 वोट पड़े। सीनेट में 100 सदस्य हैं, जिनमें 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट्स और 2 निर्दलीय सांसद शामिल हैं। इस नतीजे से बिल पास नहीं हो सका। बता दें कि साल 2018 में भी ट्रम्प सरकार को ऐसे ही हालात झेलने पड़े थे, जब अमेरिका-मैक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाने के लिए फंडिंग नहीं मिल पाई थी। उस वक्त शटडाउन 35 दिनों तक चला था। अमेरिका में नया वित्तीय वर्ष 1 अक्टूबर से शुरू होता है। अगर समय पर फंडिंग बिल पास नहीं हुआ, तो करीब 8 लाख सरकारी कर्मचारी बिना वेतन छुट्टी पर भेजे जा सकते हैं। अमेरिका में हुए शटहाउन का सबसे ज्यादा असर रक्षा विभाग के कर्मचारियों पर पड़ता दिख रहा है। लगभग 3.34 लाख कर्मचारियों को फर्लो पर भेजा गया है, जबकि करीब 4 लाख को ड्यूटी पर रखा गया है।

## भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं



भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को लोकतंत्र की जरूरत है, लेकिन वर्तमान समय में यह व्यवस्था सभी तरफ से दबाव और हमले झेल रही है, भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं है, चीन एक केंद्रीकृत और एकरूप प्रणाली पर चलता है, भारत विकेंद्रीकृत है, यहां कई भाषाएं, धर्म और परंपराएं हैं,भारत का सिस्टम बहुत जटिल है, हमारी ताकत इसी विविधता में है, हम चीन की तरह लोगों को दबाकर तानाशाही नहीं चला सकते, भारत का ढांचा लोकतांत्रिक है और इसे वही तरीका चाहिए, जिसमें सबको जगह और सम्मान मिले, भारत एक संवाद है, जहां अलग-अलग धर्म, विचार और परंपराएं साथ रहती हैं।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा


# राहुल की कोलंबिया यात्रा से चीन तक



पवन सिंह

देश के मेंन स्ट्रीम मीडिया और आई टी सेल ने मिलकर जितना नुकसान भारत का किया है, उतना कोई बदनाम खुफिया एजेंसी ने कर सकी। झूठे नैरेटिव सेट करना और उन्हें फ्लोट करना व मूल सवालों से मुंह चुराते हुए भाग जाना जैसी नापाक हरकतों ने इस मुल्क के सामा. जिक, आर्थिक राजनीतिक, धार्मिक और सामरिक हितों को बहुत गहरे नुकसान पहुंचाया है। अब राहुल गांधी के कोलंबिया दौरे पर एक घटिया नैरेटिव सेट किया जा रहा है। वैसे एक नया फैशन चल निकला है। आपने सवाल पूछें नहीं कि आप देशद्रोही हुए। वो सब देशद्रोही हैं जो 89 तक गिर चुकी भारतीय करेंसी पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो लाखों हेक्टेयर जंगल काटने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही है जो अडानी को पूरा देश लुटा देने पर सवाल करते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो चीन द्वारा समूचे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को चबा जाने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो आपरेशन सिंदूर के सच को जानते हैं और सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं कि एक क्यूबा जैसे देश के नागरिकों को अमेरिका हथकड़ी लगाकर भेजने की हिम्मत न कर सका लेकिन भारतीयों को जानवरों की तरह सैन्य विमान में भर कर हथकड़ी लगाकर फेंक दिया। भारत की धरती पर सैन्य परिवहन विमान उतरा और भारत सरकार की हैसियत नहीं थी कि रोक ले। एक भी पड़ोसी देश भारत के साथ न खड़ा हुआ। वो सब देशद्रोही हैं जो यह सवाल करते हैं कि एक के बाद एक संवैधानिक संस्थाओं को तबाह क्यों किया गया। वो सब देशद्रोही हैं जो जानना चाहते हैं कि बीफ निर्यात में भारत नंबर वन क्यों हुआ। बीफ कंपनियों से चंदा क्यों लिया। वो सब देशद्रोही हैं जो यह सवाल करते हैं कि पूनावाला के साथ क्या धंधा तय हुआ। राफेल की फाइल क्यों और कैसे गायब हुई। ऐसा कौन सा सच था जो मनोहर परिकर जान गए थे। रूपाणी और गुजरात वायु दुर्घटना का सच क्या है। चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत का सच क्या है? पुलवामा क्या था? देवेन्द्र सिंह कहां गायब है? तत्कालीन सीआरपीएफ अभय प्रताप सिंह का छन्नीरामा कैंप को लेकर लिखा गया खत कहां गया? चीन ने अरुणाचल प्रदेश और लेह लद्दाख में कितनी जमीन हथिया ली। वामपंथ अपराध है? समाजवाद अपराध है? सेक्युलरिज्म अपराध है? ये अपराध है तो भगवापंथ क्या है? ऐसा कोई देश आपको विश्व में नहीं मिलेगा जो अपने देश के राष्ट्रपति/प्रधानमंत्री के विदेश आगमन पर इवेंट करवाकर ढोल मंजीरे बजवाता हो? उसमें एक दो भावुक होकर रोने वाले कलाकारों की जमात भी होती है। जिन्हें कैमरामैन शानदार तरीके से कवर करते हैं। कभी आपने चीन, अमेरिका, रूस, जापान, फ्रांस, जर्मनी के राजनयिकों को फोटोबाजी/शोशेबाजी करते देखा है? विभिन्न देशों के राजनयिक अपने देश के लिए यात्राएं करते हैं कुछ ऐसे भी होते हैं जो केवल अपने मित्र के लिए यात्राएं करते हैं। केन्या, आस्ट्रेलिया, लंका का मामला तो खुल ही चुका है। आखिरकार क्या कारण हैं कि भारतियों पर विदेशों में हमले अप्रत्याशित रूप से बढ़े हैं? कभी गो बैक इंडियन्स के नारे नहीं लगे। भारतियों को विदेशों में गजब का सम्मान मिलता रहा और अब अचानक उनसे नफरत क्यों बढ़ गई? रिजर्व बैंक से बार-बार रिजर्व फंड आखिरकार क्यों निकाला जा रहा है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश कैसे बन गया? जब क्रूड आयल सस्ता है तो प्रति लीटर 65-66 रुपये का मुनाफाखोरी क्यों और किसके लिए? इलेक्ट्रोलर बांड का क्या खेल है?

आइए कोलंबिया पर भी बात कर लेते हैं कोलंबिया के साथ न तो भारत का कभी कोई युद्ध हुआ न ही कोलंबिया ने भारत पर कोई टैरिफ ठोका, लेकिन जिस चीन ने भारत को गहरी चोट दी बतौर गुजरात के मुख्यमंत्री आदरणीय मोदी जी आठ बार चीन क्यों गए? केंद्र की सत्ता में आने के 6 सालों के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 18 बार मुलाकात हो चुकी है। पाकिस्तान बिरयानी खाने क्यों गए? कोलंबिया ड्रग्स सप्लाई करता है चलो ठीक है लेकिन 2014 से 2024 के 10 वर्षों में सात गुना बढ़ोजरी के साथ 24 लाख किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई। ड्रग्स कौन भेज रहा है और कहां आप रही है? एक खास पोर्ट पर करोड़ों की ड्रग्स पकड़ी गई। कौन गिरफ्तार हुआ? कहां गई ड्रग्स? भारत के प्रभुत्व वाला सार्क संगठन चीन ने अंदरखाने कैसे भोथरा कर दिया? चीन से आगाह करने वाले वांगचुक को गिरफ्तार क्यों किया गया?




जबरदस्त माउंटेन स्ट्राइकर गोरखाओं की सैन्य भर्तियां बंद क्यों? चार साल की सेना में नौकरी क्यों? भारत में बेरोजगारी अपने चरम पर क्यों?

अब तो कोई पड़ोसी तक नहीं सुनता है। भारत सरकार ने लंका से कहा कि हंबनटोटा बंद. रगाह पर चीन का सबसे शक्तिशाली टोही पोत को लंगर न डालने दे। इससे भारत की सुरक्षा को खतरा है। लंका ने ठेंगा दिखा दिया। नेपाल चीनी प्रभाव में चला गया। बांग्लादेश और मालदीव कन्नी काट गए। भूटान पर भी जबरदस्त चीनी प्रभाव है। चलते-चलते। अर्थव्यवस्था की छीछालेदर करेंगे। रोजी-रोजगार का सत्यानाश करेंगे। बेरोजगारी को महिमान्वित करेंगे, महंगाई पर खामोश रहेंगे और मुनाफाखोरों के साथ गलबहियां करेंगे। युवा नौकरियां मांगेगा तो लाठीचार्ज करेंगे और फिर कहेंगे कि जनता को भड़काया जा रहा है?

एक चुटकी मैं ले लूं और पूछ रहा हूं कि पीडीपी के साथ सरकार क्यों बनाई? कहीं कोई तो मानक व नैतिकता बरकरार रहती।

**वो सब देशद्रोही हैं जो 89 तक गिर चुकी भारतीय करेंसी पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो लाखों हेक्टेयर जंगल काटने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही है जो अडानी को पूरा देश लुटा देने पर सवाल करते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो चीन द्वारा समूचे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को चबा जाने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो आपरेशन सिंदूर के सच को जानते हैं और सवाल उठाते हैं।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मौसम से बचे तो सड़क पर कसैला होता है कश्मीरी सेब



पंकज चतुर्वेदी

बीते कुछ सालों से जलवायु परिवर्तन की मार से बेहाल धरती के स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर पर संकट मंडरा रहा है कि कहीं यहां का किसान सेबफल की बागवानी से तौबा न कर ले। पहले देर तक गर्मी पड़ी, फिर कम बर्फबारी और वह भी अल्प दिनों के लिए, इस सब विपदाओं से जूझते हुए जब शरद ऋतु के पतझड़ में उम्मीद के सेबफल आए तो रास्तों में लगे लम्बे जाम ने पुरे साल की मेहनत को सड़क पर फैंकने को मजबूर कर दिया। हालांकि इस साल कश्मीर का सेब दिल्ली तक रेल से लाने का प्रयोग हुआ है लेकिन इस सेवा का लाभ बहुत कम लोगों तक ही पहुंच पा रहा है।

भादो विदा हुआ तो पुलवामा, सौपोर, शोपियां जैसे जिलों में बर्फ गिरने से पहले पेड़ों पर लाल-गुलाबी और सुनहरे सेबफल झुमने लगे। इस समय सारा अपरिवर एकजुट हो कर पहले सेब तोड़ता है, फिर उसे छंटता है और लकड़ी की पेटियों में सुरक्षित पैक करता है। फिर इन्हें ट्रकों में चढ़ा दिया जाता है। इस साल अगस्त के आखिरी हफ्ते में जम आकर बरसात हुई और कश्मीर को जम्मू से जोड़ने वाले एकमात्र 270 किलोमीटर आल वेदर रोड पर नासिरी, उधमपुर सहित दर्जनों जगह इतना भूस्खलन हुआ कि कोई तीन हफ्ते रास्ता बंद रहा। इस बीच कोई दस हजार ट्रक सड़कों पर फंसे रहे, जिन गाड़ियों से बदबू आने लगती, सेब को आसपास की घटी में लुढ़का कर निराश लोग वापस आने की सोचते। उधर पुराना मुगल रोड इसके लायक नहीं रहता कि बरसात में उससे भारी वाहन ले जाए जा सकें। सौपोर को सेबफल की सबसे बड़ी मंडी कहा जाता है। कभी यहां इस समय कंधे छीलने वाली भीड़ और लोगों का शोर होता था। इस समय यहां सन्नाटा है, जो लोग हैं भी तो उनके चेहरे पर खुशी नहीं हैं। बम्पर फसल ले कर आए किसान कि चिंता है कि दाम सही नहीं मिलेगा। कारण, रास्ते बंद हैं और ऐसे में सड़क पर माल फेंकने से बेहतर है बड़े डीलर को औने-पौने दाम पर बेच दिया जाए। डिलेशियस एप्पल के दाम 1200 रुपया पेटी से घट कर 600 हो गए, जबकि जल्दी सड़ने वाले गल्ला और किसेट के तो खरीदार नहीं हैं। मजदूर के पास काम नहीं है तो ढुलाई करने वाले ट्रक चालक इंतजार का रहे हैं कि रास्ते खुलने की खबर आए। अभी 17 सितम्बर से रास्ता खुला तो हफ्ते भर तो जाम में फंसे ट्रकों को निकलने में ही लगेगा। संकट केवल इतना ही नहीं हैं, माल ढुलाई के दाम तिगुने से अधिक हो गए, साढ़े तीन सौ रुपए पेटी। जो ट्रक टूटे फूटे मुगल रोड से जाने को राजी है तो उनका भाडा ज्यादा है। शोपियां से नगर के 48 किलोमीटर वाले हाईवे पर अब सड़क नहीं दिख रही। चारों तरफ सेब की पेटियां और उससे निकलती बदबू का साम्राज्य हैं जिनके बीच कौए उछलते-कूदते दिख रहे हैं। जान लें यह दृश्य पिछले साल भी इसी समय ऐसा ही था।

कश्मीर में कोई 35 लाख लोग सेबफल के उत्पादन से जुड़े हैं जिसका सालाना व्यापार 11 हजार करोड़ का है। बदलते मौसम का मिजाज किस तरह आम लोगों के जीवन को प्रभावित करता है, इसकी कड़वी सच्चाई कश्मीर के बागानों में दिख जाती है। हालांकि इस साल कश्मीर में ट्रेन पहुंचने से उम्मीद की एक किरन तो जागी है, लेकिन उसकी अपनी व्यावहारिक दिक्कते हैं। 17 सितम्बर को बड़गाम से आठ बोगियों में सेब लेकर कार्गो पार्सल ट्रेन कोई 23 घंटे में सुबह लगभग सवा छह बजे दिल्ली के आदर्श नगर रेलवे पहुंची लेकिन वहां से बमुश्किल आधा किलोमीटर आजादपुर मंडी तक माल पहुंचने में पांच घंटे लगे। लालफीता शाही के चलते कंटेनर की चाबी आने, माल ढुलाई के लिए वाहनों की अनुमति आदि में इतना समय लग गया। दिल्ली-एनसीआर की सबसे बड़ी आजादपुर फल-सब्जी मंडी में प्रतिदिन तीन से लेकर साढ़े तीन हजार टन सेब की प्रतिदिन की मांग है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से सामान्यत: हर रोज लगभग तीन सौ ट्रक सेब लेकर आजादपुर मंडी पहुंचते हैं। एक ट्रक में औसतन 10 से लेकर 14 टन सेब लाने की क्षमता है। पार्सल ट्रेन में पहले दिन सात बोगी में 161 टन व दूसरे दिन आठ बोगी में 184 टन सेब बड़गाम से दिल्ली पहुंच पाया है। फिर उधर कश्मीर में भे बडगाम से शोपियां की दूरी कोई 57 किलोमीटर है और उसके लिए ढुलाई और मजदूरी देना पड़ता हैं। इससे लागत पर असर पड़ रहा हैं। यदि सेब को दिल्ली के अलावा अन्य किसी शहर को भेजा जाना है तो एक बार फिर नए सिरे से ढुलाई होगी। कश्मीर के कुछ लोगो सुझाव देते हैं कि राज्य में कोल्ड स्टोरेज क्षमता बढ़ाई जाए। इस समय शोपियां, अनंतनाग, नगर और पुलवामा में कोई 85 कोल्ड स्टोरेज हैं जिनकी क्षमता चार लाख मेट्रिक टन है। अब यहां 20 किलो की एक पेटी को चार महीने के लिए रखने का किराया 180 रुपये होता है। अधिकांश कोल्ड स्टोरेज को बड़े डीलर पूरा बुक कर लेते हैं और आम किसान को अवसर मिलता नहीं। वैसे भी किराया उर और बार-बार मॉल ढुलाई के व्यय से बढे दाम बाजार में मिलते नहीं। जान लें सितम्बर में यदि माल रखा तो उसे दिसम्बर में उठाना होगा और उस समय भारी बर्फबारी के कारण फिर से सड़क-रास्ते विपदा में होते हैं और फलों की खपत भी कम हो जाती है। फिर कश्मीर के पारम्परिक सेब के मुकाबले में बाजार में वाशिंगटन एप्पल है जो लम्बे समय तक खराब नहीं होता और उसकी उपरी चमक ज्यादा होती हैं।

# मोदी से डरना बंद कीजिए, भागवत से खौफ खाइए



श्रवण गर्ग

देश को किस एक व्यक्ति की महत्वाकांक्षाओं को लेकर ज्यादा चिंतित होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यवाह मोहन भागवत की। मोदी की महत्वाकांक्षाएं उनके संघी अतीत पर हावी वर्तमान की भूमिका को देखते हुए नितांत 'व्यक्तिगत' और तात्कालिक स्वार्थ से प्रेरित नजर आती है। दूसरी ओर, हिंदुत्व और हिन्दू राष्ट्र की किसी भी कीमत पर स्थापना के प्रति भागवत की प्रतिबद्धता और आक्रामकता को देखते हुए उनकी महत्वाकांक्षाएं ज्यादा 'सामूहिक' और दीर्घकालिक उद्देश्यों से प्रेरित दिखाई पड़ती हैं। भागवत और मोदी दोनों ने अपने मंतव्य उजागर कर दिए हैं कि वे अनिश्चितकाल के लिए अपने पदों पर बने रहना चाहते हैं। भागवत ऐसा संघ के प्रावधानों के अनुसार करना चाहते हैं और मोदी अपनी इच्छा देश पर थोप कर भी ऐसा करना चाहते हैं। जिस तरह के संकेत मोदी इस समय दे रहे हैं उसके अनुसार उनकी 'इच्छा सत्ता' की आकांक्षा की पूर्ति में भागवत की भूमिका अति महत्वपूर्ण हो गई है।



भागवत द्वारा जारी संकेतों को 'डीकोड' करना हो तो संघ के उद्देश्यों 'हिंदू समुदाय को मजबूत करने के लिए हिंदुत्व की विचारधारा को फैलाना और भारतीय संस्कृति और उसके सभ्यागत मूल्यों को बनाए रखने के लिए आदर्श को बढ़ावा देना' की प्राप्ति के लिए मोदी की जरूरत अब क्षीण अथवा समाप्त हो चुकी है। संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों को लेकर भागवत के उत्साह और संगठन के विकास में संघ-प्रमुख के योगदान के प्रति मोदी द्वारा लगातार व्यक्त किए जा रहे समर्पण भरे उद्गारों को इसी परिप्रेक्ष्य में पढ़ा भी जा सकता है। साल 2024 के लोकसभा चुनाव-परिणामों को लेकर तब किए गए दावों और कार्य-योजना के अनुरूप मोदी के नेतृत्व में बीजेपी को अगर चार सौ सीटें प्राप्त हो ही जातीं तो दोनों नेताओं की भूमिकाएं बदल भी सकतीं थीं। संघ और विपक्ष के भाग्य से वैसा हो नहीं पाया। शताब्दी वर्ष के दौरान संघ की गतिविधियों को व्यापक बनाने की रणनीति के पीछे भागवत की इस चिंता को पढ़ा जा सकता है कि तमाम दबावों के बावजूद मोदी अगर नेतृत्व का हस्तांतरण नहीं करते हैं तो संगठन का यथासंभव विस्तार अगले चुनावों (2029) के पहले तक पूरा कर लिया जाना चाहिए। देश की समस्त महत्वपूर्ण संस्थाओंध्संस्थानों में संघ के स्वयंसेवकों के प्रवेश और उन पर उनके नियंत्रण को लेकर राहुल गांधी कई बार चिंताएं व्यक्त करे चुके हैं। जाहिर है भागवत राहुल गांधी की चिंताओं से भी वाकिफ हैं और स्वयं के इस खौफ से भी कि केंद्र की सत्ता अगर बीजेपी के हाथ से खिसक गई तो उसका संघ के अस्तित्व पर क्या प्रभाव पड़ सकता है ? अपने शताब्दी वर्ष में संघ की योजना है कि संगठन की शाखाओं की संख्या को साठ हजार से बढ़ाकर एक लाख तक पहुंच दिया जाए।

आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि अपनी रणनीति के क्रियान्वयन में भागवत ने उन समर्पित और तपे-'तपाए गए' संघी-भाजपाइयों को जोड़ा है जो मोदी से नाराज हैं, जिन्हें लगभग निष्क्रिय 'मार्गदर्शक मण्डल' में खदेड़ दिया गया था। डॉ मुरली मनोहर जोशी को हाल में दिल्ली में आयोजित महत्वपूर्ण संगोष्ठी में भागवत द्वारा दिया गया सम्मान इसका ताजा उदाहरण है। भागवत जिस मूड में और मोदी जिस मुद्रा में हैं उसके अर्थ यह अर्थ भी निकाले जा सकते हैं कि उपराष्ट्रपति के पद पर संघ-समर्पित व्यक्तित्व की नियुक्ति से हुई शुरुआत अब थमने वाली नहीं है।

बीजेपी और संघ के क्षेत्रों में अवश्य ही गौर किया गया होगा कि भागवत के पचहत्तरवें जन्मदिन 11 सितंबर पर मोदी ने तो उनकी तारीफ में एक बड़ा आलेख लिखा जिसे देश भर के अखब्बारों ने 'अनिवार्य' समझकर प्रकाशित भी किया।इसके पूर्व पंद्रह अगस्त को लाल कघ्लि से किए गए अपने संबा. ेधन में मोदी संघ के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा कर चुके थे। इसके विपरीत 17 सितंबर को जब मोदी ने पचहत्तर वर्ष पूरे किए तो देश पीएम के नाम भागवत के शुभकामना संदेश को तलाशता रह गया। जो नजर आ रहा है वह यह है कि मोदी की कमर संघ के सामने झुक रही है और भागवत का सीना छप्पन इंच का हो रहा है।

सही पूछा जाए तो देश को इस समय मोदी द्वारा सत्ता बचाने के लिए किए जा रहे असफल रक्षात्मक टोटकों से डरने के बजाय भागवत की सफल होतीं आक्रामक रणनीतियों से ज्यादा खौफ खाना चाहिए। भागवत और मोदी दोनों के बारे में जितना ज्ञान सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है उसमें एक बात उल्लेखनीय रूप से शामिल है कि दोनों ही नेता अपने प्रति व्यक्त किए गए सम्मान-असम्मान का चुकारा करना कभी नहीं भूलते। अत: दोनों नेताओं के बीच दिखाई पड़ रहे परस्पर अथवा एकतरफा सम्मान-प्रदर्शन को किसी आगामी शक्ति-प्रदर्शन के नतीजों तक के लिए 'सीजफायर' ही समझा जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अमेरिका में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन के बीच टकराव बढ़ा


# साढ़े सात लाख कर्मचारी छुट्टी पर भेजे

### अमेरिकी सीनेट में शटडाउन खत्म करने का बिल दूसरी बार भी खारिज, कई सरकारी ऑफिस बंद हुए

**वाशिंगटन।** अमेरिका में करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार दूसरे दिन सरकार को फंड देने वाला बिल पास नहीं करा पाए हैं। इससे गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गया है।

कृषि विभाग, श्रम विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लायब्रेरी आफ कांग्रेस, सुप्रीम कोर्ट, फेडरल कोर्ट, अमेरिकी बाटनिकल गार्डन, पर्यावरण संरक्षण एजेंसी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान जैसी कई संस्थाओं और विभागों के आफिस बंद हो गए हैं। फंडिंग बिल पर दूसरी बार वोटिंग हुई। बिल के समर्थन में एक बार फिर से 55 और विरोध में 45 वोट पड़े।

इसे पास कराने के लिए 60 वोटों की जरूरत थी। इससे पहले मंगलवार को हुई वोटिंग में भी बिल पास नहीं हो पाया था, जिसके बाद अमेरिका में शटडाउन लागू हो गया। बुधवार देर रात पहले डेमोक्रेट्स के फंडिंग बिल पर वोट डाले गए, जिसमें वे स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी मांगें शामिल करना चाहते थे। इसके पक्ष में 46 और विरोध में 53 वोट पड़े। ये बिल भी पास नहीं हो पाया। सीनेट को अगले दो दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। अब शुक्रवार को बिल पर एक बार फिर वोटिंग होगी। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और 2 निर्दलीय सांसद हैं। दोनों निर्दलियों ने बिल के समर्थन में वोटिंग की। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसदों का समर्थन जरूरी था, लेकिन डेमोक्रेट्स ने बिल के खिलाफ वोट किया।



- फंडिंग बिल पर दूसरी बार वोटिंग हुई, बिल के समर्थन में एक बार फिर से 55 और विरोध में 45 वोट पड़े
- 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और दो निर्दलीय सांसद हैं

#### मेजोरिटी लीडर जॉन थ्यून:

डेमोक्रेट्स ने अपने कट्टर वामपंथी समर्थकों के सामने झुककर संघीय सरकार को बंद कर दिया। सेना, बार्डर पेट्रोल एजेंट और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर बिना वेतन के काम कर रहे हैं। डेमोक्रेट्स ने अमेरिकी लोगों को बंधक बना लिया है। उन्हें लगता है कि इससे उन्हें राजनीतिक रूप से लाभ होगा।

#### माइनॉरिटी लीडर चक शूमर:

डोनाल्ड ट्रम्प और रिपब्लिकन ने हमें शटडाउन की ओर धकेल दिया है। वे अमेरिका के स्वास्थ्य देखभाल की रक्षा से इनकार करते हैं। रिपब्लिकन, डेमोक्रेट्स को उनकी स्वास्थ्य देखभाल मांगों से पीछे हटने के लिए धमका नहीं पाएंगे।

#### स्पीकर माइक जॉनसन:

यह सब पूरी तरह से टाला जा सकता था। डेमोक्रेट्स को वही साधारण फंडिंग बिल पास करना चाहिए जो हाउस में पास हुआ था। सरकार का खुला रहना या दोबारा खुलना पूरी तरह उनके हाथ में है। वाशिंगटन में सरकारी शटडाउन के बाद नेशनल आर्काइव्स के सामने ब्सवेम का बोर्ड लगा है। अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है। अमेरिका में 2019 के बाद सरकारी शटडाउन लगा है। इससे पहले ट्रम्प के कार्यकाल में ही 35 दिन का शटडाउन लगा था।



चेन्नई। महात्मा गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करतीं छात्राएं।

# इजरायल ने पूर्व पाक सांसद को किया गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजरायल ने पाकिस्तान के पूर्व सीनेटर मुश्ताक अहमद खान को बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया है। वे पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग के साथ राहत सामग्री से लदे 13 जहाज लेकर गाजा जा रहे थे। इस छापेमारी में ग्रेट समेत 37 देशों के 150 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। ये सभी 47 जहाज वाले समुद्र फ्लोटिला (जहाजी बेड़े) का हिस्सा हैं।

इनका मकसद इजरायल की नाकाबंदी तोड़कर गाजा में मदद पहुंचाना है। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी जहाज सुरक्षित रोक लिए गए हैं और यात्री इजरायली बंदरगाह पर भेजे जा रहे हैं। मंत्रालय ने यह भी पुष्टि की कि ग्रेटा थनबर्ग और उनके साथी सुरक्षित और स्वस्थ हैं। फ्लोटिला के प्रवक्ताओं का कहना है कि यह अभियान गाजा तक मानवीय सहायता पहुंचाने और इजरायल की नाकाबंदी को तोड़ने के लिए शुरू किया गया था। प्रवक्ता सैफ अबुकेशेक ने बताया कि अब तक 13 जहाजों को रोका जा चुका है, लेकिन करीब 30 जहाज अभी भी समुद्र में हैं और गाजा पहुंचने के लिए रास्ते में हैं। उन्होंने बताया कि रात 8:30 बजे (गाजा के समय के मुताबिक) कुछ जहाजों को इजरायली फोर्स ने रोककर कब्जे में ले लिया। इसके बाद कई जहाजों से संपर्क भी टूट गया।

- पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग भी हिरासत में, राहत सामग्री से लदे जहाज लेकर गाजा जा रहे थे

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण अफ्रीका के राजदूत पेरिस होटल के नीचे मृत पाए गए

**पेरिस।** दक्षिण अफ्रीका के राजदूत नकोसिनथी इमैनुएल नाथी मथेथ्वा फ्रांस के पेरिस होटल के नीचे मृत पाए गए हैं। इस हादसे के बाद फ्रांस के वकील उनकी मौत की कड़ियों को जोड़ने के लिए सबूत जुटाने में लगे हुए हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, शुरुआती जांच में अधिकारियों ने कहा कि सोमवार को मथेथ्वा पेरिस के ऊंचे होटल से नीचे गिर गए थे।

### डबलिन में भारतीय दूतावास ने गांधी जयंती मनाई

**डबलिन।** आयरलैंड की राजधानी डबलिन में कार्यरत भारतीय दूतावास में महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर राजदूत अखिलेश मिश्र ने वहां उपस्थित लोगों को बापू के विचारों के बारे में बताया और कहा कि भारतीय समाज में फैलती बहुआयामी असहिष्णुता और बढ़ते विद्वेषपूर्ण राजनीतिक ध्रुवीकरण को शांत करने के लिए गांधी जी के तीन अराजनीतिक विचार अत्यन्त प्रासंगिक हैं।

### पिछले तीन दशकों में वृद्धजनों की संख्या दोगुनी हुई

**न्यूयार्क।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस प्रत्येक वर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि पिछले तीन दशकों में 60 वर्ष या उससे अधिक की आयु के लोगों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा बढ़कर 1.2 अरब हो गई है और 2050 तक इसके 2.1 अरब तक पहुंचने का अनुमान है।

# कट्टरपंथी को बढ़ावा दे रहा पाक

**जिनेवा।** पाकिस्तान का यूरोपीय देशों में मिला व्यापार प्राथमिकता वाले देश का दर्जा छिन सकता है। दरअसल यूरोप के कई सांसदों ने पाकिस्तान में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन, कट्टरपंथ को बढ़ावा देने जैसे आरोप लगाए। यूरोपीय सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान के व्यापार प्राथमिकता वाले जीएसपी प्लस दर्जे को अस्थाई तौर पर वापस ले लेना चाहिए और पाकिस्तान द्वारा कट्टरपंथ पर रोक लगाने के बाद ही इसे बहाल किया जाना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 60वें सत्र से इतर एक कार्यक्रम में यूरोपीय संसद की सदस्य बारबरा बोन्टे ने यूरोपीय संघ को चेताया कि यूरोप द्वारा पाकिस्तान को शिक्षा के लिए दी जा रही आर्थिक मदद वहां चरमपंथ और धार्मिक शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में बड़ी संख्या में मदरसे खुल रहे हैं, जो धार्मिक कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ द्वारा विकासशील देशों को सतत विकास और सुशासन के लिए सामान्ईकृत वरीयता योजना प्लस (जीएसपी+) का दर्जा दिया जाता है। इसके तहत विकासशील देशों को मानवाधिकार, श्रम अधिकार, पर्यावरण, सुशासन आदि पर अंतर्राष्ट्रीय नियमों का पालन सुनिश्चित करना होता है। इसके बदले में यूरोपीय संघ के देश जीएसपी प्लस दर्जा प्राप्त देशों से होने वाले आयात पर आयात शुल्क घटाकर शून्य कर देते हैं। पाकिस्तान को जीएसपी प्लस दर्जे से काफी फायदा होता है और उसका सामान बिना किसी शुल्क के यूरोपीय संघ के देशों के बाजार में पहुंचता है।

- यूरोपीय सांसदों ने की जीएसपी प्लस दर्जा खत्म करने की मांग

# कतर पर हमला अब अमेरिका पर माना जाएगा

### इजरायली हमले के बाद ट्रम्प ने सुरक्षा गारंटी दी, नेतन्याहू से माफी भी मंगवाई थी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें कहा गया है कि अगर कतर पर किसी भी तरह का हमला होता है तो अमेरिका उसकी रक्षा करेगा। आदेश में कहा गया है कि कतर पर हमला अमेरिका की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा माना जाएगा।

इसमें यह भी जोड़ा गया है कि हमले की स्थिति में अमेरिका सभी तरह के उपाय करने के लिए तैयार रहेगा, चाहे वो राजनयिक हों, आर्थिक हों या फिर जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई ही क्यों न करनी पड़े। इजरायल ने 9 सितम्बर को दोहा में हमास आतंकियों को निशाना बनाकर हमला किया था, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद ट्रम्प पर कतर की सुरक्षा का दबाव बढ़ गया था। इसके बाद ट्रम्प ने 29 सितम्बर को इजरायली पीएम नेतन्याहू से कतर के पीएम शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी को फोन कराकर माफी भी मंगवाई थी। नेतन्याहू तब ट्रम्प ने मिलने व्हाइट हाउस पहुंचे थे। एक दिन बाद व्हाइट हाउस ने इससे जुड़ी तस्वीरें भी जारी की। ट्रम्प के कार्यकारी आदेश पर दस्तखत करने के फैसले के बाद कतर के विदेश मंत्रालय ने इसे दोनों देशों के रक्षा संबंधों को मजबूत करने वाला कदम बताया। कतर के मशहूर चैनल अल-जजीरा ने इसे इजरायली हमले के बाद सुरक्षा की अमेरिकी गारंटी करार दिया। इससे पहले ट्रम्प ने कतर के शासक शेख तमीम बिन हमद अल थानी से भी फोन पर बातचीत भी की। हालांकि व्हाइट हाउस ने बातचीत की डिटेल शेयर नहीं की, लेकिन कतर ने कहा कि दोनों नेताओं ने गाजा युद्ध में सीजफायर की कोशिशों पर चर्चा की ट्रम्प के कतर को सुरक्षा गारंटी देने की अहमियत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अमेरिका में आमतौर पर किसी भी रक्षा संधि को कानूनी रूप से मान्यता देने के लिए संसद की मंजूरी जरूरी होती है। हालांकि कई बार राष्ट्रपति खुद ही ऐसे समझौते कर लेते हैं, जैसे बराक ओबामा ने संसद की मंजूरी के बिना ही 2015 में ईरान के साथ परमाणु समझौता किया था। लेकिन आखिर में सैन्य कार्रवाई करना या न करना पूरी तरह राष्ट्रपति के हाथ में होता है। यही वजह है कि ट्रम्प के इस आदेश को लेकर संदेह बना हुआ है, क्योंकि पहले भी उनके कार्यकाल में नाटो जैसे पुराने समझौतों की विश्वसनीयता पर सवाल उठ चुके हैं। ट्रम्प के फैसले की अमेरिका में आलोचना भी हुई। ट्रम्प की करीबी और विवादित दक्षिणपंथी कार्यकर्ता लारा लूमर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'मैं कतर के लिए मरना नहीं चाहती, क्या आप चाहते हैं?' वाल स्ट्रीट जर्नल के संपादकीय बोर्ड ने भी इसे बिना सार्वजनिक बहस के अचानक लिया गया फैसला बताया।



हमले की स्थिति में अमेरिका सभी तरह के उपाय करने के लिए तैयार रहेगा, चाहे वो राजनयिक हों, या आर्थिक हों

### 130 फलस्तीन एक्शन समर्थकों पर आतंकवाद का लगा आरोप

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में प्रतिबंधित फिलीस्तीन समर्थक समूह 'फिलीस्तीन एक्शन' के 134 समर्थकों पर आतंकवादी संगठन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। लंदन पुलिस ने यह जानकारी दी है। इस समूह को ब्रिटेन में उस समय आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था जब फलस्तीन एक्शन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन जुलाई में शुरू किए गए थे। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कल एक बयान में कहा कि कुल 20 और लोगों के खिलाफ आरोप लगाये गए है। मेट के आतंकवाद निरोधी कमान के अधिकारियों ने इन लोगों को गिरफ्तार किया और प्रतिबंधित समूह फलस्तीन एक्शन को समर्थन देने की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

# POK में 25 पाक सैनिकों को बंधक बनाया

### सब्सिडी कटौती का विरोध तय हुआ, सेना के रास्ते बंद किए, आंदोलन में 10 की मौत, 100 घायल

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बुनियादी जरूरतों पर सब्सिडी कटौती का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों के 25 सैनिकों को बंधक बना लिया है। इन जवानों को मानव ढाल की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे सुरक्षा बल कोई सीधी कार्रवाई नहीं कर पा रहे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि खुफिया एजेंसियां आंदोलन को तोड़ने के लिए गुप्त हमले करा रही हैं। सादे कपड़ों में आए अज्ञात लोग नेताओं को निशाना बनाते हैं और भीड़ में अफरातफरी फैलाते हैं। चार दिन जारी इन प्रदर्शनों में अब तक 10 लोग मारे जा चुके हैं और 100 घायल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कल बाघ जिले के धीरकोट में 4 लोग मारे गए, मुजफ्फराबाद में 2 और मीरपुर में 2 मौतें हुईं। ये प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर जाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) की अपील पर हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई कंट्रोल न कर पाने का आरोप लगा रहे हैं। लोगों का हुजूम आज पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च कर रहा है। इन्होंने सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें पीओके विधानसभा की 12 रिजर्व सीटें खत्म करने की मांग शामिल है। सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें 3 प्रमुख हैं- पाकिस्तान में बसे कश्मीरी शरणार्थियों के लिए बनी 12 विधानसभा सीटें खत्म करने की मांग। बिजली परियोजनाओं में लोकल लोगों के फायदे को ध्यान रखा जाए। आटे और बिजली के बिलों पर छूट देने की मांग, क्योंकि महंगाई से लोग परेशान हैं। गुरुवार सुबह भी प्रदर्शन का पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च जारी रहा। पीओके में सेना की गोलीबारी में मारे गए लोगों के लिए प्रार्थना की गई। ये सीटें भारत के हिस्से वाले जम्मू-कश्मीर के शरणार्थियों या प्रवासियों के लिए आरक्षित हैं। ये लोग 1947, 1965, 1971 युद्ध या बाद के संघर्षों की वजह से भारत से पीओके चले गए थे। आरक्षित सीटों के कारण स्थानीय आबादी का प्रतिनिधित्व कम हो जाता है। स्थानीय लोग चाहते हैं कि उनकी समस्याओं और जरूरतों के लिए अधिक विधायक चुने जाएं। जेकेजेएएसी का कहना है कि रिजर्व सीटें होने से कुछ ही परिवारों को फायदा मिल रहा है। जेकेजेएएसी नेता शौकत नवाज मीर ने कहा-यह सरकार राक्षस बन चुकी है। यह अपने ही लोगों को मार रही है, मीडिया को चुप कर रही है और हम पर गोलीबारी कर रही है।



# भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाक को किया बेनकाब

### मानवाधिकारों में सबसे खराब रिकॉर्ड वाला देश बताया

**जिनेवा।** भारत ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 60वें सत्र में मानवाधिकारों के मुद्दे पर पाकिस्तान के पाखंड को बेनकाब किया। भारत ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को उजागर करते हुए उसकी तीखी आलोचना की।

भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने कहा कि यह विडंबना ही है कि मानवाधिकारों के मामले में सबसे खराब रिकॉर्ड वाला देश दूसरे देशों को उपदेश देने की कोशिश कर रहा है। भारतीय राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने मानवाधिकार परिषद की 34वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वे (पाकिस्तान) भारत के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगाकर इस मंच का दुरुपयोग करते हैं, जो उनके पाखंड को ही उजागर करता है। दुष्प्रचार का सहारा लेने के बजाय, पाकिस्तान को अपने ही देश में हो रहे धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों के खिलाफ 'राज्य प्रायोजित उत्पीड़न और व्यवस्थित भेदभाव' की तरफ देखना चाहिए। गौरतलब है कि मानवाधिकार परिषद का यह सत्र ऐसे समय आयोजित हो रहा है, जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में असंतोष के हालात हैं और बीते कई दिनों से वहां विरोध प्रदर्शन और हिंसा हो रही है, जिसमें कई लोगों की हत्या कर दी गई है। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) के प्रवक्ता नासिर अजीज खान ने यूएनएचआरसी को संबोधित करते हुए, पीओके में पाकिस्तान के बढ़ते दमन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग की। खान ने पीओके में हालिया विरोध प्रदर्शनों पर बात की, जिसमें 29 सितम्बर को संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के नेतृत्व में पूर्ण बंद और चक्का जाम हड़ताल की गई। उन्होंने इस्लामाबाद पर असहमति को दबाने के लिए सेना तैनात करने, इंटरनेट सेवाएं बंद करने और संचार व्यवस्था ठप करने का आरोप लगाया। खान ने कहा कि पीओजेके में 30 लाख से ज्यादा कश्मीरी घेरे में हैं, जबकि विदेशों में 20 लाख लोग अपने परिवारों से कटे हुए हैं। पीओके में बिजली की दरों में कमी, सब्सिडी वाले गेहूं के आटे और बेहतर स्वास्थ्य सेवा जैसी मांगों को लेकर कई दिनों से विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं।

- भारत ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को उजागर किया

# 500 अरब डॉलर का आंकड़ा छूने वाले पहले शख्स बने मस्क




**वाशिंगटन।** टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क दुनिया के पहले ऐसे व्यक्ति बन गए हैं, जिनकी कुल संपत्ति 500 अरब डॉलर तक पहुंच गई। यह उपलब्धि उन्हें टेस्ला के शेयरों में तेजी और उनकी दूसरी टेक कंपनियों के तेजी से बढ़ते मूल्यांकन की वजह से मिली। फोर्ब्स के अरबपतियों की सूची के अनुसार, बुधवार शाम सवा चार बजे (पश्चिमी समयानुसार) तक मस्क की संपत्ति 500.1 अरब डॉलर थी। मस्क की संपत्ति का बड़ा हिस्सा टेस्ला से जुड़ा है। 15 सितम्बर तक मस्क के पास टेस्ला में 12.4 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी थी। टेस्ला के शेयर इस साल अब तक 14 फीसदी से ज्यादा बढ़े हैं और इसमें 3.3 फीसदी की और तेजी आई, जिससे मस्क की संपत्ति में एक दिन में छह अरब डॉलर से ज्यादा का इजाफा हुआ। साल की शुरुआत में टेस्ला के शेयरों में गिरावट देखी गई थी। लेकिन अब उनमें फिर से मजबूती आई है। निवेशकों का भरोसा तब और बढ़ा, जब मस्क ने फिर से अपने कारोबार की ओर ध्यान देना शुरू किया है। टेस्ला के निदेशक मंडल की अध्यक्ष राबिन डेनहोल्म ने पिछले महीने कहा था कि मस्क अब कंपनी में फिर से पूरी तरह से सक्रिय हो चुके हैं। इससे पहले वह कुछ महीनों तक व्हाइट हाउस से जुड़े कामों में व्यस्त थे। इसके कुछ ही दिन बाद मस्क ने करीब एक अरब डॉलर के टेस्ला शेयर खरीदने की जानकारी दी, जो टेस्ला के भविष्य को लेकर उनके मजबूत भरोसे को दिखाता है। कंपनी अब पारंपरिक कार निर्माता से आगे बढ़कर एआई और रोबोटिक्स की दुनिया में बड़ी ताकत बनने की दिशा में काम कर रही है। हालांकि, कारों की घटती बिक्री और लगातार मुनाफे पर दबाव की वजह से टेस्ला के शेयरों को नुकसान हुआ है। इसी कारण शमैग्निफिसेंट सेवनश कहे जाने वाले बड़ी टेक कंपनियों के समूह में इसके शेयर सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाले शेयरों में से एक रहे हैं। टेस्ला के निदेशक मंडल ने पिछले महीने एलन मस्क के लिए एक ट्रिलियन डॉलर (लगभग 83 लाख करोड़ रुपये) की मुआवजा योजना प्रस्तावित किया था

फोर्ब्स के अरबपतियों की सूची के अनुसार एक ही दिन में छह अरब डॉलर से ज्यादा का इजाफा

### पीओके में गोलीबारी में आठ प्रदर्शनकारियों की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के कई शहरों और कस्बों में गरीबी और बदइंतजामी से नाराज होकर सड़क पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाक सुरक्षा बलों की गोलीबारी की अलग-अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार जम्मू और कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेकेएएसी) के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर के आह्वान पर इन नाराज लोगों ने कई इलाकों से मुजफ्फराबाद की ओर एक लंबा मार्च शुरू किया था। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार कोटली इलाके में रावलकोट और बाग से मुजफ्फराबाद की ओर कूच कर रहा करीब दो हजार लोगों का काफिला जब धीरकोट इलाके में पहुंचा तो पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी करनी शुरू कर दी। इस घटना में चार नागरिक मारे गए और लगभग सोलह घायल हो गए। धीरकोट में हुई हिंसा के विरोध में जब मुजफ्फराबाद के लाल चौक पर लोगों ने धरना दिया तो पुलिस ने धरना दे रहे इन लोगों पर गोलीबारी की और आंसू गैस के गोले दागे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108